

मध्यप्रदेश 2025-26

# बजट

# हरिभूमि बजट भूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

न त्वहं कामये राज्यम, न स्वर्ग न पुनर्भवम।
कामये दुःख तप्तानां, प्राणिनामार्त्तनाशनम् ।।

अर्थात, मैं राज्य की कामना नहीं करता, मुझे स्वर्ग और मोक्ष नहीं चाहिए। दुःख से पीड़ित प्राणियों के दुःख दूर करने में सहायक हो सकूं, यही मेरी कामना है।

**वित्त मंत्री बोले**

**यही जुनून, यही एक, ख्वाब मेरा है वहां चिराग जला दूं जहां अंधेरा है**

**आंकड़े नहीं विश्वास लिखा है हमने अब आकाश लिखा है**



बजट नया है, पर शामिल कुछ पुरानी ख्वाहिशें हैं, प्रस्तावित बजट में, हमारी कुछ नई आजमाइशें हैं, जनता व जन प्रतिनिधियों की बेशुमार फरमाइशें हैं कर सकें हम सभी पूरी, ये हमारी कोशिशें हैं

## विकास का बही-खाता

| नारी कल्याण | | किसान कल्याण | | शिक्षा | | अधोसंरचना | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 हजार 669 करोड़ | जल जीवन मिशन 17 हजार 136 करोड़ | 5 हजार 220 करोड़ | केन बेतवा योजना 24 हजार 293 करोड़ | 7 हजार 134 करोड़ | सीएम राइज स्कूल 3 हजार 68 करोड़ | 85 हजार 76 करोड़ | ऊर्जा क्षेत्र 19 हजार करोड़ |

**इस बार साइज**
**4 लाख 21 हजार 32 लाख करोड़**

**आगे लक्ष्य :** जीएसडीपी को 2 ट्रिलियन डॉलर करना, प्रति व्यक्ति आय 22 लाख 35 हजार पहुंचाना

**1 घंटा 34 मिनट तक बजट भाषण पढ़ा**

**मप्र में पहली बार जीरो वेस्ड बजटिंग प्रणाली से बजट तैयार किया गया**

◆ मोहन सरकार ने समाज के चार प्रमुख वर्गों के लिए खोला खजाना, ताकि बन सके 'विकसित मप्र'

| गरीब (जी) | 16000 | अन्नदाता (ए) | 58000 |
|---|---|---|---|
| यूथ (वाई) | 5000 | नारी (एन) | 27798 |

# मोहन का 'ज्ञान'

## जगदीश ने रखा 'मान'




## सबका साथ सबका विकास





### स्वास्थ्य

पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा के लिए हर विस में हैलीपैड

- आयुष्मान भारत 2 हजार 39 करोड़
- सीएम केयर के तहत गंभीर बीमारियों का इलाज होगा



### पीएम आवास योजना

**4400 करोड़**

- मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के तहत पशुपालन को बढ़ावा दिया जाएगा
- पंचायतों के विकास के लिए 6 हजार 7 करोड़ का प्रावधान



### जनजाति बहुल क्षेत्र

**47000 करोड़ का प्रावधान**

- 11 हजार 377 गांवों का कायाकल्प
- छिंदवाड़ा और जबलपुर संग्रहालय का विस्तारीकरण



### सड़क

**85 हजार 76 करोड़**

- उज्जैन, इंदौर एवं आसपास के क्षेत्र, मुंबई-दिल्ली 8-लेन कॉरिडोर से जुड़ेंगे



### भोपाल-इंदौर मेट्रो

**850 करोड़**

- व्यापमं चौराहे पर 53 करोड़ से नया फ्लाई ओवर बनेगा



### हवाई पट्टी

- हवाई पट्टियों के निर्माण के लिए 100 करोड़
- कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास का निर्माण, चार क्षेत्रों में 5 हजार हॉस्टल बनेंगे

**हरिभूमि टीम ⏩भोपाल**

वित्त और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 4 लाख 21 हजार 032 करोड़ रुपए का वार्षिक बजट विधानसभा में पेश कर दिया। यह पिछले वर्ष के बजट से 15 फीसदी अधिक है। बजट पूरी तरह से गरीब, युवा, किसान, महिला (जीवायएएन) पर फोकस है।

मोहन सरकार का मानना है कि इस ज्ञान से प्रदेश के विकास को गति मिलेगी और मप्र विकसित मप्र बन सकेगा। मप्र में पहली बार जीरो वेस्ड बजटिंग प्रणाली से बजट तैयार किया गया है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने बजट पेश करने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि बजट में 1500 से अधिक सुझावों को शामिल किया गया। बड़ी संख्या में विषय विशेषज्ञों की मदद ली गई। सरकार का सुविचारित व दृढ़ लक्ष्य विकसित मप्र बनाना है। बजट में विकसित मप्र-2047 का विजन डाक्यूमेंट तैयार किया गया है।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि हमारा लक्ष्य 2047 तक सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) को बढ़ाकर 2 ट्रिलियन डॉलर करना है। प्रति व्यक्ति आय भी 22 लाख 35 हजार रुपए पहुंचाना है। ⏩शेष पेज 04 पर

1 इस बार का बजट पिछले वर्ष के बजट से 15 फीसदी अधिक

2 बजट में 1500 से अधिक सुझावों को शामिल किया गया

3 बजट में विकसित मप्र-2047 का विजन डाक्यूमेंट तैयार किया गया



### हर राज्य लेता है कर्ज

*उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि विपक्ष कहता है कि जितना बजट है, उतना कर्ज है? उन्होंने कहा कि कर्ज लेकर पूंजीगत कार्य में खर्च करते हैं। कोई भी राज्य ऐसा नहीं है जो कर्ज नहीं लेता हो। यह अर्थव्यवस्था की एक प्रक्रिया होती है।*

### राजकोषीय घाटा बढ़ा 2,90, 879 करोड़ रुपए का राजस्व मिलेगा

*राजकोषीय घाटा बढ़कर 78,902 करोड़ रुपए हो गया है। यह जीएसडीपी का 4.66 फीसदी है। वर्ष 2021-22 में यह 37,947 करोड़ रुपए, 22-23 में 42,203, 23-24 में 44,485 वर्ष 2024-25 में 62,434 करोड़ रुपए था। पिछले पांच वर्षों से लगातार बढ़ोतरी हुई है।*

**रुपया कहां जाता (किस पर कितना खर्च)**

| | |
|---|---|
| अधोसंरचना | 17 फीसदी |
| कृषि | 9 |
| स्वास्थ्य | 12 |
| शिक्षा | 11 |
| सामाजिक क्षेत्र | 6 |
| नगरीय एवं ग्रामीण विकास | 12 |
| संस्कृति | 0.4 |
| रोजगार | 1 फीसदी |
| सामान्य सेवा | 9 |
| अन्य सेवाओं | 3 |
| ब्याज भुगतान | 7 |
| पेंशन | 7 |
| ऋण भुगतान | 7 फीसदी |

## बजट में GYAN का मंत्र

**G : गरीब**

- ⏩ प्रत्येक जिले में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन होगा। ये समिति जिले की विकास योजना का रोड मैप तैयार करेगी। इसमें सलाहकार शामिल किए जाएंगे।
- ⏩ जनजाति छात्रों के लिए आकंक्षा योजना के लिए 20 करोड़ 52 लाख का प्रस्ताव।
- ⏩ जनजातीय विकास के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रस्ताव
- ⏩ बजट में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए चार हजार 66 करोड़ रुपए का प्रस्ताव
- ⏩ गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के लिए मुख्यमंत्री समग्र परिवार योजना शुरू करने का ऐलान।
- ⏩ प्रदेश की शालाओं के उन्नयन के लिए 228 करोड़ रुपए का प्रावधान

**Y : युवा**

- ⏩ कौशल विकास के लिए लोकमाता अहिल्याबाई कौशल कार्यक्रम शुरू होगा
- ⏩ प्रदेश में नौ अंतरराष्ट्रीय हॉकी टर्फ बनाए जाएंगे
- ⏩ 25 करोड़ की लागत से एक सर्वसुविधा युक्त स्टेडियम बनाया जाएगा
- ⏩ बच्चों की शिक्षा के लिए 22 नए छात्रावास बनेंगे।
- ⏩ जनजातीय इलाकों में सीएम राइज स्कूल के लिए ⏩ शेष पेज 04

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव**

## समृद्ध मध्यप्रदेश के लिए अच्छा बजट



यह समृद्ध मध्यप्रदेश के लिए एक अच्छा बजट है। हम लगातार अपने संकल्प पत्र के अनुरूप आगे बढ़ रहे हैं। हमने गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपए का वादा किया है अभी दो साल में ही हम 2600 पर खरीद रहे हैं। अगले साल 2700 से ऊपर निकल जाएंगे। 4 लाख 21 हजार करोड़ के बजट में हमने कोई भी नया टैक्स जनता पर नहीं लगाया जिससे उस पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। हमने कोई योजना भी बंद नहीं की है। 2047 में ये बजट 250 लाख करोड़ रुपए का होगा जबकि प्रति व्यक्ति आय 22 लाख रुपए होगी।

**पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ**

## बातों के बताशे, जनहित सफाचट



प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने जो बजट पेश किया है उसमें सिर्फ बातों के बताशे बनाए गए हैं और जनहित का मुद्दा पूरी तरह सफाचट है। हद तो इस बात की है कि चुनाव के बाद दूसरा बजट पेश कर दिया गया लेकिन चुनाव में किए गए वादे अब तक नहीं निभाए गए। बहनें इस बात की प्रतीक्षा कर रही थीं कि बजट में उन्हें 3 हजार रुपए प्रति महीने लाड़ली बहना योजना में दिए जाने की घोषणा की जाएगी। लेकिन सरकार ने अपने चुनावी वादे के बारे में एक शब्द नहीं बोला। बजट में किसानों, गरीबों, अजा-जजा, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के अलावा स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी एक भी घोषणा पूरी करने का उल्लेख नहीं है।

## बजट में मेरे लिए क्या?

### मैं महिला



- लाड़ली बहनों के लिए 18 हजार करोड़ से ज्यादा की मदद
- आंगनबाड़ी सेवाओं के लिए 3 हजार 729 करोड़ का प्रावधान
- छात्राओं को साइकिल, स्कूटी के लिए 26 हजार 797 करोड़

### मैं किसान



- प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना शुरू
- सौर ऊर्जा का लाभ देने 447 करोड़ की मदद
- फसल बीमा योजना के लिए 2000 करोड़ का प्रावधान

### मैं विद्यार्थी



- 2300 नए प्राथमिक स्कूल खुलेंगे
- 19 हजार नए 362 शिक्षकों की भर्ती
- एमबीबीएस की सीटें : 400 बढ़ेंगी
- आयुर्वेदिक कॉलेज : 11 खुलेंगे

### मैं खिलाड़ी



- खेल उत्थान के लिए 56 खेल स्टेडियम खुलेंगे
- 7 सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक
- 18 विश्वस्तरीय हॉकी टर्फ

### मैं युवा



- डिजिटल विवि और राष्ट्रीय रक्षा विवि खुलेंगे
- 39 नए औद्योगिक क्षेत्रों से 3 लाख को रोजगार मिलेंगे

### और सांस्कृतिक पुनरुत्थान भी



- मध्यप्रदेश के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के 14 स्मारकों के निर्माण के लिए 507 करोड़ का प्रावधान
- श्रीकृष्ण पाथेय एवं रामपथ गमन के लिए क्रमशः 10 एवं 30 करोड़ का प्रावधान
- गीता भवन के लिए 100 करोड़ का प्रावधान, जिसमें ई लाइब्रेरी, पुस्तकालय एवं साहित्य सामग्री और बिक्री केंद्र स्थापित होंगे

## दो पूर्व वित्त मंत्रियों की नजर में बजट

## जनहित का बजट, इसमें सभी का ध्यान रखा गया



**जयंत मलैया**
पूर्व वित्त मंत्री

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट जनहित का बजट है, इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप महिला, गरीब, युवा और किसानों पर फोकस रखा गया है। बजट में किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई योजनाओं में बजट का प्रावधान किया गया है और युवाओं के रोजगार पर फोकस रखा गया है। लाड़ली बहना योजना के लिए राशि का प्रावधान कर इसे केंद्रीय योजनाओं के साथ जोड़ने की बात कही गई है। इससे महिलाओं को ज्यादा लाभ मिलेगा। कर्मचारियों के लिए केंद्र के सामान भत्तों की घोषणा कर उनकी नाराजगी दूर की गई है। ये बदलाव 13 साल बाद हो रहा है, जिसमें सभी भत्ते 7वें वेतनमान के आधार पर दिए जाएंगे। बजट में 11 नए आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल खोले जाने की घोषणा की गई है। उज्जैन सिंहस्थ के लिए 2000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इससे सिंहस्थ के सफल आयोजन में मदद मिलेगी। बजट में गाय और गोपालक का ध्यान रखा गया है। सरकार दूध उत्पादक किसानों को प्रति लीटर 5 रुपए बोनस देगी। गोशालाओं में गायों के आहार के लिए सहायता प्रति गाय 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए प्रतिदिन की है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और दूध उत्पादन के मामले में प्रदेश और समृद्ध होगा।

## इस बजट को कह सकते हैं...कुछ खट्टा-कुछ मीठा



**राघवजी**
पूर्व वित्त मंत्री

इस बार का प्रस्तुत बजट रुटीन है लेकिन 4 करोड़ 21 लाख का यह बजट अभी तक का सबसे बड़ा है। राजकोषीय घाटा 4.15 प्रतिशत से बढ़कर 4.66 हो गया है, यह चिंताजनक है। राजकोषीय घाटा बढ़ाने से बचना चाहिए था। अच्छे प्रावधानों में कृषि सिंचाई के लिए 24 प्रतिशत की वृद्धि आशाजनक है। चिकित्सा के क्षेत्र में 11 नए आयुर्वेद कॉलेज खोले जाने सहित बिस्तरों वाले आयुर्वेद अस्पतालों का प्रावधान है। पर्यटन बढ़ाने के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के 14 स्थानों को विकसित करने 500 करोड़ का प्रावधान करना अच्छा कदम है। बजट में शहरों में गीता भवनों को बनाने का प्रावधान करके मुख्यमंत्री मोहन यादव नई सोच भी लाए हैं। इन गीता भवनों में अध्ययन और अध्यात्मिक गतिविधियां होंगी। रामपथ के बाद कृष्ण पथ की बात भी नई है लेकिन बजट में प्रावधान बहुत कम 10 करोड़ का है। उज्जैन की तर्ज पर ओंकारेश्वर लोक बनाने का प्रावधान है। खाली पदों को भरने के लिए नई नियुक्तियों के प्रावधान पर कोई चर्चा नहीं है। उद्योग और रोजगार पैदा करने के लिए मुख्यमंत्री वर्षभर मेहनत करते रहे यह किसी छिपा नहीं है। कुल मिलाकर यह बजट कुछ खट्टा और कुछ मीठा कह सकते हैं।







## बजट में खास

**5500** करोड़ रुपए समग्र शिक्षा अभियान के लिए

**4686** करोड़ रुपए बजट में सीएम राइज को आवंटित

**4400** करोड़ रुपए प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवंटित

**4050** करोड़ रुपए राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के लिए आवंटित

**2000** करोड़ रुपए निवेश प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत किए गए आवंटित

**1550** करोड़ रुपए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत किए गए आवंटित

**1150** करोड़ रुपए प्रधानमंत्री सड़क योजना में निर्मित सड़कों के नवीनीकरण एवं उन्नयन



**1100** करोड़ रुपए प्रधानमंत्री जनमन योजना (आवास) के अंतर्गत किए गए आवंटित

**1100** करोड़ रुपए 11वीं, 12वीं एवं महाविद्यालय छात्रवृत्ति (2.50 लाख से अधिक आय वर्ग हेतु)

**1071** करोड़ रुपए अमृत 2.0 के अंतर्गत किए गए आवंटित

**1000** करोड़ रुपए प्रधानमंत्री आवास योजना (अर्बन) 2.0 के लिए

**850** करोड़ रुपए मेट्रो रेल के अंतर्गत आवंटित किए गए

*वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के सभी क्षेत्रों में औद्योगिक विकास के संतुलन के लिए गत एक वर्ष में प्रदेश में संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव के सफल आयोजन किए हैं। माह फरवरी, 2025 की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 89 एमओयू हस्ताक्षरित हुए तथा रुपए 26 लाख 61 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनके फलीभूत होने से 21 लाख से अधिक नवीन रोजगार सृजन संभावित हैं*





# 39 नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास से 3 लाख से अधिक रोजगार सृजन होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 39 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं। इनसे 3 लाख से अधिक रोजगार मिलेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए प्रदेश में डिजिटल यूनिवर्सिटी और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय खुलेगा। सरकार ने प्रदेश के सभी क्षेत्रों में औद्योगिक विकास के संतुलन के लिये गत एक वर्ष में प्रदेश में संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव के सफल आयोजन किए हैं। माह फरवरी, 2025 की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 89 एमओयू हस्ताक्षरित हुए तथा रुपए 26 लाख 61 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनके फलीभूत होने से 21 लाख से अधिक नवीन रोजगार सृजन संभावित हैं। इन निवेश प्रस्तावों के फॉलो-अप के लिए भी विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई है।

**डिजिटल यूनिवर्सिटी और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय खुलेगा**

**निवेश प्रस्तावों के फॉलो-अप के लिए भी विस्तृत कार्ययोजना**

### 1 लाख किलोमीटर सड़कें व 500 रेलवे ओवर ब्रिज बनेंगे

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि अगले 5 वर्ष में प्रदेश में 1 लाख किलोमीटर सड़क बनाने का लक्ष्य है। 500 रेलवे ओवर ब्रिज और फ्लाईओवर भी बनाए जाएंगे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में नई योजना 'क्षतिग्रस्त पुलों का पुनर्निर्माण' शुरू की जा रही है। इसके लिए 100 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। ऐसे गांव, जो मुख्य सड़क से दूर हैं या वहां तक सड़क उपलब्ध नहीं हैं, वहां 'मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना' प्रारंभ की जा रही है। इसके लिए 100 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान रखा गया है। इस वर्ष 3500 किलोमीटर नई सड़क और 70 पुल बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

### उज्जैन-जावरा 4-लेन का होगा निर्माण, मुंबई कॉरिडोर से जुड़ेगी

वित्त मंत्री ने कहा कि रोड नेटवर्क, एक्सप्रेस-वे, मेट्रो, एलिवेटेड कॉरिडोर जैसी अनेक परियोजनाओं के साथ प्रदेश अधोसंरचना विकास में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भोपाल, देवास, ग्वालियर, जबलपुर, सतना एवं इंदौर में एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण कार्य प्रगतिरत हैं। उज्जैन-जावरा 4-लेन के निर्माण से उज्जैन, इंदौर एवं आसपास के क्षेत्र, मुंबई-दिल्ली 8-लेन कॉरिडोर से जुड़ जाएंगे। 1 हजार 692 करोड़ की अनुमानित लागत के उज्जैन-इंदौर 6-लेन मार्ग का भूमि पूजन हो चुका है।



### सड़क निर्माण में नवीन तकनीक

प्रदेश में सड़क निर्माण में नवीन तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से फुल डेप्थ रिक्लेमेशन पद्धति द्वारा ग्वालियर, गुना, दतिया जिलों में सड़कों का निर्माण प्राथमिक तौर पर प्रारंभ किया गया है। जेट पैचर, वेगासिटी पैचर, इंफ्रारेड, माइक्रोसरफेसिंग पद्धति से सड़कों की मरम्मत, लाइट-टॉपिंग तकनीक से सीमेंट कांक्रीट सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। एक नवीन योजना 'निजी निवेश से संपत्ति का निर्माण' प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है।



### 10 हजार स्टार्टअप स्थापित होंगे

सरकार टियर-2 शहरों में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) को प्रोत्साहित कर रही है। एनिमेशन, विजुअल इफैक्ट, कॉमिक्स, सेमी कंडक्टर निर्माण इकाईयों तथा ड्रोन प्रौद्योगिकी के विस्तार के लिए नवीन नीतियां तैयार की गई हैं। 'मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना' के अंतर्गत इस वर्ष 5 हजार 675 लाभार्थियों को लगभग रुपए 378 करोड़ का ऋण प्रदान किया गया। सरकार ने स्टार्टअप नीति 2025 लागू की है, जिसके अंतर्गत 10 हजार स्टार्टअप स्थापित होने की संभावना है।

## रीजनल कनेक्टिविटी योजना से हवाई सफर आसान होगा

**शिवपुरी विमानतल के रूप में विकसित होगा**



प्रदेश में वायु सेवा के माध्यम से यात्रा सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे मप्र के शहरों और देश के महत्वपूर्ण शहरों के मध्य आवागमन शीघ्र तथा सुगम होगा। रीजनल कनेक्टिविटी योजना उड़ान के अंतर्गत छिंदवाड़ा, नीमच, शहडोल, शिवपुरी, खंडवा, मंडला, झाबुआ एवं उज्जैन हवाई पट्टियों का विकास हो रहा है। दतिया हवाई पट्टी को विमानतल के रूप में विकसित किया गया है। शिवपुरी हवाई पट्टी को विमानतल के रूप में विकसित किया जाएगा। रीवा विमानतल, प्रदेश का छठवां वाणिज्यिक विमानतल बनाया गया है। ग्वालियर विमानतल को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप दिया जा चुका है। उज्जैन हवाई पट्टी को हवाई कनेक्टिविटी के रूप में विस्तारित किया जाएगा।

**युवाओं के लिए कई योजनाएं**

मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना के अंतर्गत 500 करोड़, एडीबी परियोजना (कौशल विकास) के अंतर्गत 270 करोड़, स्वशासी तकनीकी संस्थाओं को सहायता के अंतर्गत 247 करोड़, पोलीटेक्निक संस्थाएं के अंतर्गत 232 करोड़, मुख्यमंत्री कौशल अप्रेंटिसशिप योजना के अंतर्गत 150 करोड़, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत 87 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

## 22 नए आईटीआई खोले जाएंगे

**प्रत्येक संभाग में मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी संस्थान खोले जाने का लक्ष्य**



जगदीश देवड़ा ने बताया कि आईआईटी इंदौर, आईआईटी जोधपुर एवं आईआईटी दिल्ली के साथ किए गए एमओयू के माध्यम से इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों हेतु प्रयोगशालाओं की विजिट, लर्निंग रिसोर्स सेंटर्स के उपयोग, निःशुल्क इंटर्नशिप तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों के क्षेत्र में ज्ञानार्जन के अवसर उपलब्ध हुए हैं। आईआईटी इंदौर के सहयोग से उज्जैन में डीप-टेक रिसर्च एंड डिस्कवरी कैम्पस स्थापित किया जा रहा है। आगामी पाँच वर्षों में प्रदेश के प्रत्येक संभाग में आईआईटी के स्वरूप की मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी संस्थान खोले जाने का लक्ष्य है। प्रदेश में डिजिटल यूनिवर्सिटी तथा राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के परिसर की स्थापना का भी हमारा लक्ष्य है। इस वर्ष आईटीआई विहीन 22 विकासखंडों में नवीन आईटीआई प्रारंभ करने की स्वीकृति दी गई है, जिससे प्रदेश में आईटीआई की संख्या बढ़कर 958 तथा प्रशिक्षण क्षमता कुल 1 लाख 21 हजार सीटों की हो गई है। विभिन्न आईटीआई में जनजातीय एवं परंपरागत कौशल, एक जिला एक उत्पाद से संबंधित पाठ्यक्रम तथा वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। शासकीय आईटीआई देवास, छिंदवाड़ा एवं धार में ग्रीन स्किलिंग से संबंधित पाठ्यक्रम, जैसे सोलर टेक्नीशियन एवं इलेक्ट्रिक व्हीकल मैकेनिक प्रारंभ किए गए हैं।

## हर विधानसभा क्षेत्र में बनेंगे सर्व-सुविधायुक्त स्टेडियम

वित्त मंत्री ने कहा कि 'खेलो इंडिया योजना' के तहत, उभरती प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर 'खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर' स्थापित किए गए हैं। वर्तमान में प्रदेश में 11 खेल अकादमियों में 18 खेलों की अंतरराष्ट्रीय स्तर की अधोसरंचना, उपकरण व प्रशिक्षण की सुविधायें उपलब्ध हैं। वर्तमान में 18 अंतरराष्ट्रीय हॉकी टर्फ, 7 सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक एवं 114 खेल स्टेडियम के अतिरिक्त 09 अंतरराष्ट्रीय हॉकी टर्फ, 05 सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक तथा 56 खेल स्टेडियम शीघ्र ही उपलब्ध होंगे। खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'सीएम युवा-शक्ति' योजना के अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों में कम से कम एक सर्वसुलभ एवं सर्वसुविधा संपन्न स्टेडियम सुनिश्चित किया जाएगा। इस योजना हेतु रुपए 25 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है। नवीन योजना 'परंपरागत खेलों को प्रोत्साहन' अंतर्गत प्रदेश के परम्परागत खेल यथा कबड्डी, खो-खो, गिल्ली-डंडा, शतरंज, कुश्ती, तीरंदाजी, गदा, पिट्ठू, कंचे आदि की प्रतियोगिताओं का आयोजन समस्त विकासखंडों में भारत सरकार एवं एनआईएस पटियाला के तत्वाधान में किया जावेगा।



### 'क्षतिग्रस्त पुलों का पुनर्निर्माण योजना' के लिए 100 करोड़

'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' अंतर्गत वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 1 हजार किलोमीटर सड़कों के निर्माण एवं लगभग 5 हजार 200 किलोमीटर सड़कों के नवीनीकरण का लक्ष्य पूर्ण होगा। 'मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना' के अंतर्गत अब तक 8 हजार 631 ग्रामों को, 19 हजार 472 किलोमीटर लंबाई की सड़कें निर्मित कर, बारहमासी मार्ग से जोड़ा जा चुका है। कुछ मार्गों के क्षतिग्रस्त हो जाने अथवा वर्षाकाल में जलमग्न हो जाने से बारहमासी सड़क संपर्क प्रभावित होता है, अतः एक नवीन योजना 'क्षतिग्रस्त पुलों का पुनर्निर्माण योजना' प्रारंभ की जा रही है। इस योजना के लिए वर्ष 2025-26 में 100 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है। सड़कों एवं पुलों के निर्माण एवं संधारण के लिए 16 हजार 436 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है।



**सड़कों एवं पुलों के निर्माण एवं संधारण के लिए 16 हजार 436 करोड़ का प्रावधान**

### 4 हजार 251 करोड़ के रेलवे ओवर ब्रिज बन रहे

नागरिक सुविधाओं एवं औद्योगीकरण में वृद्धि के दृष्टिगत वित्त वर्ष 2024-25 में 3 हजार 750 किलोमीटर सड़क निर्माण तथा उन्नयन, 850 किलोमीटर सड़क नवीनीकरण एवं 42 पुलों तथा रेल्वे ओवर ब्रिज के निर्माण पूर्ण किए गए हैं। रेल्वे क्रॉसिंग पर यातायात बाधित होने से समय एवं ईंधन के अपव्यय को रोकने हेतु रेल्वे ओवर ब्रिज (आरओबी) एवं रेल्वे अंडर ब्रिज (आरयूबी) के निर्माण कार्य रेल्वे से समन्वय कर प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। प्रदेश में 4 हजार 251 करोड़ लागत के कुल 116 नवीन रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। प्रदेश में आगामी 5 वर्षों में एक लाख किलोमीटर सड़क बनाई जाने का लक्ष्य है। इसी तरह प्रदेश में आगामी 5 वर्षों में 500 रेल ओवर ब्रिज एवं फ्लाईओवर निर्मित किए जाएंगे।



**वित्त वर्ष 2024-25 में 42 पुलों तथा रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण पूर्ण किए गए**

### पीएम ऊषा के तहत 565 करोड़ दिए

**बायोटेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संकाय शुरू किए गए**

प्रदेश में 'स्वामी विवेकानंद युवा-शक्ति मिशन' प्रारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से प्रदेश के युवाओं की विशिष्ट क्षमताओं का संवर्धन तथा दक्षता उन्नयन किया जाएगा। प्रदेश में शासकीय व निजी क्षेत्र में 73 विश्वविद्यालय एवं लगभग 1 हजार 400 महाविद्यालय हैं। 'प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस' के तहत प्रत्येक जिले में एक महाविद्यालय को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। इन कॉलेजों में बहुसंकायी पाठ्यक्रमों और नवीनतम विषयों जैसे बायोटेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरूआत को प्रदर्शित करती है। राज्य में उच्च शिक्षा का दायरा बढ़ाने के लिए खरगोन, गुना और सागर में तीन नए शासकीय विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई है। भवन विहीन महाविद्यालयों के लिए 133 नए भवनों के निर्माण तथा 192 महाविद्यालय भवनों के सुदृढ़ीकरण के कार्य भी प्रचलित हैं। पीएम ऊषा परियोजना के अंतर्गत इस वर्ष प्रदेश के 8 विश्वविद्यालयों तथा 27 महाविद्यालयों में अधोसंरचना विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान तथा महिलाओं के समानता और समावेशन को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न घटकों के अंतर्गत कुल राशि रुपए 565 करोड़ के कार्य किए जा रहे हैं।




## बजट पर इनका नजरिया

### युवाओं-महिलाओं के लिए उत्साहजनक बजट



**अरुणा सिंह**
को-फाउंडर
एन्साज क्रिएशन

इस बार सरकार का बजट युवा और महिलाओं पर केंद्रित रहा है। शिक्षा और रोजगार पर विशेष ध्यान दिया गया है। बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया और न ही पुराने टैक्स में कोई वृद्धि की गई, जिससे आम नागरिकों को राहत मिलेगी। शिक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रावधान बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की पढ़ाई को 73 विश्वविद्यालयों में शामिल करना एक दूरदर्शी कदम है, जो युवाओं को भविष्य की तकनीकों के लिए तैयार करेगा। सरकार लगातार स्टार्टअप्स और युवाओं को अपने आइडिया पर काम करने के लिए प्रेरित कर रही है। मैंने अपनी कंपनी की शुरुआत 10 लाख रुपए से की थी और आज हमारा वार्षिक टर्नओवर 50 लाख रुपए है। एन्साज क्रिएशन एजुकेशनल टॉयज का निर्माण करता है, जिससे बच्चे खेल-खेल में सीख सकें, उनका मानसिक विकास हो और वे नई स्किल्स हासिल कर सकें। हम लगातार नए इनोवेटिव प्रोडक्ट्स पर काम कर रहे हैं, जो बच्चों के लिए बेहद उपयोगी साबित होंगे। साथ ही, स्कूलों तक इन उत्पादों को पहुंचाने के लिए भी प्रयासरत हैं। अब तक 50 से अधिक प्रमुख संस्थानों के साथ मिलकर काम कर चुके हैं। सरकार से हमें इन्क्यूबेशन स्पेस और अन्य सहयोग भी मिला है, जिससे हमें आगे बढ़ने में मदद मिल रही है। यह बजट निश्चित रूप से युवाओं, स्टार्टअप्स और शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाने का कार्य करेगा।

### सरकार के बजट में सभी वर्गों का ध्यान



**कार्तिक साहू**
फाउंडर एवं डायरेक्टर
रेंटोजो डॉट कॉम

मैंने रेंटोजो डॉट कॉम की शुरूआत सोशल मीडिया के माध्यम से की थी और आज कंपनी का साला टर्नओवर करीब 35 से 40 लाख रूपए है। कंपनी रेंटल प्रापर्टी पर काम करती है। हमें सरकार की ओर से ऑफिस और सलाहकारों की बेहतर व्यवस्था की गई है। सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं के साथ ही युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर निर्णय किए जा रहे हैं। राज्य सरकार का बजट सभी वर्गों-युवा, महिला, उद्यमी, किसान और गरीब-को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। खास बात यह है कि इस बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया और न ही पुराने टैक्स में कोई बढ़ोतरी की गई। इसका मतलब है कि आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। लेकिन साथ ही, किसी भी वस्तु या सेवा पर छूट की घोषणा भी नहीं हुई, जिससे कीमतों में कमी की उम्मीद भी नहीं है। शिक्षा में एआई की पढ़ाई शुरू करना और 73 विश्वविद्यालयों को इसमें शामिल करना एक दूरदर्शी कदम है। यह युवाओं को भविष्य की तकनीक के लिए तैयार कर सकता है। साथ ही, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 20 करोड़ 52 लाख रुपए और जनजातीय बच्चों के लिए सीएम राइज स्कूलों में 1017 करोड़ रुपए का प्रावधान स्वागत योग्य है।

भोपाल

गुरुवार, 13 मार्च 2025

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष–14

वर्ष : 11, अंक : 348

पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **


मौसम

अधि. 35

न्यून. 21


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### उपराष्ट्रपति धनखड़ को एम्स से मिली छुट्टी



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को एम्स से छुट्टी मिल गई है। एम्स ने आधिकारिक बयान में कहा है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को हृदय संबंधी बीमारियों के कारण नौ मार्च को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली में भर्ती कराया गया था। बताया गया कि एम्स में चिकित्सा दल द्वारा आवश्यक देखभाल प्राप्त करने के बाद, उनकी स्थिति में संतोषजनक सुधार हुआ और बुधवार को उन्हें छुट्टी दे दी गई। उन्हें कुछ दिनों तक आराम करने की सलाह दी गई है। शनिवार को सीने में दर्द की शिकायत होने पर एम्स में भर्ती कराया गया।

### खुदरा महंगाई दर सात महीने के निचले स्तर पर



**नई दिल्ली।** सब्जियों और प्रोटीन युक्त खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट के कारण फरवरी में खुदरा महंगाई दर घटकर 3.61 प्रतिशत पर आ गई। यह सात महीने का निचला स्तर है। इससे भारतीय रिजर्व बैंक के लिए अगले महीने ब्याज दरों में दूसरी बार कटौती की गुंजाइश बनी है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई दर जनवरी में 4.26 प्रतिशत और फरवरी 2024 में 5.09 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला है कि फरवरी 2025 के लिए साल-दर-साल मुद्रास्फीति दर 3.75 प्रतिशत थी।

### भारत और मॉरीशस ने 8 एमओयू पर किए हस्ताक्षर, पीएम मोदी ने कहा

# हमारे संबंध साझी सांस्कृतिक परंपराओं व मूल्यों से भी जुड़े

**रणनीतिक आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर दिया जोर**

*ये एमओयू अपराध जांच, समुद्री यातायात निगरानी बुनियादी ढांचा कूटनीति, वाणिज्य, क्षमता निर्माण, वित्त और महासागर अर्थव्यवस्था सहित कई क्षेत्रों से संबंधित*

संयुक्त प्रेस वार्ता में मोदी ने दोनों देशों के बीच गहरे संबंधों पर प्रकाश डाला

हमारे बीच लोकल करेंसी में आपसी व्यापार का सेटलमेंट करने पर भी सहमति बनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मॉरीशस के समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम की उपस्थिति में बुधवार को आठ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। ये अपराध जांच, समुद्री यातायात निगरानी, बुनियादी ढांचा कूटनीति, वाणिज्य, क्षमता निर्माण, वित्त और महासागर अर्थव्यवस्था सहित कई क्षेत्रों से संबंधित हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत-मॉरीशस का संबंध, केवल हिंद महासागर से नहीं बल्कि हमारी साझी सांस्कृतिक परंपराओं और मूल्यों से भी जुड़ा है, हम आर्थिक और सामाजिक प्रगति की ▶▶ शेष पेज 4 पर

- पीएम मोदी ने पोर्ट लुइस में प्रयागराज महाकुंभ से लाए गए गंगाजल को गंगा तालाब (ग्रैंड बेसिन) में मिलाया और तट पर आरती भी की



**भारत मॉरीशस में संसद की नई बिल्डिंग बनाने में सहयोग करेगा**

प्रधानमंत्री मोदी ने ऐलान किया कि भारत मॉरीशस में संसद की नई बिल्डिंग बनाने में सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि यह 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' की ▶▶ शेष पेज 4 पर

**मॉरीशस-भारत संबंध रणनीतिक साझेदारी में हुए विकसित: विदेश मंत्रालय**

विदेश मंत्रालय ने बताया कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम, जीसीएसके, एफआरसीपी और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल ने किया सम्मानित

## प्रधानमंत्री मोदी को मिला मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान

एजेंसी ▶▶ पोर्टलुई



मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राजधानी पोर्ट लुइस में देश के सर्वोच्च सम्मान 'द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन' से सम्मानित किया।

पीएम मोदी को मिला यह 21वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। प्रधानमंत्री ने पूर्ण विनम्रता और कृतज्ञता के ▶▶ शेष पेज 4 पर

- मोदी को मिला यह 21वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान
- सर्वोच्च सम्मान 'द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन'

### 'शुभ' बने गिल : आईसीसी ने किया 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का ऐलान

## स्टीव स्मिथ और ग्लेन फिलिप्स को पीछे छोड़ गिल ने मारी बाजी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- पिछले महीने 5 वनडे में गिल का बल्ला खूब चला

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 खत्म होने के बाद आईसीसी ने फरवरी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मंथ' के नाम का ऐलान किया। भारत के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज शुभमन गिल ने यह खिताब अपने नाम किया है।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स को पीछे छोड़ दिया है। इस भारतीय बल्लेबाज ने पिछले महीने 5 वनडे मैच खेले थे। इस दौरान उन्होंने 94.19 की स्ट्राइक रेट और 101.50 के औसत से 406 रन बनाए। पिछले महीने भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कूनो अभयारण्य में शिकारी पकड़े

## चीतल सांभर के सींग और जंगली जिंदा खरगोश जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- बस स्टैंड श्योपुर के पास एक बोलेरो वाहन भी पकड़ा

एसटीएफ टीम और स्टेट टाइगर स्ट्राइकर फोर्स यूनिट शिवपुरी की संयुक्त टीम ने श्योपुर कूनो अभयारण्य में वन्य प्राणियों के शिकार कर उनके अंगों की तस्करी कर रहे आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की। उक्त कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर करते हुए बस स्टैंड श्योपुर के पास एक बोलेरो वाहन के साथ ऋषिकेश मीणा पिता देवीलाल मीणा (36) ग्राम कनरदा, थाना करनपुर, जिला करौली, राजस्थान एवं सखी आदिवासी पत्नी टिंकल आदिवासी (27) वर्ष, निवासी-कस्बा लिखारा, पुलिस थाना अगरा, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पट्टे की जमीन की त्रुटि सुधार के लिए रिश्वत

## उज्जैन में नायब तहसीलदार की रीडर 5000 घूस लेते गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

- लोकायुक्त पुलिस ने कार्रवाई की

लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार को तहसील कार्यालय में पदस्थ नायब तहसीलदार की रीडर को 5000 रुपए की घूस लेते गिरफ्तार किया है। महिला कर्मचारी ने पट्टे की जमीन में नाम की त्रुटि सुधारने के लिए 10 हजार रुपए मांगे थे। शिकायत के बाद लोकायुक्त पुलिस ने कार्रवाई की है।

लोकायुक्त डीएसपी दिनेशचंद्र पटेल ने बताया कि हाकम चौहान पुत्र भेरूलाल निवासी मादुपुरा खेड़ा खजूरिया ने तहसील कार्यालय में पट्टे की जमीन के नाम में त्रुटि में बदलाव करवाने के लिए आवेदन दिया था। इसके एवज में तहसील कार्यालय में पदस्थ नायब तहसीलदार की रीडर दीपा चेलानी द्वारा 10 हजार ▶▶ शेष पेज 4 पर

**रहेगा बादलों का आना-जाना**

## लगातार बढ़ रही गर्मी पारा अब 38 डिग्री पर



छोटे तालाब का विहंगम दृश्य

- भोपाल में रात का पारा 3.2 डिग्री बढ़कर 20.4 डिग्री
- दिन का पारा 37.8 डिग्री दर्ज, यह सामान्य से 5 डिग्री अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में गर्मी में बढ़त का सिलसिला जारी है। बुधवार को दिन का रिकार्ड सीजन में पहली बार 37.8 डिग्री पर रहा, जबकि रात का तापमान 3.2 डिग्री बढ़कर 20.2 डिग्री दर्ज हुआ है।

दिन का पारा सामान्य से 5 और रात का 3 डिग्री अधिक होने से गर्मी का अहसास बढ़ गया है। गुरुवार और शुक्रवार के बीच प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्के बादलों का आना-जाना हो सकता है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सीएमएचओ ने हॉस्पिटल की मान्यता की रद्द

## डॉक्टर ने मांगा एडवांस पेमेंट मरीज के परिजनों को पीट डाला



परिजन तुरंत पैसा नहीं जुटा पाए तो इलाज रोक दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

यहां एक निजी अस्पताल एमएम हॉस्पिटल में बीती रात्रि को एक मरीज की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया।

शिवपुरी के रहने वाले कबाड़ा व्यवसायी अशोक खटीक बड़ौदी से लौट रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। खटीक बुरी तरह घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें लेकर परिजन एमएम हॉस्पिटल पहुंचे। जहां पर उनका इलाज शुरू हुआ। अस्पताल में डॉक्टर ने एडवांस 40 हजार रुपए ▶▶ शेष पेज 4 पर






### यह कोर्स छात्रों को दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन से परिचित कराएगा

## अब आईआईआईटी बीटेक के छात्र पढ़ेंगे महाकुंभ प्रबंधन



इसमें महाकुंभ प्रबंधन क्वांटम प्रौद्योगिकी और भारतीय ज्ञान परंपरा शामिल

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) ने बीटेक पाठ्यक्रम में महाकुंभ को शामिल करने का निर्णय लिया है। आईआईआईटी पहले से ही उद्यमिता विकास, मानविकी और सामाजिक विज्ञान, प्रबंधन तथा साइंस आफ हैप्पीनेस जैसे माइनर विषयों की पेशकश कर रहा था।

अब बीटेक छात्रों को महाकुंभ मेले के प्रबंधन का अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। इस नए माइनर कोर्स में छात्रों को कुंभ मेले के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और तकनीकी पहलुओं की गहन जानकारी दी जाएगी। ▶▶ शेष पेज 4 पर

**अलग खबर**

**छात्रों को मेजर के साथ एक माइनर कोर्स भी करना अनिवार्य**

इस कोर्स से वे स्मार्ट सिटी प्रबंधन, डिजिटल गवर्नेंस और बड़े आयोजनों के लाजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में भी दक्षता हासिल कर सकेंगे। संस्थान ने जुलाई से जिन तीन नए माइनर कोर्स शुरू करने का निर्णय लिया है, उनमें महाकुंभ प्रबंधन, क्वांटम प्रौद्योगिकी और भारतीय ज्ञान परंपरा शामिल हैं। पढ़ाई के दौरान छात्रों को अपने प्रमुख विषय (मेजर) के साथ एक माइनर कोर्स भी करना अनिवार्य होगा। महाकुंभ का यह माइनर कोर्स बीटेक तृतीय सेमेस्टर से सातवें सेमेस्टर तक पढ़ाई जाएगा और हर सेमेस्टर में महाकुंभ प्रबंधन के अलग-अलग क्षेत्रों की जानकारी ▶▶ शेष पेज 4 पर

**पाठ्यक्रम में यह बिंदु शामिल**

महाकुंभ प्रबंधन पाठ्यक्रम में निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया है। इसमें सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहलू के तहत महाकुंभ मेले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का अध्ययन होगा। भीड़-यातायात प्रबंधन, सुरक्षा, और सुरक्षा टापिक में लाखों श्रद्धालुओं के बीच सुरक्षा और प्रबंधन रणनीतियों की जानकारी दी जाएगी। स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन में मेले के दौरान चिकित्सा सुविधाओं और आपातकालीन ▶▶ शेष पेज 4 पर





बजट : मोहन 2.0

मप्र का
# बजट 2025
किसान । स्वास्थ्य । रोजगार । पेंशन





## युवा-महिला-बुजुर्ग





## युवाओं और रोजगार के लिए योजनाएं



1000 करोड़ मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना

1000 करोड़ प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना

03 लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में मिलेगा रोजगार

*बजट में युवाओं के लिए सबसे बड़ा ऐलान निजी क्षेत्र में 3 लाख रोजगार का किया गया है। ये रोजगार नए विकसित हो रहे 39 औद्योगिक क्षेत्रों में मिलेंगे। छात्रों के लिए पहले से चल रही लैपटॉप योजना के लिए 220 करोड़ और साइकिल के लिए 215 करोड़ का प्रावधान किया है। छात्रवृत्तियों के अंतर्गत 803 करोड़ तथा सीएम राइज विद्यालयों के लिए 1 हजार 617 करोड़ के प्रावधान प्रस्तावित हैं। इसी के साथ प्रदेश में डिजिटल यूनिवर्सिटी और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय खोला जाएगा।*

## बुजुर्गों को क्या-क्या मिला?

वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा के लिए 50 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है। इस योजना में, प्रारंभ से अब तक 8 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिक लाभान्वित हो चुके हैं। इस योजना के तहत दिव्यांग नागरिकों को भी निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है। सेवानिवृत्त होने पर पेंशन निर्धारण की ऑनलाइन प्रणाली के अन्तर्गत पेपरलेस व्यवस्था लागू है, वर्तमान पेंशन निर्धारण प्रक्रिया को केन्द्रीकृत तथा फेसलेस किया जाएगा, जिससे प्रदेश के किसी भी स्थान अथवा कार्यालय से सेवानिवृत्त कर्मचारी के पेंशन निर्धारण की कार्यवाही केन्द्रीकृत कार्यालय में पदस्थ किसी भी अधिकारी द्वारा संपादित हो सकेगी।

वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा के लिए 50 करोड़ का प्रावधान

पेंशन निर्धारण प्रक्रिया को केंद्रीकृत तथा फेसलेस किया जाएगा





### स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए 23 हजार 535 करोड़ आवंटित

# मप्र में एमबीबीएस की बढ़ाई 400 सीटें खुलेंगे और 11 नए आयुर्वेदिक कॉलेज

*वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए 23 हजार 535 करोड़ रुपए आवंटित किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में रुपए 2 हजार 992 करोड़ अधिक है। इस दौरान वित्त मंत्री देवड़ा ने नई योजना सी.एम. केयर का भी ऐलान किया। उन्होंने बताया कि इसके तहत गंभीर बीमारियों से पीड़ित नागरिकों को नजदीकी अस्पतालों में ही कैथ लैब और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।*

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की मोहन सरकार ने बुधवार को 4 लाख 21 हज़ार 32 करोड़ रुपए का अपना दूसरा बजट पेश किया। इस दौरान वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए 23 हजार 535 करोड़ रुपए आवंटित किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में रुपए 2 हजार 992 करोड़ अधिक है। इस दौरान वित्त मंत्री देवड़ा ने नई योजना सी.एम. केयर का भी ऐलान किया। उन्होंने बताया कि इसके तहत गंभीर बीमारियों से पीड़ित नागरिकों को नजदीकी अस्पतालों में ही कैथ लैब और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं, आयुष्मान योजना के लिए वर्ष 2025-26 के लिए 2 हज़ार 39 करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में किया गया।

वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 17 चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए 2 हज़ार 575 सीट्स और स्नातकोत्तर के लिए एक हजार 337 सीट्स हैं। इस वित्तीय वर्ष में नीमच, मंदसौर और सिवनी में नए शासकीय चिकित्सालय कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर शासकीय व निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस की 400 व स्नातकोत्तर की 252 सीट्स बढ़ाई गई हैं। प्रदेश में 1 हजार संजीवनी एम्बुलेंस और 1 हजार 59 जननी एम्बुलेंस संचालित हैं।

*आयुष्मान योजना के लिए 2025-26 के लिए 2 हज़ार 39 करोड़ का प्रावधान*

*गंभीर बीमारियों के इलाज सुविधाएं उपलब्ध होंगी*





### 50 बिस्तरीय आयुर्वेदिक अस्पताल

वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 11 नए आयुर्वेद महाविद्यालय सह चिकित्सालयों की स्थापना की जानी है। प्रदेश में पन्ना, गुना, भिण्ड, श्योपुर तथा शुजालपुर में 50 बिस्तरीय आयुर्वेदिक अस्पताल, बड़वानी में 30 बिस्तरीय अस्पताल, बालाघाट, शहडोल, सागर, नर्मदापुरम एवं मुरैना में आयुष महाविद्यालयों और 4 जिला आयुष कार्यालयों के भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में संचालित आयुष संस्थाओं एवं शिविरों के माध्यम से एक वर्ष में लगभग 1 करोड़ 40 लाख नागरिकों को उपचार दिया गया है।

### 600 नए विद्यालय खोले जाएंगे

## तकनीकी शिक्षा व अनुसंधान पर भी किया पूरा फोकस



मध्यप्रदेश सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश कर दिया है, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में बड़े सुधारों और योजनाओं का खाका पेश किया गया है। बजट में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। शैक्षणिक गुणवत्ता को मजबूत करना और नई तकनीकों से जोड़ना है। बजट में सीएम राइज स्कूल योजना को विस्तार दिया है। योजना के तहत अब तक 275 विद्यालय खोले जा चुके हैं और वर्ष 2025-26 तक इन विद्यालयों में परिवहन सुविधा भी शुरू की जाएगी।

इसके अलावा, पीएमश्री योजना के तहत 780 विद्यालयों में आधुनिक पाठ्यक्रमों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। शिक्षकों की भर्ती को लेकर भी सरकार ने बड़ा एलान किया है। वर्ष 2024-25 में 3,259 शिक्षकों की नियुक्तियां की जा चुकी हैं और 19,362 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अब तक 2,383 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 14 ट्रेडों में व्यावसायिक शिक्षा संचालित की जा रही है। इसे बढ़ाकर वर्ष 2025-26 में 600 नए विद्यालयों तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।

### उच्च शिक्षा को मिलेगी नई दिशा

प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ा विस्तार किया गया है। वर्तमान में राज्य में 73 विश्वविद्यालय और 1,400 से अधिक महाविद्यालय संचालित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस' योजना के तहत प्रत्येक जिले में महाविद्यालय को उत्कृष्ट केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

#### महाविद्यालयों को 2523 करोड़

बजट में कला, विज्ञान तथा वाणिज्य महाविद्यालय के अंतर्गत 2523 करोड़, अतिथि विद्वानों को मानदेय के अंतर्गत 291 करोड़, म.प्र. उच्च शिक्षा में सुधार के अंतर्गत 238 करोड़, शासकीय महाविद्यालयों के भवन निर्माण आदि के अंतर्गत 225 करोड़, अशासकीय अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों को पोषण अनुदान के अंतर्गत 141 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### बजट में खास



#### महिलाओं को अटल पेंशन से जोड़ेंगे

लाड़ली बहनों को केंद्र की योजना से जोड़ने का काम किया जाएगा। अटल पेंशन योजना से जोड़ा जायेगा। इसके अलावा लाडली बहना के हितग्राहियों को केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना से भी जोड़ा जाएगा।



#### फसल बीमा के लिए 2 हजार करोड़ रुपए

धान उपार्जन के लिए प्रोत्साहन राशि के लिए 850 करोड़ का प्रावधान है। कृषि उपभोक्ताओं को विद्युत बिल में दी जा रही राहत को निरंतर रखा गया है. इस मद में 19 हजार 208 करोड़ रुपए का प्रावधान है। पीएम फसल बीमा योजना के लिए इस बार 2000 करोड़ रुपए का प्रावधान प्रस्तावित है।



#### नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जबलपुर को 113 करोड़

व्यावसायिक प्रशिक्षण का सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार के अंतर्गत 902 करोड़, प्रदेश में आईटी पार्क की स्थापना के अंतर्गत 129 करोड़, पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेन्स योजना (राज्य पोषित) के अंतर्गत 126 करोड़, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जबलपुर को ब्लाक ग्रांट के अंतर्गत 113 करोड़, गांव की बेटी योजना के अंतर्गत 75 करोड़, छात्रों के लिए पुस्तकें/स्टेशनरी प्रदाय के अंतर्गत 50 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

## 2047 तक मप्र का बजट 2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचेगा

*मध्यप्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया। ये बजट 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ का है। यह मुख्यमंत्री मोहन यादव सरकार का दूसरा वार्षिक बजट है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 2047 तक मध्यप्रदेश का बजट 2 ट्रिलियन डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य है। इस बजट में कोई भी नया कर नहीं लगाया गया है।*

- **आंगनवाड़ी सेवाओं के लिए 3 हजार 729 करोड़ राशि**
- **जिला विकास सलाहकार समिति का गठन होगा**
- **39 नए औद्योगिक क्षेत्रों में 3 लाख नौकरियां**
- **श्रीकृष्ण पाथेय योजना के लिए 10 करोड़ का प्रावधान**
- **राम वन पथ गमन के लिए 30 करोड़ का प्रावधान**

### *बजट की प्रमुख और बड़ी घोषणाएं*



#### प्रदेश में डिजिटल यूनिवर्सिटी खुलेगी

- *गीता भवन बनाए जाएंगे, इसके लिए 100 करोड़ का प्रावधान।*
- *प्रदेश में डिजिटल यूनिवर्सिटी और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय खोला जाएगा।*
- *खाद्यान्न योजना के लिए 7132 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।*
- *श्रम विभाग के लिए 1808 करोड़ का प्रावधान*
- *आकांक्षा योजना के लिए 20 करोड़ 52 लाख का प्रावधान किया गया।*
- *जनजातीय बहुल 11300 से अधिक गांवों का कायाकल्प होगा, 200 करोड़ का बजट रखा गया।*
- *अनुसूचित जाति उपयोजना अंतर्गत 32 हजार 633 करोड़ का प्रावधान।*

- **अनुसूचित जनजाति उपयोजना अंतर्गत 47 हज़ार 295 करोड़ का प्रावधान**
- **पेंशन के लिए 4 हजार 66 करोड़, गरीबों के लिए 7132 करोड़**
- **नागरिकों के लिए राज्य स्तरीय बीमा समिति का गठन किया जाएगा**
- **लाड़ली बहनों को केंद्र की योजना से जोड़ने का काम किया जाएगा**
- **महिलाओं के लिए पोषण 2.0 योजना अंतर्गत 223 करोड़ का प्रावधान**

## बच्चों की शिक्षा के लिए 22 नए छात्रावास बनेंगे

### जनजातीय कल्याण और कुपोषण मुक्ति का रखा विशेष ध्यान

*बजट 2025-26 में बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति के परिवारों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए आहार अनुदान योजना के तहत 2.20 लाख महिलाओं के खातों में 1,500 रुपए दिए जा रहे हैं। विशेष पिछड़ी जनजातीय बहुल क्षेत्रों में पीएम जनमन योजना के तहत 53,000 से अधिक आवास बनाए गए हैं। बच्चों की शिक्षा के लिए 22 नए छात्रावास बनाए जाएंगे, जिससे 11 लाख परिवार लाभान्वित होंगे। प्रदेश में 3 लाख से अधिक रोजगार सृजित किए जाएंगे। इसके लिए 39 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। साथ ही, स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन शुरू किया जाएगा, जो युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के अवसर प्रदान करेगा। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि प्रदेश में 900 से अधिक आईटीआई संस्थान होंगे, जो युवाओं को तकनीकी शिक्षा और प्रशिक्षण देंगे।*



#### अधोसंरचना होगी मजबूत

- मप्र सड़क विकास निगम के माध्यम से सड़कों का निर्माण के अंतर्गत 200 करोड़ का प्रावधान किया गया है।
- एफ टाइप एवं उससे नीचे की श्रेणी के शासकीय आवासों के अनुरक्षण के लिए 200 करोड़ का प्रावधान।
- ग्रामीण सड़कों एवं अन्य जिला मार्गों का निर्माण/उन्नयन के अंतर्गत 2500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इससे मध्य प्रदेश में ग्रामीण पहुंच मार्ग आसान हो जाएंगे।
- मप्र सड़क विकास निगम (एनडीबी) के अंतर्गत 1450 करोड़ का प्रावधान किया गया है।
- मध्यप्रदेश सड़क विकास कार्यक्रम (एडीबी) के अंतर्गत 1315 करोड़।
- केन्द्रीय सड़क निधि के अंतर्गत 1150 करोड़।

#### 23 हजार प्राथमिक स्कूल भी खोले जाएंगे

सरकार राज्य में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 23,000 प्राथमिक स्कूल, 6,800 माध्यमिक स्कूल और 1,100 हाई स्कूल खोलेगी। वित्तमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य के हर जिले में इलेक्ट्रिक बसें चलाएगी। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए मेडिकल कॉलेज में 400 सीटें बढ़ाई जाएंगी। सरकार नए 11 आयुर्वेदिक कॉलेज खोलेगी। बजट में सरकार का फोकस आर्थिक वृद्धि तेज करने के उपायों पर दिखा। वित्तमंत्री ने कहा कि 2047 तक सरकार ने राज्य की जीडीपी को 250 लाख करोड़ रुपए पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सरकार ने इस बार बजट का आकार 15 फीसदी बढ़ाया है। सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने पर फोकस करेगी। सरकार का टारगेट राज्य में 39 औद्योगिक क्षेत्रों के जरिए 3 लाख से ज्यादा नौकरियां पैदा करने पर होगा।



## बजट पर इनका नजरिया

### प्रतिस्पर्धा ज्यादा लेकिन पीछे नहीं हटना है बल्कि मुकाबला करना है



प्रीति सेठ
संचालक
एमवीएल
एंटरप्राइजेज

*मुझे शुरू से ही कुछ ना कुछ करने का शौक था और मेरे पति मेडिकल डिपार्टमेंट में हैं तो उन्होंने ही मुझे सजेस्ट किया कि तुम बॉडी बेल्ट बनाने का काम शुरू कर सकती हो क्योंकि आजकल लोगों को गले में, हाथ में, पैर में या कमर में दर्द की समस्या बनी ही रहती है। इसके लिए अच्छी क्वालिटी का बेल्ट मिलना भी बेहद जरूरी है, तो हमने आज से 6 साल पहले अपना स्टार्टअप एमवीएल एंटरप्राइजेज शुरू किया, जिसमें हम बॉडी के अलग-अलग पार्ट्स के लिए बेल्ट बनाते हैं। उन्होंने कहा की शुरूआत में मुझे थोड़ा सा चैलेंजिंग लगा क्योंकि कई बार कस्टमर की रिक्वायरमेंट हम फुलफिल नहीं कर पाते थे लेकिन फिर मैं अपने प्रोडक्ट में चेंज करती गई और आज हम काफी अच्छे से इस्टेबिलिश हो चुके हैं। मेरा मानना है कि जब भी आपको स्टार्टअप शुरू करते हो तो उसमें उतार चढ़ाव लगे ही रहते है, कंपटीशन ज्यादा होती है लेकिन आपकी कोशिश होनी चाहिए कि आपके पीछे नहीं हटाना है।*

### किसानों की आय दोगुना करने की गारंटी बजट से गायब हो गई



इरफान जाफरी
प्रमुख किसान
जागृति संगठन

आज वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा पेश किए गए बजट से प्रदेश के किसानों को बहुत उम्मीद थी। किसान सरकार की गारंटी के हिसाब से अपना अनुमान लगा रहे थे कि किसान की आय दोगुना करने के लिए कोई स्कीम लाई जाएगी। इसके अलावा किसान अपनी आमदनी को लेकर भी कुछ बेहतर होने की उम्मीद संजोए हुए थे। ऐसे ही सपनों के साथ किसानो को आशा थी कि फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य भी मिलेगा। फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की मद में कोई नया प्रावधान नहीं किया गया है। बेहतर होता यदि किसानों की आय बढ़ाने पर ज्यादा जोर दिया जाता तो किसानों की माली हालत में सुधार होता।

### एमएसपी तय करने से परहेज दोगुनी आय भी नहीं की गई



शिवकुमार शर्मा
'कक्काजी'
अध्यक्ष, किसान
मजदूर महासंघ

किसानों की फसल का एमएसपी तय करने से तो सरकार परहेज कर रही है। ऊपर से किसानों को धोखा देते हुए कहा जा रहा है कि किसानों की आय दोगुना हो जाएगी। यह सरकारी धोखा है। सरकार बजट के प्रावधानों के हिसाब से किसानों की आय को 2014 तक लाने की तैयारी कर रही है। कानून के तहत मंडियों का व्यापारीकरण किया गया है। एमएसपी को कानून के दायरे में लिया जाना चाहिए। यह सरकार किसानों को आत्मनिर्भर नहीं बनने देगी।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 13 मार्च 2025



## गरीब, युवा, नारी, अन्नदाता वर्ग को सौगातें

प्रदेश में 3 लाख से ज्यादा रोजगार सृजित करने का बजट में उल्लेख

आत्मनिर्भर मप्र वाला बजट

11 नए आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल खोले जाने की घोषणा

# मोहन सरकार की योजनाएं बनी 'संजीवनी'

ईडब्ल्यूएस वर्ग को सहारा

## नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित होने से गरीब वर्ग के युवाओं को मिलेगा जॉब



*प्रदेश के नागरिकों के लिए बीमा समिति का गठन करने से ईडब्ल्यूएस वर्ग होगा लाभान्वित*

*भोपाल। मप्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर लोगों की अपनी अलग-अलग राय सामने आ रही है। बुधवार को गरीब वर्ग (ईडब्ल्यूएस) परिवार की नजर में बजट को लेकर हरिभूमि ने बात की। जिसमें इस वर्ग के लोगों ने बजट को मिला जुला बताया है। गौरीशंकर कौशल आवासीय परिसर के ईडब्लूएस में रहने वाले देवेंद्र सराठे का कहना है कि प्रदेश सरकार के पेश किए गए बजट में प्रदेश में 3 लाख से ज्यादा रोजगार सृजित करने की बात कहीं। स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन शुरू करने और 39 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। इससे गरीब युवा वर्ग को नौकरी मिलेगी।*

### नए अस्पतालों में मिलेगा इलाज

सराठे ने कहा कि बजट में विद्यार्थियों के लिए पहले से चल रही लैपटॉप योजना के लिए 220 करोड़ और साइकिल के लिए 215 करोड़ का प्रावधान किया है। इसका भी गरीब परिवारों को लाभ मिल सकेगा। इसके अलावा 11 नए आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल खोले जाने की घोषणा भी की गई है। यह एक अच्छी बात है। प्रदेश के नागरिक के लिए बीमा समिति का गठन किया जाएगा। इसका लाभ मिल सकेगा।

नारी सम्मान

## लखपति दीदी योजना से जीवन खुशहाल, खुले तरक्की के द्वार

### किराना दुकान खोलकर मालती ने परिवार की गरीबी दूर की



*रतनपुर में लखपति दीदी योजना से अपनी किराना दुकान संचालित कर परिवार का सहारा बनी मालती कुशवाह ने बजट को सराहा*

सरकार की लखपति दीदी योजना ने कई महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाया है। वह अब परिवार को भी सहारा दे रही है। रतनपुर में अपनी छोटी सी किराने की दुकान लगाने वाली लखपति दीदी योजना से लाभान्वित लखपति दीदी मालती कुशवाह ने कहा कि जब से मैं इस योजना से जुड़ी हूं तो मेरे जीवन में आर्थिक और सामाजिक रूप से सकारात्मक परिवर्तन आया है।

### पहले मुश्किल से होता था परिवार का गुजारा

मालती ने बताया कि पहले हमारा गुजारा बड़ी मुश्किल से चलता था, लेकिन जब से सरकार ने यह योजना चलाई है तब से मैं और मेरा परिवार आत्मनिर्भर बना है। हम आर्थिक रूप से सक्षम हुए हैं। मेरे चार बच्चे हैं। परिवार में पति एवं सास भी हैं। इतने बड़े परिवार के लिए कम पैसों में गुजारा करना मुश्किल होता है, लेकिन इस योजना से जुड़कर अब हम काफी अच्छे से अपने दुकान चला रहे हैं। मेरे जीवन देखकर कई महिलाओं ने भी इस योजना से लाभ पाया है।



अन्नदाता संतुष्ट

## प्रोत्साहन राशि से होगा किसानों का कल्याण, दूध उत्पादन भी बढ़ेगा

*प्रदेश सरकार ने बजट में इस बार भी दी कृषकों को किसान ऊर्जा पंप की सौगात*

मध्यप्रदेश सरकार के बजट में इस बार भी किसानों को किसान प्रोत्साहन राशि और ऊर्जा पंप की सौगात दी गई है। जिससे किसानों को कर्ज से उबारने और लाभ का धंधा बनाने में मदद मिलेगी। इसके साथ दूध उत्पादक किसानों को पांच रुपए प्रति लीटर की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी, जिससे प्रदेश में दूध का उत्पादन बढ़ेगा।

बुधवार को प्रदेश सरकार के बजट को लेकर रायसेन रोड स्थित बिलखिरिया में पांच एकड़ जमीन के किसान राजविंदर सिंह से बातचीत की गई। खेत में काम करने के दौरान उन्होंने बताया कि बजट का सीधा असर किसान पर पड़ता है। बुधवार को प्रदेश सरकार के बजट पर इनकी भी नजर थी। उन्हें उम्मीद थी कि इस बार सरकार किसानों के लिए राहत का बजट पेश करेगी। जिसके तहत किसानों के लिए बिजली सब्सिडी भी दी गई है। किसान मप्र सरकार के पेश किए गए बजट पर संतुष्टि जताई है।



राजविंदर सिंह

### खेत में उगाते हैं घर के लिए सब्जियां

किसान ने बताया कि किसानी के काम में उनकी पत्नी सरबजीत सहित बच्चे साहिल और मम्मी भी सहयोग करते है। किसान ने खेत के कुछ हिस्से में प्याज, लहसुन, आलू, हरी मिर्च और धनिया बोया है। यह घर के उपयोग के लिए लगाया गया है। जिससे इन चीजों को बाहर से खरीदने की जरूरत नहीं पड़े।

### किसानों को कर्ज से उबारने की जरूरत

सिंह ने बताया कि दस एकड़ का किसान इतनी महंगाई और किसानी की लागत की वजह से कर्ज में डूब रहा है। दस एकड़ से ऊपर जमीन वाले किसानों को भी परिवार का खर्च चलाने में दिक्कत आ रही है। ऐसे में कम जमीन वाले किसानों के सामने समस्या बढ़ती जा रही है। जिसको देखते हुए फसलों के रेट बढ़ाने की जरूरत है। हालांकि सरकार किसानों की पूरी सहायता कर रही है।

### गेहूं की पैदावार पर भी गर्मी अधिक होने से असर, सरकार से राहत की उम्मीद

किसान राजविंदर सिंह ने बताया कि इस बार गेहूं की फसल के हिसाब से मौसम नहीं रहा, जिससे गेहूं की फसल की पैदावार कम हो सकती है। पहले लोकबन गेहूं का एवरेज एक क्विंटल बोवनी में करीब 20 क्विंटल रहता था, लेकिन इस बार यह 16 क्विंटल लग रहा है। इसी तरह अन्य वैरायटी के गेहूं की पैदावार पर भी गर्मी अधिक होने से असर पड़ा है।

## बजट इनकी नजर में...

### मप्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी



राजेश जैन, सीए
वरिष्ठ कर सलाहकार

मोहन सरकार ने सभी वर्ग के लोगों को साधने का प्रयास किया। चूंकि गत वर्ष की तुलना में मध्यप्रदेश का पेश हुआ वित्तीय बजट 15 फीसदी अधिक है। अतः निश्चित ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा बजट में किसी प्रकार के कोई नए करारोपण का प्रावधान नहीं किया। जो स्वागत योग्य होने के साथ बड़ी राहत प्रदान करने वाला है वर्ष 2024-25 में शिक्षा का बजट 11.26 प्रतिशत आवंटित किया गया है। सीएमराईज स्कूल योजना के तहत 274 स्कूलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। व्यावसायिक शिक्षा में 14 ट्रेडस शुरू किए गए है। उच्च शिक्षा के अंतर्गत 1346 महाविद्यालय में 10.5 लाख सीट उपलब्ध है। कौशल विकास मिशन के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 3.49 लाख छात्रों को व्यावसयिक शिक्षा का प्रशिक्षण दिया गया है। कौशल विकास मिशन एवं व्यावसायिक शिक्षा से प्रदेश के उद्योगों को कुशल कर्मचारी प्राप्त हो सकेंगे कुल मिलाकर यह चहुमुंखी विकास वाला बजट है।

### अधोसंरचना विकास पर ज्यादा जोर

बजट में राजकोषीय घाटा 78,902 करोड़ रुपए रहने का अनुमान पेश किया गया है, जो राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के 4.66 फीसदी के बराबर है। प्रदेश में राजस्व अधिशेष की स्थिति बनी हुई है। वर्ष 2025-26 में राजस्व अधिशेष की राशि 618 करोड़ रुपए तक अधिक रहने का अनुमान है। अतः वित्त मंत्री का पेश किया गया बजट राजधानी के व्यावसायिक विशेषज्ञों, कारोबारियों और उद्यमियों को पसंद आया है। यह चहुंमुखी विकास वाला बजट है। बजट में प्रस्तावित अधोसंरचना विकास के लिए 85 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान एक अच्छा कदम है। साथ ही कृषि विकास के लिए सोशल बांड द्वारा पैसे उगाई का जरिया सरकार पर भार कम करेगा और हर जिले स्तर पर जिला सलाहकार कमेटी का गठन औद्योगिक विकास को मदद करेगा। सरकार ने प्रत्येक जिले के परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए इस योजना को बढ़ावा दिया है, जिससे स्थानीय उद्योगों को वैश्विक पहचान मिलेगी। नई स्टार्टअप नीति के तहत 10,000 स्टार्टअप्स की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है, जिससे नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।



आस्था वैश्य
चार्टर्ड अकाउंटेंट






छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने प्रदेश के मुतवल्लियों को भेजा पत्र

# उत्तरप्रदेश के बाद छत्तीसगढ़ में भी बदल गया जुमे की नमाज का वक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द्र के मद्देनजर ऐसा निर्णय लिया गया है। बोर्ड के सीईओ एसए फारूकी ने पत्र जारी किया है। पत्र में मुतवल्लियों से कहा गया है कि होली का त्योहार और जुमा एक ही दिन है।

आम दिनों में जुमे की नमाज दोपहर 1 से 2 बजे के बीच मुनअकिद की जाती है। 14 मार्च को होली के त्योहार, माहे रमजान और जुमे को देखते हुए मस्जिदों में नमाज का वक्त दोपहर 2 से 3 के बीच रखा जाए, ताकि अमन, सुकून और भाईचारा कायम रह सके। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के निर्णय का भाजपा ने स्वागत किया है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने बताया कि मुस्लिम समुदाय के लोग जुमे की नमाज अदा करते हैं। दोपहर 12.30 बजे जोहर की नमाज होती है। नमाजी नमाज अदा करने के लिए मस्जिद की ओर निकलेंगे। इस दौरान होली भी खेली जाएगी। ऐसे में किसी से विवाद की स्थिति न बने, इसलिए नमाज की टाइमिंग बदली गई है।इधर, छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस नेता सलीम रिजवी ने हिंदू और मुस्लिम समुदाय से होली के दिन विवाद ना करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि बहुत से मस्जिद के मुतवल्लियों और कमेटियों ने दोपहर 2 बजे के बाद नमाज का वक्त रखा है। यही अच्छी बात है।



## अलर्ट मोड पर रायपुर पुलिस

*होली के दौरान किसी तरह का विवाद ना हो, इसलिए रायपुर पुलिस भी अलर्ट मोड पर है। त्योहार शांति पूर्वक रहे, इसलिए रायपुर में 80 नाके लगाकर जांच की जाएगी। सड़कों पर लगातार 48 घंटे पुलिस मुस्तैद रहेगी। सेंसिटिव इलाकों में पुलिस लगातार गश्त करेगी। राजपत्रित अधिकारियों की टीम मॉनिटरिंग करेगी।*

*-लाल उमेंद्र सिंह, एसएसपी, रायपुर*

## देशभर में सियासी चर्चा

- उत्तर प्रदेश में भाजपा नेताओं द्वारा मांग की जा रही है कि जुम्मे की नमाज तो साल में कई बार आती है, लेकिन होली का त्योहार सिर्फ एक बार मनाया जाएगा। ऐसे में मुस्लिम पक्ष को समझौता करते हुए घर में ही नमाज अदा कर लेनी चाहिए।
- मध्य प्रदेश में हिंदू पक्ष का कहना है कि नमाज का समय बदल देना चाहिए, यहां भी अपील कर दी गई है कि जिन्हें भी रंगों से परहेज है, वो बाहर ही ना निकलें। मुस्लिम धर्मगुरु कह रहे हैं कि जब भाईचारे के साथ ही त्योहार मनाना है, तो मिलकर मनाएं।
- बिहार में भाजपा नेता हरिभूषण ठाकुर का बयान चर्चा का विषय बना हुआ है। हिंदुओं को त्योहार मनाने देना चाहिए और अगर उन पर रंग लग जाए तो उन्हें बुरा नहीं मानना चाहिए। अगर उन्हें इससे कोई दिक्कत हो तो उन्हें घरों में ही रहना चाहिए।

**भाजपा ने फैसले का किया स्वागतः** छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के फैसले का भाजपा ने स्वागत किया है। भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि बोर्ड के फैसले का हम स्वागत करते हैं। अगर सुबह होली खेली जाएगी और दोपहर में नमाज पढ़ी जाएगी।


**मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित**
कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण), संभाग-क्र. 1,
पंचानन भवन द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष : 0755-2673196, E-mail : laghubpl01@gmail.com
क्र.:लउनि/निर्माण/संभाग-क्र.1,भोपाल/2024-25/16 भोपाल, दि. 12.03.25

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्य की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती हैं:- **कार्य का नाम- भोपाल स्थित आयुक्त कैम्प कार्यालय विट्टन मार्केट भोपाल में रिनोबेशन, आंतरिक साज-सज्जा एयर कन्डीशंनिग एवं अन्य कार्य, (द्वितीय आमंत्रण)** अनुमानित लागत राशि रु. 156.90 लाख। निविदा की बिड जमा करने की अंतिम तिथि 21.03.2025 सायं 05.30 बजे। निविदा की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेगीं। निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता हैं, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता हैं। बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

म.प्र. माध्यम/119218/2025 **महाप्रबंधक (सं./नि)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**
**यांत्रिक विभाग जोन क्र16**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्र.466/या/वि/16/2025 भोपाल दिनांक 11.03.2025

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण Website http://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा क्रय करने की अंतिम | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिनांक | समय |
| 1. | 2025 _UAD_ 404075_ 2 | DEVELOPMENT OF GREEN SPACE INFRONT OF D-135 D SECTOR AYODHYA NAGAR, W-68, Z-16 | 3,97,508/- | 17.03.2025 | 17:30 PM |
| 2. | 2025_ UAD_ 404255_ 2 | CONSTRUCTION OF CC ROAD NEAR LIG 517 AYODHYA EXTENSION WARD -68, ZONE -16 | 4,08,157/- | 17.03.2025 | 17:30 PM |
| 3. | 2025_ UAD_ 404273_2 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AND RCC DRAIN INFRONT OF H.NO. EWS D 35 AYODHYA EXanyde TENSION WARD- 68, ZONE- 16 | 2,50,804/- | 17.03.2025 | 17:30 PM |
| 4. | 2025_ UAD_ 404286_2 | CONSTRUCTION OF CC ROAD INFRONT OF H.NO. 94 YOGENDRA NATH AYODHYA EXTENSION WARD - 68 ,ZONE -16 | 3,62,088/- | 17.03.2025 | 17:30 PM |
| 5. | 2025_ UAD_ 363684_ 3 | CONSTRUCTION OF CC ROAD WORK FROM KASHIRAM SHAKYA TO SANDEEP SAHU AND GYANDEEP SCHOOL WALI GALI KUTEER NAGAR WARD- 73, ZONE- 16 | 6,48,284/- | 17.03.2025 | 17:30 PM |
| 6. | 2025_ UAD_ 392248_6 | CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL AND P/F OF PLAYGROUND EQUIPMENT AT LAXMI VIHAR PARK WARD- 65, ZONE- 16 (6th Call) | 3,50,284/- | 17.03.2025 | 17:30 PM |
| 7. | 2024_ UAD_ 387591_ 7 | PROVIDING AND FIXING OF M.S. CHAMBER AT MALIKHEDI WARD -72, ZONE- 16 (7th Call) | 33,804/- | 17.03.2025 | 17:30 PM |
| 8. | 2024_ UAD_ 382328_ 8 | CONSTRUCTION OF WELCONE GATE AT ENTRANCE OF SHIV NAGAR OF NISHATPURA WARD- 73, ZONE- 16 (8th Call) | 4,23,672/- | 17.03.2025 | 17:30 PM |

नोट – सशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे। **सहायक यंत्री (सिविल) जोन क्र16 नगर निगम भोपाल**


## जेकेट का शेष

### मोहन का 'ज्ञान'...

**15 हजार करोड़ रुपए की बचतः** शून्य आधारित बजटिंग का पहला कार्यान्वयन पहली बार राज्य स्तर पर लागू की गई है। इसमें प्रत्येक व्यय का परीक्षण किया गया, नवाचार के फलस्वरूप लगभग दो हजार बजट लाइन कम हुई, इससे लगभग 15 हजार करोड़ रुपए की बचत हुई है। राज्य में एसएनए स्पर्श प्रणाली लागू की गई है। ताकि निधियों का रीयल टाइम ट्रैकिंग, पारदर्शिता में वृद्धि और सरकारी योजनाओं में संसाधनों का उपयोग हो। सरकारी कर्मचारियों व लाभार्थियों के लिए ई-केवायसी का कार्यान्वयन, पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता देना है। इससे रोजगार व राज्य वित्त में सुधार होगा।

### बजट में GYAN...

1017 करोड़ का प्रावधान

- अनुसूचित जनजातीय वर्ग के 50 स्टूडेंट्स को पढ़ाई के लिए सरकार विदेश भेजेगी
- युवा कल्याण के लिए 2025 -26 के लिए छात्रवृत्ति, खेल और विदेश में पढ़ाई का प्रावधान
- जनजातीय बहुल 11300 से अधिक गांवों का कायाकल्प होगा

**A : अन्नदाता(किसान)**

- किसान फसल बीमा योजना के लिए 2000 करोड़ का प्रावधान
- धान उपार्जन के लिए 850 करोड़ का प्रावधान
- किसानों को सौर ऊर्जा का लाभ देने 447 करोड़ की मदद प्रस्तावित
- प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना की योजना शुरू की गई

**N : नारी-**

- नारी सम्मान और नारी कल्याण के लिए सरकार की मदद
- लाडली बहनों के लिए 18 हजार करोड़ से ज्यादा की मदद
- प्रदेश की लाडली बहनों को अटल पेंशन योजना से जोड़ने की घोषणा
- लाडली बहना योजना के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना और अटल पेंशन योजना से भी जोड़ा जाएगा।

## पेज एक का शेष

### हमारे संबंध ...

राह पर एक दूसरे के साथी हैं, प्राकृतिक आपदा हो या कोविड विपदा हमने हमेशा एक दूसरे का साथ दिया है, रक्षा हो या शिक्षा, स्वास्थ्य हो या स्पेस हम हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। पिछले दस वर्षों में हमने अपने संबंधों में कई नए आयाम जोड़े हैं।

### भारत मॉरीशस में ...

ओर से मॉरीशस को भेंट होगी। अगले पांच वर्षों में भारत में मॉरीशस के 500 सिविल सर्वेंट को ट्रेनिंग दी जाएगी। हमारे बीच लोकल करेंसी में आपसी व्यापार का सेटलमेंट करने पर भी सहमति बनी है। पीएम मोदी ने मॉरीशस के सभी नागरिकों को राष्ट्रीय दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है कि मुझे दोबारा मॉरीशस के नेशनल डे पर आने का अवसर मिल रहा है।

### मॉरीशस-भारत संबंध ...

11 से 12 मार्च तक मॉरीशस की राजकीय यात्रा के दौरान मॉरीशस और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण दायरे पर व्यापक और उपयोगी चर्चा की। 11 मार्च को आयोजित द्विपक्षीय बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने पुष्टि की कि मॉरीशस और भारत के बीच एक विशेष और अद्वितीय संबंध है जो इतिहास, भाषा, संस्कृति, विरासत, रिश्तेदारी और मूल्यों के साझा बंधनों को देखते हुए अद्वितीय है। उन्होंने आगे स्वीकार किया कि लोगों से लोगों और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर आधारित मॉरीशस-भारत संबंध पिछले कई दशकों में मजबूती से बढ़कर एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रूप में विकसित हुए हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में फैले हुए हैं और दोनों देशों, उनके लोगों और व्यापक हिंद महासागर क्षेत्र को लाभान्वित करते हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी...

साथ स्वीकार करते हुए पुरस्कार को भारत से सदियों पहले मॉरीशस आए पूर्वजों और उनकी सभी पीढ़ियों को समर्पित किया।

**पीएम मोदी ने कहा- यह सदियों पुराने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक बंधनों को सम्मानः** - मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह के दौरान सम्मानित प्रधानमंत्री ने हार्दिक आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह सिर्फ उनका नहीं बल्कि 1.4 अरब भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और मॉरीशस के बीच के रिश्ते के सदियों पुराने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक बंधनों को सम्मान है। साथ ही प्रधानमंत्री ने अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया कि भारत-मॉरीशस रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का हर संभव प्रयास करते रहेंगे। इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत सरकार की ओर से राष्ट्रपति और उनकी पत्नी मीना को 'ओवरसीज सिटिजन आफ इंडिया' (ओसीआई) कार्ड प्रदान किया था। यह कार्ड भारत में आवाजाही की वीजा सुविधा प्रदान करता है और भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों को दिया जाता है।

### स्टीव स्मिथ और ...

थी। इस सीरीज में गिल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने 3 मैच की 3 पारियों में 259 रन बनाए थे। वनडे सीरीज में गिल ने 2 अर्धशतक और 1 शतक लगाया था। नागपुर में खेले गए पहले वनडे में गिल ने 87 रन की पारी खेली थी। इसके बाद कटक वनडे में उन्होंने 52 गेंदों पर 60 रन जड़ दिए थे। अहमदाबाद में खेले गए आखिरी वनडे में गिल ने शतक लगाया था। उन्होंने 102 गेंदों का सामना किया था और 14 चौकों-3 छक्कों की मदद से 112 रन बनाए थे। गिल को इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था।

### चीतल सांभर...

श्योपुर को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपियों के पास से 11 सींग (चीतल/सांभर), एक जंगली जिंदा खरगोश और बोलेरो वाहन जब्त किया गया। अग्रिम कार्यवाही सामान्य वनमंडल जिला श्योपुर द्वारा की जा रही है।

### उज्जैन में नायब ...

रुपए रिश्वत की मांग की गई थी। बुधवार को दीपा को प्रथम किश्त में 5000 रुपए लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है। केस दर्ज करने के बाद जांच की जा रही है। कार्रवाई में निरीक्षक हिना डावर, प्रधान आरक्षक हितेश ललावत, आरक्षक मोहम्मद इसरार, संदीप कदम, नीता बेस, ऋतु मालवीय, अंजलि पुरानीया की भूमिका रही।

### लगातार बढ़ ...

इससे तापमान में कुछ बदलाव की उम्मीद है। प्रदेश में गर्मी का सबसे अधिक पारा खजुराहो में जहां 39.4 डिग्री रहा है। वहीं, आधा दर्जन जिलों में अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री के बीच पहुंच गया है। बुधवार को पूरे प्रदेश में दिन का तापमान सामान्य से औसतन 4 और रात का 2 डिग्री तक अधिक रहा है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार हवाएं दक्षिणी और धूप में लगातार बढ़ रही तेजी से तापमान में बढ़त हो रही है। गुरुवार से शुक्रवार के बीच कुछ जिलों में हल्के बादलों का आना रह सकता है। बुधवार को पांच जिलों में सबसे कम रात का पारा 14 डिग्री तक रहा है। इनमें पचमढ़ी में सबसे कम 12.3, शहडोल 12.7, मंडला 13.4, देवरा, सिंगरौली 14.2, मलाजखंड में न्यूनतम पारा 14.4 डिग्री रहा।

### डॉक्टर ने मांगा ...

की मांग की। जब परिजन तुरंत पैसा नहीं जुटा पाए तो इलाज रोक दिया गया। इतना ही नहीं मरीज को बाहर निकाल दिया गया। विरोध करने पर डॉक्टर आरपी सिंह और उनके बेटे ने परिजनों पर डंडे और हथियार लेकर हमला कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि समय पर इलाज नहीं मिल पाने से उनके परिवार के सदस्य की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज निकलवाए जा रहे हैं। सीएमएचओ डॉ. संजय ऋषीश्वर द्वारा संज्ञान में लेते हुए एमएम हॉस्पीटल की मान्यता रद्द कर दी।

### अब आईआईटी...

महाकुंभ से जुड़े इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन से परिचित कराना है। आईआईआईटी में बीटेक छात्र आमतौर पर सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) और इलेक्ट्रानिक्स संचार (ईसी) जैसे तकनीकी विषयों में विशेषज्ञता प्राप्त करते हैं, लेकिन इस नए कोर्स के जरिए उन्हें न केवल तकनीकी कौशल बल्कि व्यावहारिक प्रबंधन, योजना और सांस्कृतिक समझ का भी ज्ञान मिलेगा।

### छात्रों को मेजर ...

दी जाएगी। बीटेक पाठ्यक्रम कुल 160 क्रेडिट का है। इसमें मेजर विषयों के लिए 145 क्रेडिट और माइनर विषयों के लिए 15 क्रेडिट है। डीन एकेडमिक्स डॉ. मनीष गोस्वामी ने बताया कि माइनर कोर्स को जुलाई सत्र से शुरू करने की तैयारी है।

### पाठ्यक्रम में...

स्थितियों से निपटने की तैयारियां, डिजिटल तकनीक का उपयोग में मेले के सुचारू संचालन के लिए डिजिटल टूल्स और तकनीकों की भूमिका।स्वच्छता, जल निकासी प्रबंधन और हरित पहलुओं पर फोकस। परिवहन, आवास और अन्य आवश्यक सेवाओं का अध्ययन करने के साथ स्थानीय और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को भी पढ़ेंगे।






## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** – मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** – आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** – वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** – परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।


**आवश्यकता**

नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 7439736348

. R-27-02-25 to 17-03-2025 not 4,6,7-03-25

**CHANGE OF NAME**

Before old my name was Devendra Kumar Son of Prabhakar Upadhyay residence Harda Madhya Pradesh. At present my new passport will be made in my name is Devendra Kumar Upadhyay Son of Prabhakar Upadhyay Residence Harda Madhya Pradesh. All documents my name is Devendra Kumar upadhya & Both name is my.

**नाम परिवर्तन**

मैं, श्रीमती वैष्णवी अम्बाडकर (SMT. VAISHNAVI AMBADKAR) पत्नि श्री ऋषभ अम्बाडकर (MR. RISHABH AMBADKAR) निवासी LIG-390 E-7, अरेरा कॉलोनी, भोपाल, मेरा विवाह श्री ऋषभ अम्बाडकर आ.श्री राजेन्द्र अम्बाडकर के साथ सम्पन्न हो गया है। विवाह से पूर्व मेरा नाम वैष्णवी मनोजराव मालपे पुत्री श्री मनोजराव लक्ष्मण मालपे था, जोकि मेरे विवाह पूर्व के समस्त दस्तावेजों एवं मेरे पासपोर्ट क्र. W0365753 में भी दर्ज है। विवाह पश्चात में श्रीमती वैष्णवी अम्बाडकर पत्नि श्री ऋषभ अम्बाडकर के नाम से जानी एवं पहचानी जाती हूँ। भविष्य में भी अपने इसी नाम से जानी एवं पहचानी जाऊँगी।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नरेश आडवानी पुत्र श्री अशोक कुमार आडवानी, उम्र 33, निवासी एच 4/28, मिनी मार्केट, बैरागढ़ भोपाल मध्य प्रदेश निम्नलिखित शपथ पत्र प्रस्तुत करता हूँ कि मेरे कुछ पिछले दस्तावेजों में मेरा नाम नरेश लिखा हुआ है जबकि मेरे आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम नरेश आडवानी लिखा हुआ है कि ऊपर बताए गए दोनों नाम मेरे हैं, जो एक ही व्यक्ति के हैं। जबकि वास्तव में मेरा नाम नरेश आडवानी है। अतः मुझे इसी नए नाम नरेश आडवानी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**आवश्यक सूचना**

वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

**हरिभूमि भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## शब्द पहेली - 5805



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

### शब्द पहेली- 5804 का हल



## सूडोकु नवताल - 5815

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5814 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## शुभ बजट : न कोई नया कर लगाया और न ही किसी पुराने कर की दर में हुआ इजाफा

# मोहन सरकार के बजट में सभी वर्गों के लिए सौगातों का पिटारा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

डॉ.मोहन यादव सरकार के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 4,21,032 करोड़ रुपए का बजट पेश किया।

यह बजट वर्ष 2024-25 के 3.65 लाख करोड़ रुपए के बजट से 15 फीसदी अधिक राशि का है। बजट में न तो कोई नया कर लगाया गया है और न ही किसी पुराने कर की दर में इजाफा करने का प्रस्ताव रखा गया है। बजट में राजकोषीय घाटा 78,902 करोड़ रुपए रहने का अनुमान पेश किया गया है जो राज्य के जीएसडीपी के 4.66 फीसदी के बराबर है। प्रदेश में राजस्व अधिशेष की स्थिति बनी हुई है। वर्ष 2025-26 में राजस्व अधिशेष की राशि 618 करोड़ रुपए तक अधिक रहने का अनुमान है। अतः वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट की राजधानी के व्यावसायिक विशेषज्ञों, कारोबारियों और उद्यमियों ने सराहना की और कहाकि यह चहुंमुखी विकास वाला है।

### चहुंमुखी विकास वाला है बजट



बजट में कोई भी नए टैक्स प्रावधान नहीं किया है। सरकार ने महिला, किसानों, युवाओं, बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक के लिए सौगातों का पिटारा खोला है। मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने पेश बजट में सभी वर्गों को साधने की पूरी कोशिश करेगी। करोड़ों लाडली बहनों के लिए सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। प्रदेश की करोड़ों लाडली बहनों अटल पेंशन योजना से जोड़ेगी। इसके अलावा लाडली बहना के हितग्राहियों को केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना से भी जोड़ा जाएगा। जो स्वागत योग्य कदम है। इसके अलावा मोहन सरकार में बजट में उद्यमियों और स्टॉर्टअप के हितों को भी ध्यान में रखा है

**सुनील जैन**, 501 उपाध्यक्ष, भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज



### उद्योग और रोजगार 'वर्ष' के रूप में मनाने की घोषणा स्वागतयोग्य कदम



*डॉ.मोहन सरकार के बजट में वित्त मंत्री ने बजट 2025-26 को उद्योग और रोजगार वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की है यह स्वागत योग्य कदम है। सरकार उद्योग को पोषित करने के लिए प्रोजेक्ट सब्सिडी के अलावा भूमि, बिजली, एवं नए उद्योगों में दिए गए रोजगार को भी सब्सिडाइजर कर रही है जो प्रदेश में उद्योगो को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। शासन को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अलावा कई ऐसे प्रोजेक्ट जो विभिन्न कारणों से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पा रहे। उन्हें टैक्स रूपी एक ऐसा सपोर्ट देना चाहिए। जिससे वे दूसरे देशों के उत्पादकों से बराबरी कर कम से कम अपने देश में माल बेच सके। एंटी डंपिंग ड्यूटी जैसे ही दूसरे कर आरोपित कर इंपोर्टेड प्रोडक्ट्स को महगा कर सके और हमारे देश में उत्पादित प्रोडक्ट्स बिक सके। सरकार ने उज्जैन में एक मेडिकल डिवाइस पार्क बनाया हैं ,लेकिन उसने बनने वाले सभी उत्पादों की प्रतिस्पर्धा वर्षों से कार्य कर रहे चाइना,मलेशिया और वियतनाम जैसो देशों से है। प्रदेश की सरकार उस इम्पोर्टेड सामान पर कर बढ़ाकर प्रदेश के उद्योगपतियों को सपोर्ट कर सकती हैं।*

***मनोज मोदी**, को-चेयरमैन, मध्यप्रदेश पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज*

### औद्योगिक विकास के लिए एक गेमचेंजर साबित होगा

मध्य प्रदेश सरकार का साहसिक दृष्टिकोण, जो राज्य के बजट 2025 में परिलक्षित हुआ है, औद्योगिक विकास के लिए एक गेम चेंजर साबित हो सकता है।



14,500 एकड़ में 39 नए औद्योगिक क्षेत्रों के निर्माण से तीन लाख से अधिक नए रोजगार के अवसर उत्पन्न होने की उम्मीद है, साथ ही अगले पांच वर्षों में औद्योगिक क्षेत्र के लिए 30,000 करोड़ के प्रोत्साहन और पूंजीगत व्यय में लगभग 31 फीसदी की वृद्धि के साथ, राज्य आर्थिक गतिविधियों का एक गतिशील केंद्र बनने के लिए तैयार है।सीआईआई इन परिवर्तनकारी पहलों की सराहना करता है और मध्य प्रदेश में सतत विकास और नवाचार को बढ़ावा देने में सरकार के साथ साझेदारी करने के लिए तत्पर है।

**पंकज गोयल**, अध्यक्ष, सीआईआई मालवा जोनल काउंसिल

### केंद्र के पदचिन्हों पर चलते हुए चहुमुंखी विकास का बजट हुआ पेश



डॉ.मोहन सरकार ने केंद्र के पद चिन्हों पर चलते हुए चहुमुंखी विकास का बजट पेश किया है। इसे ही डबल इंजन की सरकार बोलते है। हर बजट में कुछ न कुछ अच्छा करने की संभवना बनी रहती है। जो कमी थी बजट में पूरा करने का प्रयास किया गया है। मोहन सरकार को कोई नया टैक्स को प्रावधान नहीं करके बड़ी राहत दी है।

**सुनील पंजाबी**, अध्यक्ष, भोपाल किराना व्यापारी

### ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए कुछ नहीं



बजट में कई सकारात्मक बातें है लेकिन ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए कुछ नहीं है, जो इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों पर रोड टैक्स में छूट की उम्मीद कर रहा था। साथ ही ईंधन पर वैट में कमी की भी उम्मीद थी, क्योंकि मध्य प्रदेश में ईंधन की दरें सबसे अधिक हैं।

**आशीष पांडेय**, अध्यक्ष, भोपाल ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन

### सभी वर्गों को साधने का प्रयास बखूबी किया



मध्य प्रदेश सरकार ने इस बजट में सभी वर्गों को साधने का प्रयास बखूबी किया है विशेष कर 39 नए औद्योगिक क्षेत्र जो कि रोजगार के लिए सहायक होंगे। स्टार्टअप 2025 के अंतर्गत 10,000 स्टार्टअप्स को सहयोग व जिस प्रकार ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट 2025 के अंतर्गत 26 ,61000 हजार करोड़ रुपए के प्रस्ताव शासन को प्राप्त हुए थे। वह सरकार की विकास को लेकर प्रबल इच्छा शक्ति को दर्शाता है । कुल मिलाकर यह बहुत शानदार बजट रहा।

**बलदेव खेमानी**, अध्यक्ष, लोहा व्यवसायी निर्माता संघ भोपाल

### विकास के प्रति समग्र दृष्टिकोण को दर्शाता है



राज्य का 2025-26 बजट स्पष्ट रूप से राज्य के विकास के लिए एक मार्गदर्शन प्रदान करता है, जो डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व के साथ मेल खाता है। बुनियादी ढांचा, उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए बढ़े हुए आवंटन के साथ, यह विकास के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण को दर्शाता है। सीआईआई इन पहलों को आगे बढ़ाने में राज्य के साथ साझेदारी करने के लिए प्रतिबद्ध है, यह सुनिश्चित करते हुए कि ये योजनाएँ उद्योगों और समुदायों के लिए ठोस प्रगति में बदलें।

**अनुभा आनंद**, उपाध्यक्ष, सीआईआई मालवा जोनल काउंसिल

### आर्थिक नीतियों और निवेश मैत्रीपूर्ण वातावरण का प्रमाण

मध्य प्रदेश की 11फीसदीजीएसडीपी वृद्धि, जो देश में सबसे अधिक है, इसके गतिशील आर्थिक नीतियों और निवेश-मैत्रीपूर्ण वातावरण का प्रमाण है। राज्य की



पिछले 22 वर्षों में 17 गुना वृद्धि भविष्य की समृद्धि के लिए एक मजबूत नींव प्रदान करती है। मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में विकसित मध्य प्रदेश 2047 रोडमैप 250 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था प्राप्त करने और प्रति व्यक्ति आय को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करता है। सीआईआई इस दृष्टिकोण का पूरी तरह से समर्थन करता है और राज्य के आर्थिक लक्ष्यों को हासिल करने में साझेदारी करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**सिद्धार्थ सेठी**, उपाध्यक्ष सीआईआई, मध्य प्रदेश

### मोटर व्हीकल टैक्स में 15 प्रतिशत की छूट



बजट में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने वाहन स्क्रेप योजना के अंतर्गत माल परिवहन करने वाले नए वाहनों की खरीदी में मोटर व्हीकल टैक्स में 15 प्रतिशत की छूट दी है, जिससे स्क्रेप योजना को प्रोत्साहन मिलेगा, नए वाहनों की खरीदी में राहत के कारण ट्रांसपोर्ट व्यवसाई आसानी से वाहन रिप्लेस कर सकेंगे। बजट शानदार और खुशहाली लाने वाला है।

**ठाकुरलाल राजपूत**, अध्यक्ष, भोपाल ट्रांसपोर्ट कंपनीज एसोसिएशन

### एमएसएमई सेक्टर के लिए प्रत्यक्ष राहत में कमी



हम राज्य में 39 नए औद्योगिक क्षेत्रों की घोषणा का स्वागत करते हैं, जो व्यापार और निवेश के नए अवसर खोलेंगे। महिला कल्याण, शिक्षा और कृषि के लिए बढ़ा हुआ बजट सकारात्मक कदम है। हालांकि, वित्तीय घाटा 4.11 फीसदी तक पहुंचना चिंताजनक है, जो भविष्य में आर्थिक संतुलन पर दबाव डाल सकता है। लघु व्यापारियों और एमएसएमई सेक्टर के लिए प्रत्यक्ष राहत की कमी खलती है।

**धर्मेंद्र शर्मा**, जिला अध्यक्ष, कैट भोपाल

### प्रदेश के लिए उन्नत विकास का बजट



डॉ.मोहन यादव सरकार के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा बजट में प्रदेश सरकार वैट आवश्यक वस्तुओं पर कम करेंगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लेकिन वहीं दूसरी ओर किसी भी वस्तुओं पर अतिरिक्त कर भी नही लगाया गया, जो राहत की बात है। बजट से प्रदेश के उन्नत विकास में योगदान मिलेगा,अर्थव्यवस्था मजबूत होगी ।

**अनुपम अग्रवाल**, महासचिव, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

### बजट दूरदर्शी सकारात्मक परिणामदायक



मध्यप्रदेश सरकार का बजट निश्चित ही प्रदेश के विकास के नए आर्थिक रास्ते खोलने वाला है। सरकार ने किसी भी नए कर को न लगाना व्यापारियों के लिए राहत का कदम है। इससे महंगाई दर नियंत्रण में रहेगी। बजट प्रदेश के आर्थिक विकास के नए मार्ग खोलेगा। बजट सराहनीय है दूरदर्शी सकारात्मक परिणाम दायक है।

**नवनीत अग्रवाल**, महामंत्री, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

## बिजनेस न्यूज

### टेक्नोक्रेट्स इंस्टीट्यूट में साप्ताहिक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन



भोपाल। टेक्नोक्रेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी एंड साइंस में नेशनल काउंसिल फॉर साईस एण्ड टेक्नालॉजी कम्यूनिकेशन, नई दिल्ली, मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रोद्योगिकी परिषद भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ. विकास शिन्दे प्रिंसिपल साईंटिस्ट मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल उपस्थित थे। प्रोफेसर डॉ. विकास शिन्दे द्वारा छात्रों को विज्ञान में रुझान के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था के संचालक डॉ. विकास गुप्ता द्वारा छात्रों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण के महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

### मिथिलेश बने बीएसएनएल मप्र के मुख्य महाप्रबंधक



भोपाल। मिथिलेश कुमार ने भारत सरकार की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल के मध्यप्रदेश दूरसंचार परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक के पद पर आज पद भार ग्रहण कर लिया है । इससे पूर्व मिथिलेश कुमार, भोपाल स्थित दूरसंचार विभाग में उप महानिदेशक के पद पर नियुक्त थे, पदोन्नति पर बीएसएनएल मध्यप्रदेश दूरसंचार परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक के पद पर उनकी पदस्थापना हुई है । मिथिलेश कुमार वर्ष 1991 बैच के भारतीय दूरसंचार सेवाएं (आईटीएस) से हैं तथा उन्होंने संचार से संबंधित संस्थापन, विस्तार और मेंटेनेंस के क्षेत्रों में विभिन्न पदों पर रहते हुए अपनी सेवाएं दी हैं । मिथिलेश कुमार को दूरसंचार क्षेत्र में 34 वर्षों से ज्यादा का अनुभव है।

### मिनिमली इनवेसिव हार्ट सर्जरी स्वस्थ भविष्य की बेहतर उम्मीदः डॉ. दिलीप



भोपाल। अपोलो सेज अस्पताल, भोपाल के सीनियर कंसल्टेंट सीटीवीएस , डॉ. दिलीप सिंह राठौड़ ने एमआईसीएस की भूमिका पर कहा कि मिनिमली इनवेसिव हृदय सर्जरी मरीजों की देखभाल को बदल रही है। यह सर्जरी के आघात को कम करने, तेजी से रिकवरी सुनिश्चित करने और लाइफ सेविंग ट्रीटमेंट में होने वाली देरी को रोकने में मदद करती है। यह तकनीक सिर्फ अस्पताल में कम दिन बिताने के लिए नहीं है, बल्कि मरीजों को एक स्वस्थ भविष्य की बेहतर उम्मीद देने के लिए है।? यह दिखाता है कि मिनिमली इनवेसिव हृदय सर्जरी मरीजों की देखभाल को कैसे बदल रही है। यह तकनीक शरीर पर कम असर डालती है, रिकवरी को तेज करती है और कम समय में जटिल इलाज को संभव बनाती है। मिनिमली इनवेसिव कार्डिएक सर्जरी हृदय रोगों के इलाज का तरीका बदल रही है, जिससे गंभीर रूप से बीमार मरीज भी जल्दी ठीक हो सकते हैं।

### बोर्जेस ने एक्स्ट्रा वर्जिन ओलिव ऑयल पेश किए

भोपाल। बोर्जेस इंडिया ने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए दो नए प्रीमियम प्रोडक्ट-जीरो पेस्टिसाइड रेजिड्यू (जैडपीआर) एलमंड्स और सिंगल वैरायटी एक्स्ट्रा वर्जिन ओलिव ऑयल पेश किए हैं। ये उत्पाद भारतीय ग्राहकों को मेडिटेरेनियन डाइट के अनुरूप इनोवेटिव और पोषण से भरपूर विकल्प उपलब्ध कराएंगे। जीरो पेस्टिसाईड रेजिड्यू एलमंड्स बोर्जेस इंडिया द्वारा पेश किए गए जीरो पेस्टिसाईड रेजिड्यू (जैडपीआर) एलमंड्स बाजार में अपनी तरह की पहली पेशकश हैं। बोर्जेस इंडिया ने अपने ओलिव ऑयल और मेडिटेरेनियन उत्पादों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए दो सिंगल वैरायटी एक्स्ट्रा वर्जिन ओलिव ऑयल पेश किए हैं।

## विश्व के शीर्ष 100 विश्वविद्यालय 2025 की रैंकिंग में वीआईटी हुआ शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶वेल्लोर





पहली बार डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को दुनिया के शीर्ष 100 विषयों में स्थान दिया गया है। वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषक क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा जारी किए गए विषय के आधार पर क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग का 2025 संस्करण, 55 शैक्षणिक विषयों में फैले 100 वैश्विक स्थानों में 1700 से अधिक विश्वविद्यालयों में छात्रों द्वारा लिए गए 18,300 से अधिक व्यक्तिगत विश्वविद्यालय कार्यक्रमों के प्रदर्शन पर स्वतंत्र तुलनात्मक विश्लेषण प्रदान करता है। वीआईटी का प्रदर्शन एक गतिशील प्रवृत्ति को दर्शाता है, जिसमें 4 विषयों ने बेहतर रैंकिंग का प्रदर्शन किया, 8 ने अपनी स्थिति बनाए रखी और 2 विषयों ने पहली बार रैंकिंग में प्रवेश किया। यह उपलब्धि विभिन्न क्षेत्रों में अकादमिक उत्कृष्टता और शोध कौशल के लिए वीआईटी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। वीआईटी ने इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के व्यापक विषय क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की, जहां रैंक 212 से बढ़कर 142 हो गई और प्राकृतिक विज्ञान 401-450 बैंड से 362 पर चढ़ गया। वीआईटी ने जैविक विज्ञान के लिए 351-400 बैंड और व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन के लिए 551-600 बैंड में अपना स्थान बरकरार रखा है। वीआईटी ने कृषि एवं वानिकी श्रेणी में भी 351-400 बैंड में अपना स्थान प्राप्त किया है। क्यूएस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेन सॉटर ने उभरते बाजारों की बढ़ती प्रमुखता को देखते हुए वैश्विक उच्च शिक्षा की बदलती गतिशीलता पर प्रकाश डाला। रैंकिंग में भारत के समग्र प्रदर्शन में 79 संस्थानों की 454 विषय प्रविष्टियां शामिल हैं। उल्लेखनीय रूप से, 105 प्रविष्टियों की रैंकिंग में सुधार देखा गया।

### पांच रेलवे कर्मचारी संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित

खोरधा रोड(ओडिशा) । खोरधा रोड के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा ने ड्यूटी के दौरान अनुकरणीय सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित एवं कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए मंडल के पांच रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। सम्मान समारोह खोरधा रोड के वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी नमोनारायण मीना तथा अन्य शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। मडल रेल प्रबंधक ने कम्पानी सेठी, ट्रैक मेंटेनर/हिंदोल, प्रमोद कुमार मंडल, ट्रैक मेंटेनर/बुढ़ापंक, अमरेश बेहेरा, टीपीएम 'बी'/सदाशिवपुर, कैलाश चंद्र बारिक, शंटिंग मास्टर/पुरी और शक्ति प्रसाद साहू टीपीएम'ए'/कामाख्यानगर को सम्मानित किया तथा इन रेल कर्मचारियों की अटूट निष्ठा की सराहना की। उन्होंने सभी रेल कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सतर्क, सजग और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति समर्पित रहें।






**बैंक आफ महाराष्ट्र** (भारत सरकार का उद्यम) www.bankofmaharashtra.in

अंचल कार्यालय : 1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011

**आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) नियम-8 (1)**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूहित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चो सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। यह सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक एवं हैंड डिलेवरी द्वारा भेजा गया था। ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का कब्जा निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है । ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, टी.टी. नगर शाखा, भोपाल** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता | बंधक रखी संपत्ति के विवरण | मांग सूचना दि. / कब्जा दिनांक | बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| **मेसर्स उमा लोकल सर्विस** (ऋणी) प्रोपराइटर : श्री उमा शंकर राठौड़ 2) श्रीमती कलावती बाई पत्नि स्व. श्री बद्री प्रसादजी राठौड़ (जमानतदार) 3) श्री रमेश राठौड़ पुत्र श्री बद्री प्रसाद (जमानतदार) सभी का पंजीकृत पताः 134, इब्राहिमगंज, बाग घासीरामजी, छोला रोड भोपाल -462001 | संपत्ति का समस्त भू भाग व्यावसायिक भूमि स्थित 134, इब्राहिमगंज, बाग घासीरामजी छोला रोड, भोपाल- 462001 संपत्ति मालिक- श्रीमती कलावती राठौर चर्तुसीमाएंः पूर्व- तेज सिंह का प्लॉट, पश्चिम- सरकारी रोड, उत्तर- नूराबाई का मकान, दक्षिण- अबचक और बिहारीलालजी का मकान। संपत्ति मालिक- श्रीमती कलावती बाई पत्नि स्व. श्री बद्री प्रसादजी राठौर | 24/12/2024 10/03/2025 | ₹ 561932.00/- +UI-223436.00 + दि. 24/12/2024 से पेनल ब्याज एवं अन्य खर्च |

दिनांक : 13.03.2025 स्थानः भोपाल

मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी असेट रिकवरी सेल



**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोलार, जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक-5372/अ-6/24-25

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक **विश्वेन्द्र सिंह दांगी आ. देवेन्द्र सिंह दांगी** निवासी भोपाल म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. MP059702024A1419855 दिनांक 30/03/2024 ग्राम रापड़िया, स्थित भूमि खसरा नंबर 3/2, 4/1 का अंश भाग, रामायण साउथ अवेन्यु, फेज-1, रापड़िया के भूखण्ड क्र. ए-36, क्षेत्रफल 1200 वर्गफिट भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 21/03/25 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 07/03/25 को जारी किया गया।

**तहसीलदार तहसील-कोलार, भोपाल**



**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

प्रधान कार्यालय राजमहल राजगढ़

-: विज्ञप्ति :-

बैंक की बैकर्स इंडेमिनिटी पालिसी वर्ष 2025-26 के लिए बीमा निम्नानुसार कराया जाना है :-

| क्र. | बीमा पालिसी | बीमा धन राशि |
|---|---|---|
| 1. | बैसिक बीमित राशि रू | 50.00 लाख |
| 2. | केशइन प्रिमाईसिज राशि रू. | 150.00 लाख |
| 3. | केशइन ट्रांजिट राशि रू. | 100.00 लाख |
| 4. | केशइन काउंटर राशि रू. | 100.00 लाख |
| 5. | बैंक कर्मचारियो की संख्या | 151 |
| 6. | शाखाऐं 15, मुख्यालय 01 की संख्या | 16 |

इच्छुक बीमा कंपनी अपनी प्रीमियम दर सीलबंद लिफाफे में दिनांक 20.03.2025 तक बैंक कार्यालयीन समय में बैंक के सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत कर सकते है। संबंधित जानकारी एवं अन्य शर्ते कार्यालयीन समय में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित प्रधान कार्यालय राजगढ़ से प्राप्त की जा सकती है। किसी भी निविदा को स्वीकृत करना न करना बैंक के अधिकार क्षेत्र में रहेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या., राजगढ़**



**केन फिन होम्स लि.** Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS Translating Dreams into Reality

प्रथम तल, बिजनेस सेंटर, प्लॉट सं. 31, निकट इन्कम टैक्स ऑफिस, सिटी सेंटर, ग्वालियर–471001 (एम.पी.) Ph: 0751-4922182, Email: Gwalior@canfinhomes.com M. No. 7625079182, CIN: L85110KA1987PLC008699

**मांग सूचना**

"वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का सं 50) की धारा 13(2) के अधीन

सेवा मे,

1. **स्वर्गीय रविशंकर यादव पुत्र श्री राम प्रसाद यादव** के सभी कानूनी उत्तराधिकारी, और **श्रीमती पूजा यादव पत्नी स्वर्गीय रविशंकर यादव**, निवासी सर्वे नंबर 42/1 के प्लॉट नंबर 43 और 44, ग्राम पुरानी छावनी, वार्ड नंबर 64, ग्वालियर, मध्य प्रदेश–474010
2. **गारंटरः हरि शंकर यादव पुत्र राम गोपाल**, गोवर्धन कॉलोनी, निकट साईं बाबा मंदिर गोले का मंदिर ग्वालियर, मध्य प्रदेश– 474001

आपने हमारी शाखा से नं. **1** की निम्नलिखित संपत्ति को गिरवी रखने की जमानत पर आवास ऋण **रु. 14,12,435.90/–** (रुपए चौहद लाख बारह हजार चार सौ पैंतीस तथा पैसे नब्बे मात्र) लिया है, जो कि दिनांक 06.03.2025 तक कैन फिन होम्स लिमिटेड को अनुबंधित दर पर भविष्य के ब्याज के साथ देय है।

**बंधक रखी आस्ति का विवरण**

सर्वे नं 42/1, गांव पुरानी छावनी, वार्ड नं 64, ग्वालियर, मध्य प्रदेश–474010 के प्लॉट नं 43 और 44 पर स्थित सभी।

**सीमाएं**: पूर्वः अन्य प्लॉट पश्चिमः 20 फीट रोड उत्तरः विक्रेता का प्लॉट दक्षिणः विक्रेता का प्लॉट

आप को सरफासी ऐक्ट, 2002 की धारा 13(2) के अधीन पंजीकृत मांग सूचना नं. **1** एवं **2** को प्रेषित की गई थी। परंतु सूचना बिना सुपुर्दगी/मृतक वापस प्राप्त की जा चुकी है। अतएव अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम के अनुसार उक्त **कर्जदार/रों** के अंतिम ज्ञात पते के परिसर पर चस्पा करवा दी है। अतः समाचार पत्र में यह सूचना प्रकाशित की जा रही है। चूंकि आप मंजूरी की शर्तों का पालन करने में असफल रहे हैं, अतः यह खाता एनएचबी के दिशानिर्देशों के अनुसार दिनांक **28.02.2025** को गैर निष्पादक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जा चुका है। एतद्द्वारा आपसे उपरोक्त राशि का भुगतान दिनांक **06.03.2025** से उस पर संविदा दर पर ब्याज सहित इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की जाती है, जिसमें विफल रहने पर अधोहस्ताक्षरी सरफासी ऐक्ट के अधीन उपरोक्त प्रतिभूति प्रवर्तित करने के लिए कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु बाध्य होगा।

इसके अतिरिक्त कर्जदारों/गारंटरों का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

दिनांक: 12–03–2025 स्थानः ग्वालियर

हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी केन फिन होम्स लिमिटेड



**सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया Central Bank of India**

1911 से आपके लिए ''केंद्रित'' "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल

**आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) नियम-8 (1)**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (एक्ट 54 का 2002) अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चो सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था।

ऋणी द्वारा पूर्ण राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी, जमानतदार एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का कब्जा निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है।

ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा।

ऋणकर्ता जमानतदार / संपत्ति स्वामी का ध्यान आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधान के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम | चल एवं अचल बंधक संपत्ति का विवरण / चौहद्दी /संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक | मांग सूचना के अनुसार देय राशि |
|---|---|---|---|
| | **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इब्राहिमपुरा शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणी- **श्री जितेन्द्र कुमार सोनी पुत्र संतोष सोनी एवं श्रीमती मीनाक्षी सोनी पत्नि जितेन्द्र सोनी** | (1) **दुकान नं. 3, भूतल मकान नं. 122, वार्ड नं. 33, जहांगीराबाद, तहसील हुजूर जिला भोपाल -462001,** क्षेत्रफल-80.00 वर्गफीट, चर्तुसीमाएंः उत्तरः अन्य की संपत्ति, दक्षिणः 6 फीट 6 इंच का मार्ग जो मुख्य सड़क पोस्ट ऑफिस जहांगीराबाद से मिलता है, पूर्वः फहीम अनवर और सुकरूर अनवर की दुकान, पश्चिमः जितेंद्र सोनी की दुकान (2) **दुकान नं. 4, भूतल मकान नं. 122, वार्ड नं. 33, जहांगीराबाद, तहसील हुजूर जिला भोपाल -462001,** क्षेत्रफल-64.00 वर्गफीट, चर्तुसीमाएंः उत्तरः गलियारा, दक्षिणः मुजाहिद का मकान, पूर्वः दुकान नं. 03, पश्चिमः दुकान नं. 05 (3) **दुकान नं. 5, भूतल मकान नं. 122, वार्ड नं. 33, जहांगीराबाद, तहसील हुजूर जिला भोपाल -462001,** क्षेत्रफल-74.24 वर्गफीट, चर्तुसीमाएंः उत्तरः कॉरिडोर, दक्षिण : मुजाहिद पुत्र चुद्दू का मकान, पूर्वः दुकान नं 04, पश्चिमः अन्य का मकान | 17/12/2024 12/03/2025 | दि. 17.12.2024 को ₹ **11,91,908.87** +दिनांक 17.12.2024 से ब्याज एवं खर्चे |
| | **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इमामीगेट शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणी- **श्री सैयद मिनहाज उद्दीन पुत्र सैयद मोइनुद्दीन एवं श्रीमती तस्लीम पत्नी सैयद मिनहाज उद्दीन** | **फ्लैट नंबर एलएल-12, तीसरी मंजिल, साहिल अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर बी-6, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कोहेफिजा, भोपाल, मप्र-462001,** क्षेत्रफल-500 वर्गफीट, संपत्ति मालिक- श्री सैयद मिनहाज उद्दीन पुत्र सैयद मोइनुद्दीन, निवास एफ-12, चिराग अपार्टमेंट, ईदगाह हिल्स, भोपाल, मप्र, 462001, चर्तुसीमाएंः उत्तरः फ्लैट नंबर एसएल-11, दक्षिणः खुला प्लॉट नंबर बी-05, पूर्वः हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का मकान नंबर बी-10, पश्चिमः फ्लैट नंबर एसएल-10 | 05/12/2024 11/03/2025 | दि. 05.12.2024 को ₹ **13,44,831.81** +दिनांक 05.12.2024 से ब्याज एवं खर्चे |
| ऋणी- **मेसर्स श्रीनाथजी इंडस्ट्रीज (प्रो. श्री अमरजीत सिंह पुत्र स्व.श्री नन्नू सिंह)** | **सेक्टर बी, प्लॉट नंबर 89, औद्योगिक क्षेत्र, बगरोदा, भोपाल, म.प्र.-462026, क्षेत्रफल-930 वर्गमीटर,** संपत्ति मालिक- मेसर्स श्री नाथजी इंडस्ट्रीज, प्रोप. श्री अमरजीत सिंह पुत्र स्व. नन्नू सिंह, निवास स्थान एच.नं. 340, सेक्टर 2, शक्ति नगर, हबीबगंज, हुजूर, भोपाल, म.प्र.-462024, चर्तुसीमाएंः उत्तरः 24 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिणः प्लॉट नंबर 80, पूर्वः प्लॉट नंबर 88, पश्चिमः प्लॉट नंबर 90 | 06/12/2024 11/03/2025 | दि. 06.12.2024 को ₹ **55,87,710/-** +दिनांक 06.12.2024 से ब्याज एवं खर्चे |

स्थान : भोपाल, दिनांक : 13.03.2025

प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया



**कार्यालय कलेक्टर जिला भोपाल (म.प्र.)**

क्रमांक/281/भू-अर्जन/2025 — भोपाल, दिनांकः- 03/03/2025

// सार्वजनिक सूचना //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2014 के तहत कलियासोत ब्रिज से बावड़िया कलां तक 80 फिट मास्टर प्लान सड़क निर्माण कार्य में प्रभावित ग्राम बावड़िया कलां, तहसील कोलार जिला भोपाल के निम्नलिखित भू-धारक की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक-2, लोक निर्माण विभाग जिला भोपाल के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा हैः-

| क्र | भू-धारक का नाम | खसरा नम्बर | कुल रकबा (हे. में) | क्रय हेतु प्रस्तावित रकबा (हे. में) | भूमि की किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्री विनोद मोटवानी आ. स्व. श्री लक्ष्मीचन्द मोटवानी | 147/3/6 | 0.105 | 0.097 | मुख्य मार्ग |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर जिला भोपाल

G-24234/24 " स्वच्छता ही सेवा "

चिंतन

# बांग्लादेश की हर हरकत पर रखनी होगी पैनी नजर

शेख हसीना सरकार के तख्ता पलट के बाद से बांग्लादेश भारत के लिए परेशानी बनता आ रहा है। मुहम्मद यूनुस सरकार एक के बाद एक ऐसे काम कर रही है, जिनसे भारत का सतर्क रहना बहुत जरूरी है। पाकिस्तान से प्रेम की पींगे बढ़ने के बाद अब बांग्लादेश चीन की गोद में बैठने को आतुर है। पहले तो बांग्लादेश ने पाकिस्तान से खाद्यान लेने का ऐलान किया और बड़ी संख्या में चावल पाक से बांग्लादेश पहुंच भी गया। पहले वो अपनी जरूरतों का खाद्यान भारत से खरीदता था। अब खबर आ रही है कि चीन ने बांग्लादेश को बड़े पैमाने पर हथियार दिए हैं। एक शोध पत्र के अनुसार, चीन ने बांग्लादेश को हथियारों के अलावा कई मिलिट्री टेक्नोलॉजी भी ट्रांसफर की है। चीन की कोशिश बांग्लादेश को सैन्य रूप से इतना सक्षम बनाने की है ताकि वह भारत के लिए सीमा पर परेशानी खड़ी कर सके। बांग्लादेश में चीन की राष्ट्रीय छवि शीर्षक से शोध पत्र मंगलवार को प्रकाशित हुआ। ढाका विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर और सेंटर फॉर अल्टरनेटिव्स के कार्यकारी निदेशक इम्तियाज अहमद, चीनी राजदूत याओ वेन और अन्य ने ढाका के एक होटल में सेंटर फॉर अल्टरनेटिव्स द्वारा आयोजित शोध पत्र के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। यह सब बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस की चीन यात्रा से कुछ सप्ताह पहले हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ढाका में सत्ता परिवर्तन के बावजूद रक्षा संबंधों के बरकरार रहने का प्रतीक है। बांग्लादेश की नई सरकार जो भी फैसले ले रही है, उनमें भारत विरोध की बू आती है। अफगानिस्तान को भारत ने बहुत आर्थिक मदद दी, परंतु उसका कोई विशेष सकारात्मक परिणाम नहीं निकला। बांग्लादेश को हमने 1971 में स्वतंत्र करवाया। शेख हसीना के कार्यकाल में ऐसा लगा कि हमारी पूर्वोत्तर की सीमाएं अब सुरक्षित रहेंगी और इस पड़ोसी देश से अच्छे संबंध बने रहेंगे, परंतु यह अध्याय भी 5 अगस्त 2024 को समाप्त हो गया, जब बांग्लादेश में तख्तापलट हो गया और शेख हसीना को भारत में शरण लेनी पड़ी। उसके बाद से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के विरुद्ध 2,400 हिंसात्मक घटनाएं हो चुकी हैं। बांग्लादेश सरकार का ध्यान जब इन घटनाओं की ओर आकर्षित किया जाता है तो वह दलील देती है कि यह हमारा आंतरिक मामला है और घटनाएं सांप्रदायिक नहीं, बल्कि राजनीतिक है। भारत के लिए विशेष चिंता के तीन पहलू हैं। पहला तो यह कि बांग्लादेश में कट्टरपंथियों का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। जमाते इस्लामी से प्रतिबंध हटा लिया गया है। पिछली सरकार ने जो कट्टरपंथी जेल में बंद कर रखे थे, उन्हें छोड़ दिया गया है। अंतरिम सरकार का समर्थन कर रहा हिजबुत तहरीर दुनिया भर में खलीफा का साम्राज्य स्थापित करने में विश्वास करता है। दूसरा यह कि बांग्लादेश का झुकाव ही नहीं, बल्कि लगाव भी पाकिस्तान से होता जा रहा है। पाकिस्तानी गायक ढाका आमंत्रित किए जा रहे हैं। तीसरा यह कि चीन अब बांग्लादेश में अपना जाल और तेजी से फैला सकता है। उसकी बेल्ट एंड रोड एनिशिएटिव योजना को और गति मिल सकती है। इससे भारत को सतर्क रहना होगा। पूर्वोत्तर की सीमाओं को हमें फिर से सुरक्षित करना होगा। बांग्लादेश की 4,096 किमी सीमा पर सीमा सुरक्षा बल तैनात है, उसे अपनी ड्यूटी और मुस्तैदी से करनी पड़ेगी। सरकार को भी पड़ोसी की हर हरकत पर पैनी नजर रखनी होगी। तभी हम सुरक्षित रह पाएंगे।



पड़ोस
अरविंद जयतिलक

# पाक के हाथ से फिसलता बलूचिस्तान

> पाकिस्तान की सरकार भी बंधकों को छुड़ाने के लिए लगातार कसरत कर रही है। दावा है कि पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज ने दो दर्जन बलूच लड़ाकों को मार गिराया है और एक सैकड़ा से अधिक बंधकों को छुड़ा लिया है। देखना दिलचस्प होगा कि बलूच लड़ाकों की कैद से अपने बंधकों को छुड़ाने में पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज कितना कामयाब होती है। लेकिन असल सवाल यह है कि बलूचिस्तान में अलगाववाद की उठ रही लपटों से पाकिस्तान कैसे निपटेगा? जिस तरह बलूचिस्तान की डोर उसके हाथ से फिसलती जा रही है उससे तो यही रेखांकित होता है कि आने वाले कुछ वर्षों में बलूचिस्तान अपनी आजादी की जंग में कामयाब होगा।

पाकिस्तान के अस्थिर बलूचिस्तान राज्य में आजादी की लड़ाई लड़ रहे बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के सदस्यों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाइजैक कर पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर शिकन ला दी है। ट्रेन में तकरीबन 500 यात्री सवार थे जिनमें से दो सैकड़ा से अधिक लोगों को बलोच लड़ाकों ने बंधक बना लिया है। ट्रेन बलूचिस्तान के बोलान इलाके में एक सुरंग के अंदर खड़ी है जहां पाकिस्तानी सेना को कार्रवाई करने में पसीने छूट रहे हैं। बंधक बनाए गए लोगों में सर्वाधिक पाकिस्तान आर्मी और उसकी खूफिया एजेंसी आईएसआई के ही लोग हैं। लड़ाकों की मानें तो उन्होंने आम नागरिकों को आजाद कर दिया है। तकरीबन तीस पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या की बात भी कबूली है। लड़ाकों ने दो टूक कहा है कि वे सैनिकों को रिहा नहीं करेंगे। दरअसल उनकी कुछ मांगें हैं जिन्हें पाकिस्तान की सरकार पूरा करती है तो बंधकों की जान बख्श सकते हैं। अगर मांगें नहीं मानी गई तो फिर लाशों से भरी ट्रेन ही पाकिस्तान की सरकार को मिलेगी। बलोच लिबरेशन आर्मी की मांग है कि पाकिस्तान सरकार बलूच के राजनीतिक कैदियों, गायब हुए लोगों, अलगाववादी नेताओं, लड़ाकों और उनके कार्यकर्ताओं को बिना किसी शर्त के रिहा करे। अन्यथा उन्हें खतरनाक परिणाम भुगतना होगा।

बलूच लड़ाकों ने पाकिस्तान की सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उधर, पाकिस्तान की सरकार भी बंधकों को छुड़ाने के लिए लगातार कसरत कर रही है। दावा है कि पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज ने दो दर्जन बलूच लड़ाकों को मार गिराया है और एक सैकड़ा से अधिक बंधकों को छुड़ा लिया है। देखना दिलचस्प होगा कि बलूच लड़ाकों की कैद से अपने बंधकों को छुड़ाने में पाकिस्तानी सिक्योरिटी फोर्सेज कितना कामयाब होती है। लेकिन असल सवाल यह है कि बलूचिस्तान में अलगाववाद की उठ रही लपटों से पाकिस्तान कैसे निपटेगा? जिस तरह बलूचिस्तान की डोर उसके हाथ से फिसलती जा रही है उससे तो यही रेखांकित होता है कि आने वाले कुछ वर्षों में बलूचिस्तान अपनी आजादी की जंग में कामयाब होगा। ऐसा इसलिए कि पाकिस्तान में चौतरफा अराजकता का माहौल है। खैबर पख्तुनवां में भी आग लगी है। सिंध प्रांत भी उबल रहा है। पाकिस्तान की भूमि पर फन फैलाए बैठे आतंकी संगठन भी अब पाकिस्तानी संप्रभुता के लिए नई चुनौती परोस रहे हैं। फिर बलूचिस्तान कब तक पाकिस्तान का अविभाजित अंग बना रहेगा। जानना आवश्यक है कि बलूचिस्तान तेल और खनिज से संपन्न पाकिस्तान का सबसे बड़ा और कम आबादी वाला राज्य है। यहां सर्वाधिक आबादी बलूचों की है और उनका आरोप है कि पाकिस्तान की सरकार उनके साथ भेदभाव और शोषण करती है। उनके खनिज संपदा का जमकर दोहन करती है लेकिन उनकी बुनियादी जरूरतों का तनिक भी ख्याल नहीं रखती है। गौर करें तो पाकिस्तानी सेना दशकों से बलूचिस्तान में अलगावादियों का उत्पीड़न व हत्या कर रही है। अब तक पाकिस्तानी सेना के हाथों हजारों बलूच नागरिक मारे जा चुके हैं। पाकिस्तानी सेना द्वारा 2006 में बलोच नेता नवाब अकबर बुगती की हत्या के बाद बलूचियों पर अत्याचार पहले से बढ़ गया है। याद होगा 2005 में बलूच नेता नवाब अकबर बुगती और मीर



बलाच मार्री द्वारा पाकिस्तान सरकार के समक्ष 15 सूत्री मांगें रखी गयी थी। इस मांग में बलूचिस्तान प्रांत के संसाधनों पर ज्यादा नियंत्रण और सैनिक ठिकानों के निर्माण पर रोक का मुद्दा शीर्ष पर था। लेकिन पाकिस्तानी सरकार ने इन मांगों को सिरे से खारिज कर दिया। नतीजा टकराव बढ़ गया। बलूचिस्तान प्राकृतिक संसाधनों से लैस है। पाकिस्तान के कुल प्राकृतिक गैस का एक तिहाई यहीं से निकलता है। विडंबना है कि उसका आनुपातिक लाभ बलूचिस्तान को नहीं मिलता है।

उदाहरण के लिए 1952 में बलूचिस्तान के डेरा बुगती में गैस के भंडार का पता लगा और 1954 से गैस का उत्पादन शुरू हो गया। पाकिस्तान के अन्य तीनों प्रांतों को उसका लाभ तुरंत मिलने लगा लेकिन बलूचिस्तान को यह लाभ 1985 में मिला। इसी तरह चीन के साथ तांबा, सोना और चांदी उत्पादन करने की पाकिस्तानी चगाई मरुस्थल योजना 2002 में आकार ली। तय हुआ कि बलूचिस्तान को उसका वाजिब लाभ मिलेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस योजना के तहत प्राप्त लाभ में चीन का हिस्सा 75 फीसद और पाकिस्तान का 25 फीसद है। इस 25 फीसद में बलूचिस्तान के हिस्से में सिर्फ 2 फीसद ही आता है। यह स्थिति तब है जब पाकिस्तानी संविधान के 18वें संशोधन के मुताबिक बलूचिस्तान को विशेष अधिकार प्राप्त है। इसी नाइंसाफी का नतीजा है कि बलूचिस्तान के नागरिक आक्रोशित हैं और पाकिस्तान से अलग होने की मांग कर रहे हैं। वगौर करें तो बलूचिस्तान कभी भी पाकिस्तान का नैसर्गिक हिस्सा नहीं रहा है। इतिहास में जाएं तो 15 अगस्त, 1947 को भारत के साथ ही बलूचिस्तान ने भी अपनी आजादी का ऐलान किया था। लेकिन अप्रैल 1948 में पाकिस्तानी सेना ने मीर अहमद यार खान को अपना राज्य कलात छोड़ने पर मजबूर कर दिया। उनसे जबरन कलात की आजादी के खिलाफ समझौते पर हस्ताक्षर करवाया गया जबकि उनके भाई प्रिंस अब्दुल करीम खान इस समझौते के विरुद्ध थे। वे किसी भी कीमत पर बलूचिस्तान का 23 फीसद हिस्सा पाकिस्तान को देने को तैयार नहीं थे। लिहाजा उन्होंने 1948 में पाकिस्तान के खिलाफ अलगाव का बिगुल फूंक दिया। उनके नेतृत्व में बलूच नागरिकों ने अफगानिस्तान की जमीन से पाक सैनिकों के खिलाफ गुरिल्ला जंग छेड़ दी।

इस संघर्ष को नवाब नवरोज खान ने आगे बढ़ाया लेकिन इसकी कीमत उन्हें भारी चुकानी पड़ी। पाकिस्तान की सरकार ने उनके दोनों बेटों और भतीजों को फांसी पर लटका दिया। इस अत्याचार के बाद भी जब बलूचों का स्वर धीमा नहीं पड़ा तो यहां 1973-74 में मार्शल लॉ लागू कर दिया गया और अलगाववादियों के विरुद्ध दमनात्मक कार्रवाई तेज हो गयी। इस दौरान तकरीबन 8000 बलूची नागरिक मारे गए और हजारों घायल हुए। लेकिन गौर करें तो पाकिस्तानी सेना के जुल्म के बाद भी आजादी का स्वर थमा नहीं है। मौजूदा समय में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी, बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट, यूनाइटेड बलोच आर्मी, लश्कर ए बलूचिस्तान और बलूचिस्तान लिबरेशन यूनाइटेड फ्रंट जैसे संगठन बलूचिस्तान की आजादी के लिए आंदोलित हैं। पाकिस्तान के लिए यह मुसीबत पैदा करने वाला है कि भारत ही नहीं अमेरिका भी बलूचिस्तान पर पाकिस्तानी सेना द्वारा मानवाधिकार हनन और अत्याचारपूर्ण कार्रवाई को अनैतिक मान रहा है। गत वर्ष कैलिफोर्निया के रिपब्लिकन सांसद दाना रोहराबचेर ने दो अन्य सांसदों के समर्थन से अमेरिकी कांग्रेस में बलूचिस्तान के लिए इन जुल्मों के खिलाफ 'आत्मनिर्णयन' के अधिकार की मांग वाला प्रस्ताव पेश किया था। दो राय नहीं कि आने वाले दिनों में दुनिया के अन्य देश भी बलूचिस्तान के मसले पर मुखर होंगे और पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ेंगी।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

रंगों का त्योहार
विवेक शुक्ला



# होली पर दरियांगज में रंगों से सराबोर हुए थे मुंशी प्रेमचंद

मुंशी प्रेमचंद 7 मार्च, 1936 दिल्ली पहुंचे। अगले दिन यानी 8 मार्च को होली थी। होली पर दिल्ली होली का रंग और मस्ती चढ़ी हुई थी। तब तक दिल्ली आज के मुकाबले तो बहुत छोटी थी। उस होली पर मुंशी प्रेमचंद दरियागंज में हिंदी के प्रख्यात लेखक जैनेन्द्र कुमार जैन के घर ठहरे हुए थे। उनके दिल्ली आने का मकसद हिंदुस्तानी सभा के गठन के मौके पर मौजूद रहना था। ये हिंदी-उर्दू लेखकों का साझा मंच था। ऐसे ही समय होली वालों की एक टोली जैनेंद्र जी के घर में अचानक घुस आई और बीसियों पिचकारियों की धार और गुलाल से उस दल ने मुंशी प्रेमचंद का ऐसा सम्मान किया कि एक बार तो प्रेमचंद चौंक गये। वे पल भर में सिर से पांव तक कई रंगों के पानी से भीग चुके थे। हड़बड़ाकर उठे, अपने को संभाला। बोले - अरे भाई जैनेन्द्र, हम तो मेहमान हैं। मुंशी प्रेमचंद होली वाले दिन शाम के वक्त करोल बाग में जामिया मिल्लिया इस्लामिया कैंपस पहुंचे। तब तक जामिया का कैंपस करोल बाग में हुआ करता था। प्रेमचंद जब शाम को हिन्दुस्तानी सभा के कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे तो उनके चेहरे पर होली का रंग लगा हुआ था। दरअसल मुंशी प्रेमचंद का दिल्ली में आना-जाना लगा रहता था। प्रेमचंद दिल्ली आए तो यहां उनके मेजबान 'रिसाला जामिया' पत्रिका के संपादक अकील साहब थे। जामिया में प्रेमचंद से मिलने वालों की कतार लग गई। सब उनसे मिलना चाहते थे। बहरहाल, जामिया कैंपस में अकील साहब ने प्रेमचंद से गुजारिश की कि वे यहां रहते हुए एक कहानी लिखें। ये बातें दिन में हो रही थीं। प्रेमचंद ने अपने मित्र को निराश नहीं किया। उन्होंने उसी रात को अपनी अमर कहानी 'कफन' लिखी।

इस बीच, सारे देश की तरह होली के रंग दिल्ली की फिजाओं में बिखर चुके हैं। गुलाल और गुझिया की खुशबू को हर तरफ महसूस किया जा सकता है। आम-खास सब होली के मूड में हैं। यूं तो राजधानी में होली मिलन के अनेक आयोजन होते रहे हैं, इस बार भी होंगे। पर कुछ आयोजन यादगार रहे हैं। उदाहरण के रूप में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सरकारी आवास में आयोजित होने वाला होली मिलन विशेष महत्व रहता था। उसमें इंदिरा गांधी मेहमानों को गुझिया खिलवाती थीं। सारा होली मिलन काफी शालीन अंदाज में होता था। एक दौर में हरिवंश राय बच्चन और तेजी बच्चन सारे आयोजन को देखते थे। होली पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सरकारी आवास 1, सफदरजंग रोड के गेट भी सबके लिए खुल जाते थे। 1980 के बाद इंदिरा जी के होली मिलन पहले की तरह भव्य नहीं रहे गए थे, सुरक्षा कारणों के चलते। तब तक पंजाब में आतंकवाद ने अपनी ज़ड़ें जमा ली थीं। अटल बिहारी वाजेयी के 111 साउथ एवेन्यू, 6 रायसीना रोड, फिर लोक कल्याणा मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास के होली मिलन समारोह में अटल जी खुद सब अतिथियों को गुलाल लगाया करते थे। उनमें देश के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी भाग लेते थे। वे तब भाजपा के संगठन से जुड़े हुए थे। इस अवसर पर लजीज गुजिया और स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था रहती थी। अटल जी के घर पर होने वाले होली मिलन की सारी व्यवस्था उनके परम मित्र शिव कुमार किया करते थे। वे अटल जी के घर का स्थायी चेहरा थे। अटल जी के होली मिलन समारोहों के आयोजन में शामिल होने वालों को चांदनी चौक के घंटे वाले या गोल मार्केट के बंगला स्वीट हाउस की बालूशाही अवश्य उपलब्ध रहती थी। लाल कृष्ण आडवाणी के पृथ्वीराज रोड स्थित आवास पर भी होली बड़े प्रेम से खेली जाती रही है। बंगाली मार्केट की मशहूर मिठाई की दुकानों से गुझिया सबको खिलाई जाती थी।

लालकृष्ण आडवाणी के पंडारा पार्क सी-1/6 वाले फ्लैट की होली बहुत मशहूर हुआ करती थी। उसमें अटल बिहारी वाजेपयी और तमाम गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहते। होली खेलने के लिए आने वाले तमाम मित्रों और पार्टी कार्यकर्ताओं का मुंह अवश्य मीठा कराया जाता। सभी अतिथियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था रहती। आडवाणी जी की पत्नी कमला आडवाणी जी ( अब स्मृति शेष) सुनिश्चित करतीं कि सब मेहमान भरपेट भोजन करके ही विदा हों। पर उनके निधन के बाद आडवाणी जी का होली मिलन सांकेतिक ही रह गया है। देश के राष्ट्रपति के रूप में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने सन 2003 में नगर निगम और राष्ट्रपति भवन परिसर के स्कूलों के लगभग 1200 बच्चों के साथ होली मनायी थी। डॉ. कलाम लगभग दो घंटे तक इन बच्चों के साथ रहे थे। उनसे पहले या बाद में शायद ही किसी राष्ट्रपति ने कलाम साहब की तरह होली बच्चों के साथ खेली हो।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लोकहित में त्याग करने वाले मानव ही बनते हैं संत



संकलित
दर्शन

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्र का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।

## कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित
प्रेरणा

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहाः मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाइए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किए बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहां-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रियों को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आए हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूप से बनवाई गई थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रियों को बोध हो गया कि हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए हैं।

सटाका




## आज की पाती

### डिप्रेशन से प्रभावित होता बचपन

हाल ही में प्रधानमंत्री ने बोर्ड परीक्षा में बैठ रहे विद्यार्थियों से परीक्षा पर चर्चा की और उन्हें एग्जाम में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर किसी प्रकार का परीक्षा का दवाब न बनाने की सलाह दी और बच्चों में तेजी से बढ़ रहे मानसिक अवसाद और डिप्रेशन के प्रति चिंता व्यक्त की। आज की इस भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक समस्याएं बहुत तेजी से लोगों को अपना शिकार बना रही हैं। इसके घातक प्रभाव हर वर्ग हर उम्र के लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। मानसिक अवसाद का विस्तार इतना तीव्र है कि इससे न तो कोई देश बचा है और न कोई राज्य। यह एक कड़वा सच है कि आज हर गांव, गली-मोहल्ले में डिप्रेशन के मरीज मिल जाते हैं।

*-जयप्रकाश शर्मा, सरायपाली*

## ट्रेंड

### गैरकानूनी संगठन



'जम्मू-कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन' और 'आवामी एक्शन कमेटी' को यूएपीए के तहत गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है। इन संगठनों को लोगों को भड़काकर कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने और भारत की एकता और अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वाला पाया गया।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### ऐतिहासिक दांडी मार्च



95 वर्ष पूर्व, महात्मा गाँधी ने ऐतिहासिक दांडी मार्च की शुरुआत की और एक मुट्ठी नमक से अंग्रेज़ी हुकूमत की नींव को हिला दिया। बापू की सीख और सत्याग्रह आज भी उतने प्रासंगिक हैं जितने 1930 में थे।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### भू-माफियाओं की हिंसा



उप्र में जब एक सेवानिवृत्त उच्च सैन्याधिकारी भू-माफियाओं की हिंसा का शिकार हो रहे हैं, तो आम आदमी की हालत कितनी बुरी होगी कहने की आवश्यकता नहीं है। देखना ये है कि हिंसा की इस घटना के, जनता के बीच उजागर हो जाने के बाद भाजपा सरकार किसका साथ देती है।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### खनिज सौदा



चीन दुनिया की 70% दुर्लभ पृथ्वी आपूर्ति को नियंत्रित करता है। इसी कारण अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने की अपनी रणनीति के लिए यूक्रेन के साथ खनिज सौदे को केंद्रीय बना रहे हैं।

**-अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

करंट अफेयर

## हूती ने इजराइली जहाजों पर हमले की धमकी दी



यमन के हूती विद्रोहियों ने बुधवार सुबह चेतावनी दी कि गाजा पट्टी में भेजी जाने वाली सहायता सामग्री को रोकने की वजह से पश्चिम एशिया के जलक्षेत्र से गुजरने वाले इजराइली जहाजों को निशाना बनाया जाएगा। विद्रोहियों ने गाजा पट्टी को सहायता सामग्री भेजने पर लगाई गई रोक को हटाने के लिए इजराइल को चार दिन का वक्त दिया था। इसके बाद हूती के मानवीय संचालन समन्वय केंद्र ने यह बयान जारी कर इजराइली पोतों को निशाना बनाने की धमकी दी है। बयान में कहा गया है, 'हम आशा करते हैं कि यह समझा जाएगा कि (हूती सेना) द्वारा की गई कार्रवाई... उत्पीड़ित फलस्तीनी लोगों के प्रति धार्मिक, मानवीय और नैतिक जिम्मेदारी की गहरी भावना से उपजी है और इसका उद्देश्य इजराइली अतिक्रमणकारी इकाई पर गाजा पट्टी की क्रॉसिंग को फिर से खोलने और खाद्य एवं चिकित्सा आपूर्ति सहित सहायता सामग्री के प्रवेश की अनुमति देने के लिए दबाव डालना है।' इसने कहा कि जहाजों को लाल सागर, अदन की खाड़ी, बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य और अरब सागर में निशाना बनाया जाएगा।

ऑफ बीट

## झपकी से याददाश्त में हो सकता है सुधार



कुछ लोग इसे विलासिता भोग के रूप में देखते हैं जबकि अन्य इसे मुस्तैद तथा तंदरुस्त बने रहने के तरीके के रूप में देखते हैं। लेकिन झपकी के फायदे के साथ-साथ नुकसान भी हो सकते हैं। वैसे मैं झपकी लेने की जटिल प्रवृत्ति के साथ साथ इस बात से अवगत हूं कि क्यों दोपहर के वक्त 20 से 30 मिनट की झपकी असंख्य तरीकों से फायदेमंद हो सकती है। अनुसंधान से पता चलता है कि झपकी के कई फायदे हैं। छोटी-सी झपकी से मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त के साथ ही मुस्तैदी, ध्यान और प्रतिक्रिया देने के समय में भी सुधार आता है। इसका संबंध उत्पादकता और रचनात्मकता से भी है। चूंकि झपकी से रचनात्मक सोच में सुधार आता दिखायी देता है इसलिए कुछ कंपनियों ने अपने कार्य स्थल पर झपकी लेने के लिए कमरे बनाकर इसका फायदा उठाने का प्रयास किया है। ऐसा कहा जाता है कि मस्तिष्क झपकी के वक्त का इस्तेमाल दिनभर में एकत्रित सूचना को संसाधित करने के लिए करता है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि समस्याओं को हल करने की क्षमता बढ़ती है। एक छोटे-से अध्ययन से यह पता चलता है कि जो लोग झपकी लेते हैं वे कम चिड़चिड़े होते हैं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# हरियाणा के निगम चुनाव में बजा भाजपा का डंका: 10 में से 9 निगमों में खिला कमल, मानेसर में निर्दलीय जीता

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के 10 नगर निगमों के मेयर चुनाव के नतीजे घोषित होगए हैं। मानेसर निगम में निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. इंद्रजीत यादव ने जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार सुंदर लाल को हराया। इंद्रजीत यादव ने खुद को केंद्रीय राज्यमंत्री व गुरुग्राम से भाजपा सांसद राव इंद्रजीत के करीबी बताकर प्रचार किया था। वहीं, भाजपा रोहतक, हिसार, करनाल, अंबाला, सोनीपत और फरीदाबाद नगर निगम में मेयर का चुनाव जीत गई है। कांग्रेस सभी निगमों में कुछ नहीं कर पाई। कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट के विधानसभा क्षेत्र जुलाना की नगर पालिका में चेयरमैन पद के लिए भाजपा के डॉ. संजय जांगड़ा ने जीत दर्ज की है। फतेहाबाद जिले की जाखल मंडी नगर पालिका में निर्दलीय उम्मीदवार विकास कुमार चेयरमैन बन गए हैं।



हरियाणा के 10 नगर निगमों के मेयर चुनाव के नतीजे आ गए हैं। मानेसर निगम में निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. इंद्रजीत यादव ने जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार सुंदर लाल को हराया। बताया जा रहा है कि इंद्रजीत यादव ने खुद को केंद्रीय राज्यमंत्री व गुरुग्राम से भाजपा सांसद राव इंद्रजीत के करीबी बताकर प्रचार किया था।

**कांग्रेस का हाथ हो गया 'अनाथ'**

करनाल, अंबाला, सोनीपत और फरीदाबाद में मेयर चुनाव जीती



## रोहतक में भाजपा ने दी कांग्रेस को मात

नगर निगम मेयर के चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को करारी शिकस्त दी है। 3 बार कलानौर हलके से विधानसभा चुनाव हार चुके पार्टी के मेयर प्रत्याशी रामअवतार वाल्मीकि ने कांग्रेस प्रत्याशी सूरजमल किलोई को 45 हजार 191 हजार वोटों के अंतर से मात दी। खास बात यह रही कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जाट बाहुल्य वार्डों में जहां कांग्रेस ने जीत हासिल की थी, वहां भाजपा मेयर चुनाव में भारी पड़ी। नॉन जाट बहुल वार्डों में तो कांग्रेस को करारी हार मिली है। 13 राउंड चली मतगणना में कांग्रेस भाजपा को एक भी राउंड में नहीं हरा सकी।

## हुड्डा चुनाव प्रचार करने तक नहीं गए

निगम चुनाव में भाजपा ने जहां पूरा जोर लगाया, जबकि कांग्रेस में उत्साह नजर नहीं आया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा चुनाव प्रचार करने तक नहीं आए। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने ही चुनाव प्रचार की कमान संभाली। कांग्रेस विधायक बीबी बतरा व शकुंतला खटक ही अपने हलकों में प्रचार करते दिखे। मुख्यमंत्री नायब सैनी न केवल मेयर प्रत्याशी का नामांकन कराने आए, बल्कि रोहतक से ही निकाय चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी किया गया। इसके अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, मंत्री अरविंद शर्मा, कृष्णलाल पंवार, कृष्ण बेदी, श्रुति चौधरी, विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्णलाल मिड्ढा व पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने प्रचार में भाग लिया।

### भाजपा की नीतियों की जीत : रामअवतार

नवनिर्वाचित मेयर नगर निगम रोहतक रामअवतार ने कहा कि रोहतक शहर की जनता ने एक बार फिर भाजपा की नीतियों में विश्वास व्यक्त किया है। साथ ही केंद्र व राज्य के बाद शहर में भी भाजपा की सरकार बनी है। अब ट्रिपल इंजन की सरकार शहर का विकास लगातार करवाएगी। जीत की एक वजह केंद्र व राज्य में चल रही भाजपा सरकार की नीतियों और विकास कार्य भी हैं।

## खबर संक्षेप

### आप सरकार में एलजी पर केस होंगे वापस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद फैसलों में बदलाव दिखने लगा है। नई सरकार ने उपराज्यपाल (एलजी) से जुड़े कानूनी मामलों की समीक्षा शुरू कर दी है और कई केस वापस लेने की तैयारी की जा रही है। हालांकि इस पर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है माना जा रहा जल्द ही विधानसभा में इस मुद्दे पर चर्चा हो सकती है।



### ममता के मंत्री ने 'ईडन' को बताया वक्फ संपत्ति

**कोलकाता।** वक्फ को लेकर ममता सरकार के मंत्री सिद्दिकुल्ला चौधरी ने एक दावा किया है। उन्होंने कह कि कलकत्ता का मशहूर क्रिकेट स्टेडियम ईडन गार्डन और फोर्ट विलियम वक्फ बोर्ड की संपत्ति थी। सीएबी ने जब इस पर कब्जा किया। 150 रुपए किराया वक्फ बोर्ड को मिलता था। चौधरी जिस सीएबी की बात कर रहे हैं वह ब्रिटिश काल में बनाई गई थी।



### नियंत्रण रेखा पर पाक ने किया स्नाइपर हमला

**नौशेरा।** पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर तनाव बढ़ाने के लिए लगातार षड्यंत्र रच रहा है। राजोरी के नौशेरा सेक्टर के कलसिया इलाके में बुधवार सुबह सीमा पार से स्नाइपर राइफल से फायरिंग की गई। इससे भारतीय सेना का एक जवान घायल हो गया। जवान को एयरलिफ्ट कर उधमपुर के सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तड़के 2-3 विस्फोट किए गए थे।



### पुलिस ने 13 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने साउथ ईस्ट और साउथ दिल्ली से एक ऑपरेशन के दौरान 12 से ज्यादा बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। ये बांग्लादेशी अवैध तरीके से भारत में घुसे थे। इनके पास से कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस के दक्षिणी जिले में 13 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है।



### रेड्डी के खिलाफ बोला तो 2 पत्रकार गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी के खिलाफ लिखना-बोलना दो महिला पत्रकारों को भारी पड़ गया। हैदराबाद पुलिस की साइबर सेल ने उन्हें बुधवार तड़के 5 बजे गिरफ्तार कर लिया। उन्हें घरों से गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पत्रकार रेवती एक न्यूज की मैनेजिंग डायरेक्टर हैं, जबकि थानवी यादव उसी मीडिया संगठन में रिपोर्टर हैं।



## संसद में तीन भाषा नीति को लेकर तनातनी बढ़ी

विपक्ष ने किया जमकर हंगामा सरकार ने समझाया

# शिक्षा एक बहुत ही संवेदनशील मुद्दा विवाद के बजाए समाधान तलाशा जाए

## भाजपा सांसद ने कहा- गलतफहमियों को बातचीत से दूर करना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में जमकर हंगामा हो रहा है। विपक्ष ने सरकार को मतदाता पहचान पत्र में गड़बड़ी के आरोपों, अमेरिका की टैरिफ से जुड़ी धमकियों, परिसीमन और मणिपुर जैसे मुद्दों पर घेर रखा है। इसके जवाब में सरकार ने विपक्षी नेताओं के बयानों को मुद्दा बना लिया है। भाजपा सांसद पात्रा ने संसद में एनईपी के तहत 3-भाषा नीति को लेकर हो रहे हंगामे पर कहा कि शिक्षा एक बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है। इस पर इतना हंगामा मचाने के बजाए सबसे अच्छा है कि शिक्षा मंत्रालय और उन राज्यों के बीच परामर्श और बातचीत हो, जिन्हें इससे दिक्कत है। कुछ राज्यों में तीन भाषा नीति को लेकर समस्या है, उनके राजनीतिक प्रतिनिधियों और सरकार को एक साथ आने और कोई समाधान तलाशने की जरूरत है। अगर कोई गलतफहमी है, तो उसे दूर किया जाना चाहिए।

**ये मुद्दे भी उठाए गए**

ऑनलाइन जुए और सट्टेबाजी पर नियम बनाना राज्य सरकार का काम

अवैध कोयला खनन का मुद्दा



### विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया

लोकसभा में पवन ऊर्जा के एक प्रोजेक्ट को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया और सदन से वॉकआउट किया। कांग्रेस सांसद ने पवन ऊर्जा के एक प्रोजेक्ट को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया और सरकार पर अडाणी के प्रभाव में काम करने का आरोप लगाया। गुजरात के खावड़ा में स्थापित किए जा रहे अक्षय ऊर्जा संयंत्र के मुद्दे पर असंतुष्ट कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने वॉकआउट किया। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने पूछा कि क्या खावड़ा में लगाए जा रहे संयंत्र के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रोटोकॉल में कोई ढील दी गई है? केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि जब भी किसी परियोजना को मंजूरी दी जाती है तो केंद्र, राज्यों एवं अन्य संबंधित निकायों से समस्त आवश्यक लाइसेंस आदि प्राप्त किए जाते हैं। नारेबाजी के बाद कांग्रेस, डीएमके और एनसीपी (एसपी) समेत विपक्षी दलों ने सदन से वॉकआउट किया।

### नई शिक्षा नीति में भाषा को विवाद बनाना गलत: ओराम



केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने एनईपी के तहत 3-भाषा नीति पर संसद में हो रहे हंगामे पर कहा कि कांग्रेस जब पहली बार सत्ता में आई थी, तब बहुत पहले ही हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार कर लिया गया था, लेकिन इसके बावजूद यह कहा गया है कि आप अपनी मूल भाषा में भी काम कर सकते हैं लेकिन हिंदी को भी कुछ प्रमुखता दें, बस इतना ही कहा गया है। यह व्यक्तिगत रुचि का मामला है कि कौन किस भाषा में पढ़ेगा और काम करेगा?

### कोई भी व्यक्ति कई भाषाएं सीख सकता है: सुधा मूर्ति



राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति ने कहा कि देश के सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं। 3-भाषा नीति को लेकर हो रहे हंगामे पर उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि कोई भी व्यक्ति कई भाषाएं सीख सकता है और मैं खुद 7-8 भाषाएं जानती हूं। बच्चे बहुत कुछ सीख सकते हैं।

### तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक पारित

तेल और गैस की खोज और उत्पादन को नियंत्रित करने वाले मौजूदा कानून में संशोधन करने और इस क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए पेट्रोलियम परिचालन को खनन परिचालन से अलग करने के लिए एक विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किया गया। सरकार ने जोर देकर कहा कि वह राज्यों के अधिकारों को नहीं छीनेगी या तेल क्षेत्र में निजी या सार्वजनिक संस्थाओं को तरजीह नहीं देगी। तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक, 2024 लोकसभा में पारित हुआ।

**अब सोमवार को होंगी बैठकें**

लोकसभा और राज्यसभा की बैठकें होली की पूर्व संध्या पर 13 मार्च को नहीं होंगी। इस संबंध में दोनों सदनों की कार्य मंत्रणा समितियों के निर्णय लेने के बाद यह तय किया गया। दोनों सदनों ने 14 मार्च को होली के त्योहार को लेकर पहले ही अवकाश घोषित कर दिया है।

### राज्यसभा में डुप्लीकेट मतदाता फोटो पहचान पत्र का उठा मुद्दा



राज्यसभा में बुधवार को विपक्षी दलों ने मतदाता पहचान पत्र क्रमांक संख्या में दोहराव का मुद्दा उठाया गया और निर्वाचन आयोग से इस 'गड़बड़ी' की जांच करने तथा तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मनोज कुमार झा ने शून्यकाल के तहत इस मुद्दे का उठाते हुए कहा कि यह एक प्रश्न ऐसा है जो पिछले कुछ वर्षों से ना सिर्फ राजनीतिक दलों को बल्कि आम नागरिक को भी उद्वेलित कर रहा है।

मेडागास्कर का संसदीय शिष्टमंडल भारत पहुंचा



# भारत भारतीय महासागर क्षेत्र के देशों का सहयोगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मेडागास्कर की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जस्टिन टोकेली के नेतृत्व में एक संसदीय शिष्टमंडल भारत दौरे पर है। इस शिष्टमंडल ने मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही का अवलोकन किया। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला और अन्य सांसदों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बिरला और मेडागास्कर संसदीय शिष्टमंडल के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई।

■ स्पीकर बिरला ने की द्विपक्षीय वार्ता

इस दौरान बिरला ने शिष्टमंडल को भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और संसदीय समितियों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। वहीं बैठक के दौरान भारत और मेडागास्कर के मजबूत ऐतिहासिक संबंधों पर भी चर्चा हुई। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच व्यापार, संस्कृति और आपसी संपर्क का सैकड़ों वर्षों का इतिहास रहा है। मेडागास्कर, हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का एक महत्वपूर्ण भागीदार है, और दोनों देशों की साझेदारी क्षेत्रीय स्थिरता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में सहायक है।

### हम 'सागर' को प्राथमिकता दे रहे

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि भारत हमेशा भारतीय महासागर क्षेत्र के देशों के साथ सहयोग के लिए तैयार है और इसके लिए 'सागर'( सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर आल इन द रिजन) दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत आपदा के समय अपने पड़ोसी देशों की मदद करने में हमेशा अग्रणी रहा है और 'वसुधैव कुटुंबकम' (संपूर्ण विश्व एक परिवार) के सिद्धांत का पालन करता है।

### 'प्राइड' की क्षमताओं पर प्रकाश डाला

इसके अलावा बिरला ने लोक सभा के प्रशिक्षण संगठन 'प्राइड' की क्षमताओं पर प्रकाश डाला और मेडागास्कर के सांसदों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पेशकश की। उन्होंने कहा कि यह पहल दोनों देशों के संसदीय संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगी और उनके सांसदों को संसदीय प्रक्रियाओं और शासन व्यवस्था को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में भारतीय संसदीय दल के कई सांसदों, जिनमें रवि किशन भी शामिल रहे।

वायुसेना के लिए की जाएगी अश्विनी रडार की खरीद

# रक्षा मंत्रालय ने किया बीईएल के साथ 2906 करोड़ का करार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, गाजियाबाद के साथ 2,906 करोड़ के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसके जरिए वायुसेना के लिए लो-लेवल ट्रांसपोर्टेबल रडार (अश्विनी) की खरीद की जाएगी। इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के इलेक्ट्रानिक्स एंड रडार विकास प्रतिष्ठान द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन के साथ विकसित किया गया है। यह अत्याधुनिक ठोस अवस्था प्रौद्योगिकी पर आधारित एक सक्रिय इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्कैंड फेज्ड एरे रडार (एईएसए) है।

### अश्विनी रडार की खूबियां



अश्विनी उच्च गति वाले लड़ाकू विमानों से लेकर मानव रहित जहाजों और हेलिकॉप्टरों जैसे धीमी गति वाले लक्ष्यों का पता लगाने में सक्षम है। इसकी खरीद से वायुसेना की रणनीतिक तैयारियों को काफी मजबूती मिलेगी। यह समझौता भारत के रक्षा औद्योगिक इकोसिस्टम के विकास के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा। इससे विदेशी मूल के उपकरण निर्माताओं पर निर्भरता को कम करके रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की प्राप्ति होगी।

पूर्व नासा एस्ट्रोनॉट ने सब बताया

# पृथ्वी पर लौट रहीं सुनीता के स्वास्थ्य में बदलाव चिंतनीय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और उनके अंतरिक्ष के साथी विल्मोर बुच स्पेस में हैं। अब दोनों की वापसी कुछ ही दिनों में पृथ्वी पर होने जा रही है। दोनों 9 महीने से अंतरिक्ष में रहने के दौरान तमाम तरह के एक्सपेरिमेंट्स भी कर रहे हैं, जोकि अंतरिक्ष विज्ञान के लिए भविष्य में काफी मददगार साबित होंगे। जैसे-जैसे उनकी वापसी की घड़ी आ रही है। उनके स्वास्थ्य पर बदलावों को लेकर भी सभी को चिंता सता रही है।



### चलने में दिक्कत होना संभावित

नासा के पूर्व एस्ट्रोनॉट ने कहा है कि धरती पर लौटने के बाद सुनीता को चलने में दिक्कत आ सकती है। नासा के पूर्व एस्ट्रोनॉट लेरॉय चियाओ ने न्यूजनेशन प्राइम के साथ बातचीत में उन चुनौतियों के बारे में बताया जोकि सुनीता के सामने आएंगी। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी पर लौटने पर कुछ समय तक चलने में परेशानी आ सकती है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने कहा

# म्यांमार से 549 भारतीय नागरिक 2 सैन्य विभान से वतन लाए गए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने बताया कि फर्जी नौकरी के जाल में फंसकर म्यांमार पहुंचे 549 भारतीयों को सुरक्षित देश वापस लाया गया है। इनमें से ज्यादातर लोग महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन सभी लोगों को भारत-थाईलैंड सीमा पर मौजूद साइबर अपराध केंद्रों से भारत वापस लाया गया है। इसके लिए भारतीय वायुसेना के दो विमानों का प्रयोग किया गया।



### देश छोड़ने से पहले करें पूरी पड़ताल

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बयान जारी कर कहा था कि सरकार दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में फर्जी नौकरी के जाल में फंसकर पहुंचे भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसमें म्यांमार भी शामिल है। वहां फर्जी नौकरी के रैकेट से जुड़े लोग इन्हें साइबर अपराधों और अन्य वांछित गतिविधियों में शामिल कर देते हैं। लोगों को सावधान करने भारत सरकार विभिन्न माध्यमों से लगातार परामर्श जारी करती रहती है।

जाफर एक्सप्रेस हाईजैक मामला: अलग-अलग किए जा रहे दावे

# सेना बोली रेस्क्यू पूरा, बीएलए का दावा- 154 अभी भी बंधक

एजेंसी ▶▶ क्वेटा

बलूचिस्तान में हाईजैक जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को लेकर सस्पेंस बरकरार है। पाकिस्तानी सेना का कहना है कि रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो गया है। दूसरी तरफ बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) का बयान आया है कि 154 से ज्यादा लोग अब भी उनके बंधक हैं। पहले बुधवार रात को आईएसपीआर के महानिदेशक अहमद शरीफ चौधरी की तरफ से कहा गया था कि सभी बंधकों को बचा लिया गया है और 33 बीएलए विद्रोहियों को मार डाला गया है। बयान में कहा गया कि पाक सेना ने एयरफोर्स, फ्रंटियर कोर और स्पेशल सर्विस ग्रुप के साथ मिलकर बोलन में ट्रेन पर हमला करने वाले 33 आतंकवादियों को मार गिराया है और सभी बंधकों को सुरक्षित बचा लिया गया है। हालांकि, 21 यात्रियों की मौत हो गई।

### पाक सरकार ने क्वेटा भेजे 200 से अधिक ताबूत



**21 यात्री, 4 जवानों की मौत**

डायरेक्टर जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने बताया कि सभी बंधकों की सुरक्षित रिहा सुनिश्चित करते हुए रिहा करा लिया है। हालांकि, इस हादसे में 21 यात्रियों और 4 जवानों की की मौत हो गई है। उन्होंने ये भी बताया कि हादसे में जो जवान मारे गए हैं। वोअर्धसैनिक फ्रंटियर कोर के जवान हैं। जबकि बलूच लिबरेशन आर्मी ने दावा किया था कि उन्हें 100 से ज्यादा लोगों को मार दिया है।

**190 लोगों को बचाया: पाक रेडियो**

वहीं, पाकिस्तान रेडियो ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सेना ने रेस्क्यू ऑपरेशन कर 190 लोगों को बचा लिया गया, 37 यात्री घायल हो गए और 57 यात्रियों को बचाकर क्वेटा ले जाया गया है।

### अब भी बंधक हैं 150 से ज्यादा पाक नागरिक:बीएलए

बीएलए ने दावा किया है कि अभी-भी उनके कब्जे में 150 से ज्यादा पाक नागरिक हैं। जिन्हें बीएलए ने बंधक बनाया हुआ है। बीएलए ने बताया कि ट्रेन में कुल 426 यात्री थे, जिनमें कुल 214 सैन्यकर्मी शामिल थे। ट्रेन हाईजैक के पहले घंटे में 212 यात्री रिहा किए गए थे। अब तक 40 पाक सैन्यकर्मी और 60 बंधक मारे जा चुके हैं। बीएलए ने दावा किया कि पाकिस्तान की ओर से 16 बार बंधकों को बचाने के लिए कोशिश की है, जिसमें 63 पाक बलों के जवान घायल हुए हैं। बीएलए के अनुसार, अभी-भी उनके कब्जे में 154 से ज्यादा पाक नागरिक हैं।

24 दलितों की हत्या का मामला

# 43 साल बाद फैसला, अदालत ने 3 लोगों को ठहराया दोषी

एजेंसी ▶▶ मैनपुरी

24 दलितों के नरसंहार के मामले में 43 साल के बाद कोर्ट का फैसला आया है। मैनपुरी की अदालत ने इसमें 3 लोगों को दोषी ठहराया है। दिहुली गांव में डकैतों के एक गिरोह ने हत्या की थी। जिला सरकारी वकील पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि मंगलवार को विशेष न्यायाधीश इंदिरा सिंह ने कप्तान सिंह, राम पाल और राम सेवक को दिहुली दलित हत्याकांड में उनकी भूमिका के लिए दोषी पाया। इनको सजा 18 मार्च को सुनाई जाएगी। यह नरसंहार 18 नवंबर 1981 को हुआ था, जब



संतोष सिंह और राधेश्याम (उर्फ राधे) की अगुवाई में डकैतों के एक गिरोह ने जसराना थाना क्षेत्र में स्थित दिहुली गांव में दलित समुदाय पर हमला किया था। हमलावरों ने महिलाओं और बच्चों सहित 24 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी और उनका सामान लूट लिया था। 17 में से 13 आरोपी मर चुके हैं।

## खबर संक्षेप



### तानिया ने एनएसएस शिविर में लिया प्रशिक्षण

**संतनगर।** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का राज्य स्तर नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन अमरकंटक में किया गया। इस शिविर की आयोजक थी अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा मध्यप्रदेश की रासेयो इकाई। बरकतुल्लाह विश्विद्यालय की रासेयो इकाई संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज भोपाल की प्रतिभावान छात्रा तानिया पाटिल ने इस शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर से वापस आने पर महाविद्यालय परिवार ने उनका अभिनंदन किया।

### सीसी नाली निर्माण का किया भूमिपूजन



**मंडीदीप।** नगर पालिका द्वारा विभिन्न वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे है, जिसमें बुधवार को वार्ड 1 में सीसी नाली निर्माण का भूमिपूजन पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल व नपा उपाध्यक्ष पुष्पा प्रेमशकर साहू ने किया। सीसी नाली के बनने से स्थानीय नागरिकों को लाभ होगा। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल के नेतृत्व में नगर में विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, दिया संदेश



**औबेदुल्लागंज।** एसडीओपी शीला सुराणा एवं टीआई बीपी सिंह सिंह के नेतृत्व में गुरुवार शाम 7:00 बजे पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। होली एवं रमजान माह के त्यौहारों को देखते हुए शांति, भाईचारे एवं सोहार्द्रपूर्ण वातावरण संदेश दिया। फ्लैग मार्च अर्जुन नगर मैन रोड, गौहरगंज रोड, बरखेड़ा रोड पर निकाला गया।

### पंकज नागरानी को अध्यक्ष नियुक्त किया



**औबेदुल्लागंज।** जूते चप्पल व्यापारी संघ ने बुधवार को बैठक आयोजित की। बैठक में सर्व सहमति से अमृता बूट हाउस के संचालक पंकज नागरानी को अध्यक्ष नियुक्त किया है। वरिष्ठ व्यापारी ओम प्रकाश नरवरिया, पवन किंगर ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। वहीं रवि वासवानी, जय वासवानी, ऋषि अरोरा, राजू अरोरा, अशोक केवट, अमित राय, उमेश यादव, हितेश मनवानी, हर्ष वासवानी, राजेश खटीक, संजय सिंह चौहान, परेश नागर, विक्रम धाड़ी, दुर्गेश यादव, अंकुर अग्रवाल, कैलाश डब्बू नागर, आशीष दीक्षित, विजय जैन, मोनी नागर अन्य लोगों ने बधाइयां दी।

### विद्यार्थी परिषद ने किया शक्ति संवाद

**मंडीदीप।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में थाना सतलापुर की सब-इंस्पेक्टर अरुणा साहना उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महिलाओं की सुरक्षा, आत्मरक्षा के उपाय, तथा समाज में महिलाओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 4905 | | |
| दिन: | 369 | 83 | 157 |
| रात: | 168 | 57 | 467 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 299 | 01 | 380 |
| रात: | 279 | 80 | 479 |

---

गुनगा के मनीखेड़ी गांव की घटना, पुलिस ने अज्ञात पर दर्ज की चोरी की एफआईआर

# छह एकड़ खेत में लगी गेहूं की फसल रात में काटकर ले गए शातिर बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव मनीखेड़ी में अज्ञात बदमाश छह एकड़ में लगा गेहूं काटकर ले गए। घटना सोमवार रात से मंगलवार सुबह के बीच की है। दरअसल, सोमवार शाम को खेत की रखवाली करने वाला पहुंचा तो उसे फसल लगी हुई नजर आई और दूसरे दिन सुबह खेत पर पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। फसल कोई काटकर ले जा चुका थे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने खेत का निरीक्षण करने के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर



लिया है। थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा ने बताया कि चंद्रभान तिवारी भोपाल में रहते हैं। उनकी मनीखेड़ी गांव में छह एकड़ भूमि है। उक्त भूमि पर उन्होंने बटाइदार के साथ मिलकर गेहूं की फसल बोई थी। चंद्रभान भोपाल में रहने के कारण खेत पर कम ही जाते हैं। उनके बटाइदार ने उन्हें मोबाइल पर जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार शाम वह खेत पर था, जब फसल खड़ी थी।

मंगलवार सुबह खेत पर पहुंचा तो फसल कोई काटकर ले जा चुका था। जानकारी मिलते ही चंद्रभान तिवारी गुनगा पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए प्रकरण का खुलासा कर दिया जाएगा।

### बाइक सवार बदमाशों ने बीटेक छात्र का मोबाइल झपटा

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र सोनागिरी में भवानी गेट के पास बाइक सवार बदमाशों ने बीटेक छात्र के हाथ से मोबाइल झपट लिया। घटना गत 8 मार्च की रात करीब साढ़े 9 बजे की है। वारदात के बाद छात्र अपने गांव चला गया था। वहां लौटकर उसने पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने झपटमारी का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आकाश अहिरवार पन्ना जिले का है। वह सोनागिरी पिपलानी में रहता है और निजी कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। बीती 8 मार्च की रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपने कमरे से निकलकर भवानी नगर गेट के पास पहुंचा। इसी दौरान उसके मोबाइल पर कॉल आया और वह वह बातचीत करते हुए चलने लगा। कुछ दूर आगे जाने पर बाइक सवार दो बदमाश उसके नजदीक पहुंचे और मोबाइल छीनकर भाग निकले। घटना के बाद वह बस में बैठकर जरूरी काम से अपने गांव चला गया था। मंगलवार को वापस लौटने के बाद उसने पिपलानी थाने पहुंचकर मोबाइल छीनने की शिकायत दर्ज कराई।

# प्रतिमा में तोड़फोड़ करने पर हिंदू संगठन ने किया जमकर हंगामा

## पुलिस ने करवाई एफएसएल से जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित बोरदा गांव से अंदर झिरी वन क्षेत्र के मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा से छेड़छाड़ और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। दरअसल, कुछ असमाजिक तत्व प्रतिमा को मंदिर से बाहर लेकर आए थे और उसमें तोड़फोड़ कर दी।

प्रतिमा से तोड़फोड़ की भनक लगते ही हिंदू संगठन एकत्रित होने लगा और जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। तब जाकर हंगामा खत्म हुआ। बजरंग दल के सहसंयोजक शिवराज धाकड़ ने बताया कि मंगलवार को कुछ लोगों ने हनुमान जी की प्रतिमा को खंडित देखा था। वे कार्यकर्ता के साथ मंदिर पहुंचे तो पता चला कि प्रतिमा को मंदिर से बाहर लाया गया है और प्रतिमा को तोड़ा गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की मदद से प्रतिमा की जांच कराई। थाना प्रभारी संजय सोनी का कहना है कि मंदिर में रखी प्रतिमा में दरार के निशान है प्रतिमा को तोड़ा गया है। पुलिस ने शिकायती आवेदन ले कर तलाश कर रही है।

---

नर्मदापुरम सड़क पर समरधा के पास हुआ हादसा

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर सिर के ऊपर से गुजरा पहिया, मौके पर मौत

**गैरतगंज के सगौर गांव का निवासी था युवक**

◆ भोपाल में रहता था और सेंटरिंग का काम करता था युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित नर्मदापुरम सड़क पर समरधा में कलियासोत नदी के पुल के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक बाइक समेत सड़क पर गिर गया था। इस दौरान उसके सिर के ऊपर से वाहन का पहिया निकलने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसा मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे के आसपास का है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि कलियासोत नदी के पुल के पास नर्मदापुरम सड़क पर हादसा हो गया है। पुलिस मौके पर पहुंची तो रोड पर एक बाइक पड़ी हुई मिली, जबकि बाइक से करीब बीस मीटर की दूरी पर एक युवक की लाश थी। मृतक की तलाशी लेने पर केवल मोबाइल मिला था वह भी लॉक था। पुलिस ने मोबाइल की सिम अपने मोबाइल में डाली और किसी



तरह उसका नाम पता निकाला। इसके बाद पुलिस ने गैरतगंज पुलिस से संपर्क किया। गैरतगंज पुलिस पते पर पहुंची तो मृतक की पहचान सीताराम मरकाम पिता स्वर्गीय रतनलाल मरकाम (24) निवासी गांव सगौर थाना गैरतगंज के रूप में कर ली। सीताराम मलकाम भोपाल में रहता था और सेंटरिंग का काम करता था। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

कोलार थाना क्षेत्र स्थित दृष्टि सिटी का मामला

## एमबीबीएस सेकंड ईयर की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**उज्जैन से दोपहर में ही मिलने आए थे माता-पिता, बेटी नहीं लग रही थी परेशान**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित दृष्टि सिटी में एमबीबीएस सेकंड ईयर की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश उसके दोस्तों ने मंगलवार रात फांसी के फंदे पर लटकी देखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को छात्रा के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं परिजन के बयान में भी आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है।

पुलिस के अनुसार रिमझिम श्रीवास्तव पिता संजय श्रीवास्तव (21) नागझिरी, उज्जैन की थी और राधाकृष्ण मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रही थी। रिमझिम ने यहां कोलार में दृष्टि सिटी में किराए का फ्लैट ले रखा था और उसमें अकेली रहती थी। परिजन उसे मंगलवार रात को कॉल कर रहे थे, लेकिन वह कॉल रिसीव नहीं कर रही थी। परिजन ने उसके दोस्तों को फ्लैट पर जाकर देखने का कहा। दोस्त फ्लैट पर पहुंचे तो गेट अंदर से बंद था, किसी तरह गेट तोड़ा गया तो रिमझिम फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई। दोस्त उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस को जांच में नहीं मिला सुसाइड नोट

मीटिंग निपटाने के बाद संजय पत्नी को लेकर उज्जैन के लिए निकल गए थे। इस दौरान रास्ते में उन्हें पता चला कि रिमझिम ने फांसी लगा ली है। लिहाजा वह लौटकर सीधे अस्पताल पहुंचे थे। पुलिस का कहना है कि रिमझिम के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है और न ही परिजन के बयान में आत्महत्या की वजह साफ हो सकी। हालांकि परिजन ने यह जरूर कहा है कि वह उसे पढ़ाई और पारीवारिक समस्या नहीं थी। कॉलेज में उसके साथ क्या हुआ इसकी जानकारी उन्हें नहीं है।

### उज्जैन से मिलने आए थे माता-पिता

रिमझिम के पिता संजय ने बताया कि वह फार्मा कंपनी में काम करते हैं। मंगलवार को उन्हें कंपनी के काम से भोपाल आना था और वह बेटी से मिलाने के लिए पत्नी को भी लेकर आए थे। वे होटल में रुके थे और बेटी को मिलने के लिए बुला लिया था। माता-पिता ने बेटी से बातचीत की और होली मनाने उज्जैन चलने की बात कही, लेकिन उसने मना कर दिया। उसने कहा कि एक दिन की छुट्टी है और वह आने-जाने में ही खत्म हो जाएगी, इस लिए भोपाल में ही होली मनाऊंगी।

---

इंदौर से मैहर जाने के लिए निकली थी छात्रा

# बस में सफर के दौरान छात्रा की तबीयत बिगड़ी, मौत

*ड्राइवर और कंडक्टर विद्या नगर स्थित निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर से मैहर का सफर कर रही छात्रा की तबीयत सफर के दौरान बिगड़ गई। भोपाल में तबीयत बिगड़ने के कारण बस ड्राइवर और कंडक्टर ने बस रोककर उसे विद्या नगर स्थित निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद छात्रा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए मचुर्री में रखवा दिया था। परिजन के भोपाल पहुंचने पर पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

बागसेवनिया पुलिस के अनुसार मैहर निवासी निकिता शर्मा (19) इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। होली के त्यौहार पर छुट्टी होने के कारण वह बस से घर लौट रही थी। मंगलवार देर रात सफर के दौरान अचानक उसको घबराहट होने लगी। बस ड्राइवर और कंडक्टर ने फौरन बस रोकी और निकिता को इलाज के लिए विद्या नगर स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। जानकारी मिलने के बाद मृतका के परिजन भोपाल के लिए रवाना हो गए। शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया गया। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# मध्य प्रदेश के विकास एवं सभी के लिए कल्याणकारी है बजट

**औबेदुल्लागंज।** मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी और जीतू नंदवंशी ने बताया



कि गुरुवार को विधानसभा में मध्य प्रदेश का बजट पेश किया गया। विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि वर्ष 2025-26 का यह बजट मध्य प्रदेश के विकास एवं सभी वर्गों के कल्याण के लिए है। बजट में माता-बहनों के लिए बड़ी सौगात दी है। बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा के लिए प्रावधान किया है। यह बजट अभूतपूर्व सिद्ध होगा। बजट पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर एवं भाजपा नेताओं ने बजट को अभूतपूर्व बताया।

---

# होली पर्व की धूम, आज जगह जगह होगा होलिका दहन

**औबेदुल्लागंज।** रंगों का पर्व होली का उत्साह हर तरफ नजर आ रहा है। गरुवार को होलिका दहन किया जाएगा, इसके लिए नगर में जगह-जगह होलिया बनाई गई है। वार्ड 13 और 14 में होलिका बनाई गई है। वहीं हिरानिया, अर्जुन नगर, महावीर कॉलानी, वार्ड 2 बरेखेड़ा रोड में भी होलिका बनाई गई है। हिंदू उत्सव



समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक ने बताया कि रंग पंचमी पर हिंदू उत्सव समिति द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### बाजारों में सजी रंग और पिचकारी की दुकानें

होली पर्व को लेकर नगर में रंग-गुलाल और पिचकारी की दुकानें सज गई है। वहीं खरीदारी करने बाजारों में लोगों की भीड़ भी नजर आ रही है। इस बार बाजारों



में कई वैरायटी की पिचकारी बच्चों के लिए आईं हैं। वहीं कई दुकानों में हर्बल गुलाल को लेकर लोगों में जागरुकता बढ़ी है।

### ग्राम कोटवार और चौकीदार को बनाया विशेष पुलिस अधिकारी

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में 13 मार्च को होलिका दहन, 14 मार्च को धुलेंडी तथा 19 मार्च को रंगपंचमी का पर्व मनाया जाएगा। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा द्वारा पर्वों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर समस्त थाना क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले कोटवारों, चौकीदारों को विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर विश्वकर्मा द्वारा जारी आदेश के तहत पुलिस एक्ट की धारा 17 के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में आने वाले ग्राम कोटवारों, चौकीदारों को उनके कार्यक्षेत्र के अंतर्गत कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आदेशित किया गया है। इस दौरान वे किसी भी तरह के विवादों को सुलझा सकेंगे।

सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

# पूज्य सिंधी पंचायत का होली मिलन समारोह और साधारण सभा की बैठक 18 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर की अग्रणीय संस्था पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों की बैठक पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कई निर्णय लिए गए। पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी व महासचिव नंद दादलानी ने बताया कि पूज्य सिंधी पंचायत का होली मिलन समारोह व साधारण सभा की बैठक 18 मार्च, मंगलवार प्रातः 11 बजे झूलेलाल मंदिर में रखी गई है।

बैठक में पंचायत के सदस्य व गणमानय नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा नगरवासियों से 14 मार्च को होली पर्व शांतिपूर्वक व भाईचारे के साथ



मनाने की अपील की है। 23 मार्च अमर शहीद हेमू कालाणी का जन्मदिवस फायर बिग्रेड, स्टेडियम व नगर निगम के पास स्थित झूलेलाल मंदिर में स्थित प्रतिमाओं पर प्रातः 10 बजे मालार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। बैठक में पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी, महासचिव नंद दादलानी, उपाध्यक्ष भरत आसवानी, जगदीश आसवानी, कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी, सचिव मोहन मीरचंदानी, सहसचिव जेठानंद मंगतानी, सह कोषाध्यक्ष माधव पारदासानी व आडिटर हरीश मेहरचंदानी आदि उपस्थित थे।




# अंगूर कल्प से स्वयं को रख सकते हैं स्वस्थ

**संतनगर।** संत हिरदाराम योगा एवं नेचर क्योर हॉस्पिटल (आरोग्य केन्द्र) में आयोजित दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर अहमदाबाद से आईं धरती बेन ठक्कर की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। मेडीकल डायरेक्टर डॉ. गुलाब टेवानी ने समस्त साधकों को शिविर में प्राकृतिक उपचार व प्राकृतिक व्यंजन के बारे में बताया। शिविर में धरती बेन ने दिनचर्या में बदलाव कर घर पर भी समस्त साधकगण प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा स्वयं एवं अपने परिवार को कैसे स्वस्थ कर सकते हैं, इसके बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि साधक कैसे अंगूर कल्प द्वारा स्वयं को स्वस्थ रख सकते है। शिविर में साधकों को पांच दिन जैविक अंगूर पर कल्पाहार कराया। इस हेतु उनका आभार व्यक्त किया।

---

आयुक्त नगर निगम के प्रतिवेदन पर संभाग कमिश्नर ने किया तलब

# एएचओ के साथ गाली-गलौज करने वाले वार्ड-48 के पार्षद को नोटिस, 18 मार्च को मांगा जवाब, पार्षद पद पर संकट

◆ आरोप, पार्षद वर्मा ने रौब दिखाते हुए अधिकारी को फोन लगाया और गालियां दी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी और प्रभारी दरोगा के साथ गाली-गलौज करने वाले वार्ड-48 के पार्षद अरविंद वर्मा की पार्षदी पर संकट खड़ा हो गया है। दरअसल नगर निगम के स्वास्थ्य अमले और आयुक्त नगर

**खास बातें**

- पार्षद ने बारिश के बाद उनके घर के बाहर जमा हुए पानी को निकलवाने की मांग की थी
- प्रभारी एएचओ और दरोगा ने अगली सुबह उनके घर के बाहर से पानी निकलवाने की बात कही थी

निगम हरेंद्र नारायण की शिकायत के बाद संभाग आयुक्त संजीव सिंह के कोर्ट ने पार्षद को तलब करते हुए 18 मार्च को जवाब मांगा है। नोटिस में कहा गया है कि शाम 4 बजे



न्यायालय में पेश होकर जवाब मांगा है। नोटिस में पार्षद द्वारा पूर्व में भी की गई गाली-गलौज का जिक्र है।

28 दिसंबर 2024 शाम 6.52 बजे पार्षद अरविंद वर्मा ने प्रभारी

### पूर्व में रहा विवादों से नाता

वर्मा के साथ पूर्व में भी महिलाओं ने छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए मारपीट की थी। कैंपियन स्कूल के पास हॉकर्स कॉर्नर में महिलाओं ने पार्षद को घेर कर थप्पड़ मारे थे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी ने पार्षद को तलब करते हुए फटकार लगाई थी।

सहायक स्वास्थ्य अधिकारी वासुदेव उदैनिया और प्रभारी दरोगा सुमित गजभिए को फोन किया। इस दौरान पार्षद ने बारिश के बाद उनके घर के बाहर जमा हुए पानी को निकलवाने की मांग की गई। इस प्रभारी एएचओ और दरोगा द्वारा अगली सुबह उनके घर के बाहर से पानी निकलवाने की बात कही। इसके बाद वर्मा ने रौब दिखाते हुए कहा कि मैं इस क्षेत्र का पार्षद हूं और मैं ही कीचड़ से निकलूंगा। इसके बाद वर्मा द्वारा अधिकारी को फोन पर गालियां दी गईं। पार्षद ने पूर्व और वर्तमान प्रभारी वार्ड दरोगा और वार्ड सुपरवाइजर के साथ गाली-गलौज की गई है। जिसके बाद नगर निगम कमिश्नर ने 31 दिसंबर को पार्षद को अयोग्य घोषित करने के लिए संभाग आयुक्त न्यायालय में प्रकरण दर्ज कराया था।

# दाता कॉलोनी पुलिया पर मिला नवजात का पन्नी में लिपटा शव

**बच्चे के शरीर पर अस्पताल का नहीं लगा टैग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित ऐयरपोर्ट रोड दाता कॉलोनी पुलिया के पास बुधवार दोपहर पॉलिथीन में नवजात बच्चे का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव को कपड़े में लपेटकर पॉलिथीन में रखा गया था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची डायल 100 और कोहेफिजा पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है।

अनुमान है कि बच्चे का जन्म एक दो दिन पूर्व हुआ है। बच्चे के शरीर पर अस्पताल का टैग नहीं लगा है। इससे अनुमान है कि किसी ने पैदाइस छिपाने के लिए बच्चे को



यहां लाकर फेंका है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चला सकेगा कि बच्चे की मौत किन कारणों से हुई है। पुलिस के अनुसार नगर निगम द्वारा दाता कॉलोनी के पास नाले की सफाई की जा रही थी। इस दौरान कर्मचारी ने एक नवजात बच्चा पन्नी में रखा हुआ देखा। उसने आसपास कॉलोनी को लोगों को बताया। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस की भी पहुंच गई थी।

## देवड़ा ने कहा: बजट प्रधानमंत्री मोदी के मंत्र गरीब, युवा, महिला और किसान पर फोकस

# बजट से पहले वित्त मंत्री ने पूजा-पाठ कर पूर्वजों का लिया आशीर्वाद घर से निकलने से पहले पत्नी ने तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा को मिठाई खिलातीं पत्नी





बजट पेश करने घर से विधानसभा जाते वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की मोहन सरकार का दूसरा बजट बुधवार को वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने पेश किया। बजट पेश करने से पहले जगदीश देवड़ा ने पत्नी रेणू और परिवार के सदस्यों के साथ भगवान की पूजा-पाठ कर अपने पूर्वजों का आर्शीवाद लिया। घर से निकलने से पहले वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा की पत्नी रेणू ने उनकी आरती उतारी और तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इससे पहले मीडिया से चर्चा करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि बजट में किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए बड़े ऐलान किए हैं। बजट में सभी की उम्मीदों और सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस बजट को 25 लोगों की टीम ने करीब तीन माह में तैयार किया है। इस बार का बजट प्रधानमंत्री के मंत्र किसान, महिला, युवा और गरीब पर फोकस रहेगा।



### *नहीं लगेगा कोई नया टैक्स*

*बजट पेश करने से पहले वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि मप्र की जनता पर कोई नया टैक्स नहीं लगेगा। साथ ही हम कोई भी पुरानी योजना को बंद नहीं करेंगे। हम सभी लोगों को ध्यान में रखकर बजट ला रहे हैं। बजट में सभी की भावनाओं का ख्याल रखा गया है।*

- *बजट में सभी की उम्मीदों और सभी वर्गों का ध्यान रखा गया*
- *बजट को 25 लोगों की टीम ने करीब तीन माह में तैयार किया*
- *बजट में पुरानी योजना को बंद नहीं करने की घोषणा की*

### बजट में महिलाओं के लिए की कई महत्वपूर्ण घोषणाएं

एनएच 12 क्रिएटिव वूमंस की हेड और सोशल एक्टिविस्ट अंशु गुप्ता ने कहा कि इस बजट में मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके आर्थिक विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जाएंगे तो वहीं महिला उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए वित्तीय सहायता का भी प्रावधान है। वहीं सरकार द्वारा महिला स्वास्थ्य और पोषण कार्यक्रम पर भी ध्यान देना प्रदेश सरकार का सराहनीय कदम है। वहीं लाड़ली लक्ष्मी योजना और लखपति दीदी योजना से तो लाखों महिलाएं आत्मनिर्भरता की कड़ी में आगे बढ़ रहीं हैं।

### किसान, कृषि और गांव को सशक्तिकरण बनाने वाला बजट

मप्र सरकार ने अपने बजट में कृषि व उससे संबद्ध क्षेत्रों के लिए पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 29 प्रतिशत की वृद्धि की है, जो कि मुख्यमंत्री मोहन यादव की किसान व कृषि क्षेत्र के विकास की प्रतिबद्धता व प्राथमिकता को दिखाता है। सरकार ने बजट में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं, पशुपालन, फसल बीमा, बिजली, प्रसंस्करण, कृषि शोध, उद्यानिकी, गो-आधारित खेती, सौर उर्जा, किसान सम्मान निधि सहित अन्य क्षेत्रों के लिए पर्याप्त बजट का आवंटन किया है, जिससे कृषि उत्पादकता में वृद्धि दर्ज होगी। भारतीय किसान संघ किसान, कृषि व गांव को सशक्त बनाने वाले इस बजट का स्वागत करता है। साथ ही सरकार व प्रशासन से अपेक्षा है कि बजट में घोषित किसान हितैशी योजनाओं के क्रियान्वयन में सतर्कता व मॉनीटरिंग रखी जाए, जिससे 2047 के विकसित मध्यप्रदेश के कृषि क्षेत्र के लक्ष्य को सरलता से प्राप्त किया जा सके। प्रदेश के गेंहू व धान उत्पादक किसानों के लिए भी बजट में राशि का प्रावधान किया गया है।



**सर्वज्ञ दीवान**, प्रांत अध्यक्ष, मध्यभारत प्रांत

### बजट में अन्नदाता किसानों, युवाओं का रखा ध्यान



मोहन सरकार के बजट को सर्वे भवन्तु सुखिन की भावना के अनुरूप गरीबों, अन्नदाता किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान को समर्पित है। सीएम को सर्वसमावेशी, दूरदर्शी और विकासोन्मुखी बजट के लिए मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री देवड़ा का आभार है।

**प्रताप सिंह यादव**, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक

## बजट इनकी नजर में...

### गरीब, किसान, महिला और युवाओं को समर्पित है बजट



मध्य प्रदेश सरकार का यह बजट गरीब, किसान, महिला और युवाओं को समर्पित होगा। इस बजट में गरीब को मुफ्त अनाज, प्रधानमंत्री आवास आदि अनेक योजनाएं देने की बात की जाएगी, वहीं किसान को सिंचाई सुविधा, बिजली एवं लोन देने का विशेष प्रावधान किया जाएगा, महिलाओं को लाड़ली लक्ष्मी योजना आदि एवं उनके आर्थिक एवं सामाजिक विकास से जुड़ी योजनाएं लायी जाएगी, युवाओं के लिए स्टार्टअप, वित्तीय सहायता, उद्योग आदि के लिए लोन उपलब्ध कराए जाएंगे। महाकौशल एवं बुंदेलखंड आदि क्षेत्र को विशेष पैकेज, कृषि आधारित उद्योग, रियल स्टेट को मजबूती एवं स्टांप ड्यूटी आदि अन्य टैक्स ना बढ़ाई जाए इस बजट में इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। अगर टैक्स बढ़ेंगे तो महंगाई भी बढ़ेगी। यह बजट वित्तीय घाटे का बजट होगा, सरकार की आय से ज्यादा व्यय इस बजट में दिखाई देगा। सरकार के सामने इस बजट में वित्तीय घाटा एवं कर्ज का बोझ एक बड़ी चुनौती होगी।

**डॉ. देवेंद्र विश्वकर्मा**, अर्थशास्त्री

### शिक्षा, रोजगार और आर्थिक विकास पर केंद्रित रहा बजट



बुधवार को प्रस्तुत किया गया मध्य प्रदेश का बजट 2025-26 कई बिंदुओं पर विशेष फोकस करने वाला रहा है। इसमें विशेष रूप से शिक्षा, रोजगार और आर्थिक विकास पर फोकस करके प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भविष्य की योजनाएं निहित लगती हैं। प्रदेश को तकनीकी और डिजिटल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए कॉलेज और विश्वविद्यालयों को उद्योगों से जोड़ने का काम चल रहा है। इस बजट से इस योजना को भी सहायता मिलेगी। रोजगार और युवाओं के लिए अवसर बढ़ेंगे, जिससे प्रदेश को विकास के लिए और बल मिलेगा। कुल मिलाकर इस बार प्रस्तुत किया गया बजट प्रदेश के संपूर्ण विकास के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा सकता है। इस बार का बजट काफी संतुलित रहा है। प्रदेश सरकार का बजट आमजन के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा। इन्फ्रॉस्ट्रक्चर से लेकर रोजगार भी मिला।

**डॉ. राजेश श्रीवास्तव**, एचओडी गणित विभाग, एसपीएम कॉलेज, मप्र

## सरकार के बजट को युवाओं ने सराहा

### हर क्षेत्र में विकास हो रहा है



सरकार बेहतर काम कर रही है। युवाओं और विशेष तौर पर स्कूली व कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए कई बेहतर योजनाएं चलाई जा रही हैं। नए रोजगार तैयार हो रहे हैं। प्रदेश में हर क्षेत्र में विकास हो रहा है।

**कृष्णा आचार्य**, युवा

### युवाओं के लिए कई बेहतर योजनाएं



केंद्र और राज्य सरकार युवाओं के लिए कई बेहतर योजनाएं चलाने के साथ ही नए स्टार्टअप के लिए भी सहयोग कर रही हैं। हर क्षेत्र में चाहे वह शिक्षा हो या फिर स्वास्थ्य विकास हो रहा है।

**आर्ची थावानी**, युवा



### *बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़कर कार्य कर रहीं, योजनाओं से बढ़ता है उत्साह*

*प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के लिए रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में बजट में किए गए प्रावधान को युवाओं ने स्वागत योग्य कदम बताया है। युवाओं का कहना है कि सरकार की ओर से युवाओं, विशेष तौर पर बेटियों के लिए कई बेहतर निर्णय लिए गए हैं। आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़कर कार्य कर रही हैं। विभिन्न योजनाओं से उत्साह भी बढ़ता है।*

### सरकार हर क्षेत्र में कर रही कार्य



सरकार की ओर से युवाओं, विशेष तौर पर बेटियों के लिए कई बेहतर निर्णय लिए गए हैं। आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़कर कार्य कर रही हैं। विभिन्न योजनाओं से उत्साह भी बढ़ता है।

**अनुज प्रजापति**, युवा

### स्वागत योग्य प्रदेश का बजट



केंद्र और राज्य सरकार अच्छा काम कर रही है। बजट में रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर निर्णय लिए गए हैं। सरकार के निर्णय स्वागत योग्य हैं।

**अनुष्का दुबे**, युवा

### ये बजट सर्वे भवन्तु सुखिनः के मंत्र के अनुरूप आया है



वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा बुधवार को पेश किया गया वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट एमपी के विकास को नए पंख देगा। धार्मिक पर्यटन के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। धर्म और संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया गया और वेदान्त पीठ की स्थापना के अंतर्गत 500 करोड़ का प्रावधान किया। म.प्र. संस्कृति परिषद के अंतर्गत 75 करोड़ का प्रावधान किया। समारोह के आयोजन के लिए अनुदान के अंतर्गत 60 करोड़ का और कंजर्वेशन एवं संवर्धन के अंतर्गत 50 करोड़ का प्रावधान, इसके लिए हम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी सरकार को दिल से धन्यवाद देते हैं।

**स्वामी मनेश्वरानंदजी**, महामंडलेश्वर मध्य प्रदेश, पीठाधीश- प्रफुल्लित तीर्थ, रायसेन

### व्यंग्य



बजट आते ही मेडम बोली, रामा रामा रामा
इस होली पर खेल रही है हाई लेवल का ड्रामा
हम समझाते पड़ जाएंगे तेरे सब रंग फीके
महंगाई की चिंता छोड़ हरिबूटी को पीके।
जय जय मोहन की सरकार
महाकाल की जय जय कार

**धूमकेतु**, कवि

## औद्योगिक विस्तार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

### कवि की टिप्पणी और व्यंग्य



मध्यप्रदेश सरकार के इस बजट में हाल ही में संपन्न हुई इंडस्ट्रियल समिट का प्रभाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है। 39 नए औद्योगिक क्षेत्र बनाए जाने की घोषणा से औद्योगिक विस्तार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मेडिकल में सीट बढ़ाने, नए आयुर्वेदिक और आईटीआई कॉलेज खोलने, 22 नए छात्रावासों के निर्माण करने की बात भी युवाओं के सुदृढ़ भविष्य के प्रति शासन की प्रतिबद्धता का परिचय दे रही है। वर्तमान सत्ता दल की पृष्ठभूमि ही धर्म, संस्कृति, की है तो पर्यटन, राम पथ, कृष्ण पथ और स्मारकों के निर्माण आदि के लिए भी बजट में बड़ा प्रावधान है। इस माध्यम से शासन जन भावनाओं से जुड़ा रहेगा। शिक्षा केंद्र तो हमारे देश में भी बहुत अच्छे और बड़े भी हैं फिर आदिवासी छात्रों को पढ़ाई के लिए विदेश भेजे जाने वाली बात कुछ अटपटी सी लगी कि विदेशी शिक्षा के मोह से हम मुक्त नहीं हुए। कुल मिलाकर बजट पर अगर अपनी कुछ पंक्तियां कहूँ तो यूं कहूंगा...

वित्त मंत्री रूप में डिप्टी सीएम साब
लोक लुभावन बजट में खूब दिखाए ख़्याब
औद्योगिक विस्तार नए उद्योग लगेंगे
रोजगार के रोज नए अवसर पनपेंगे
धर्म, संस्कृति, राम-कृष्ण पथ और स्मारक
मानो बजट विकास संग होगा भव तारक
काश ! दिखाया हुआ ख़्वाब हो जाए सच्चा ।
हो जाए खुशहाल प्रांत का बच्चा - बच्चा ॥

**राजेंद्र गट्टानी**, कवि

### गीत



एक बजट में....ढेरों सपने
बरसों बाद लगे सुख अपने
लाखों अवसर रोजगार के दिन लौटेंगे.
चित्रहार के दर्द लगे बेचारे कँपने
जुटी व्यवस्था उत्थानों में
आवासों के निर्माणों में
मीठे गीत लगे हैं छपने
तेज धूप में होते काले
बच्चे दूर-दराजों वाले
उन्हें नहीं अब देंगे तपने
ढेरों नये चिकित्सक होंगे
सारे रोग निरर्थक होंगे
देह लगेगी साँसें जपने

राम-कृष्ण के प्रावधान हैं
उन्नति के सब पायदान हैं
पग-पग व्योम लगेंगे नपने
राम वन गमन पथ भी होगा
वीर कृष्ण का रथ भी होगा
चेहरा शत्रु लगेंगे ढंपने
निर्धन और कृषक की चिन्ता
महिला और युवक की चिन्ता
नहीं दर्द में देंगे खपने
हर माथे पर...छाया होगी
खाक न कोई काया होगी
नहीं किसी को देंगे हँपने

**दिनेश प्रभात**, गीतकार, भोपाल

## बजट इनकी नजर में...



### आयुष्मान योजना से वृद्ध दादा दादी को हुआ काफी फायदा

अपना घर वृद्धा आश्रम को संचालित करने वाली माधुरी मिश्रा ने कहा कि मेरा तो जीवन ही वृद्ध दादा-दादी की सेवा में निकल गया है और मैं उन्हें अपने माता-पिता तुल्य ही मानती हूं। मेरे घर में मेरी बेटियां भी उन्हें दादा-दादी नाना-नानी के रूप में ही मानती हैं। उन्होंने कहा कि वैसे तो सरकार की कई योजनाएं हैं, जिनसे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से वृद्धों को फायदा होता है, इसमें खासकर आयुष्मान योजना से वृद्धों को काफी फायदा हुआ है। मुझे लगता है कि इसी तरह की ओर भी शासकीय योजनाएं हमारे वृद्ध दादा-दादी के लिए चलाई जानी चाहिए।

**माधुरी मिश्रा**, 'अपना घर' एनजीओ,

### उद्यमिता से पोषण तक महिलाओं की समृद्धि के संकल्प का है बजट



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सपना देखा है कि पांच साल में मध्य प्रदेश की जीडीपी को दोगुना करना है। इस दिशा में इस बजट में बहुत बड़े कदम उठाए गए हैं। उद्यमिता से पोषण तक महिलाओं की समृद्धि का संकल्प है। महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार और परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में वर्ष 2025-26 में 18 हजार 669 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। सरकार का यह प्रदेश के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**माही भजनी**, सोशल एक्टिविस्ट, फाउंडर-अनुनय सोसाइटी

### यह बजट गरीब कल्याण, युवा शक्ति किसानों और नारी शक्ति पर केंद्रित



बजट को महिलाओं की समृद्धि का संकल्प है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 27 हजार 147 करोड़ का बजट प्रावधानित किया गया है। 'यत्र नारियस्तू पूजयन्ते, रमन्ते तत्र देवता' की भावना को आत्मसात करते हुए सरकार ने महिलाओं के समग्र विकास को प्राथमिकता दी है। इस वर्ष का बजट गरीब कल्याण, युवा शक्ति, किसानों और नारी शक्ति पर केंद्रीत है। सरकार के इस बजट से नारी शक्ति और मजबूत होगी। वहीं युवाओं को नए-नए रोजगार के अवसर मिलेंगे, और अब नव युवकों को काम की तलाश में प्रदेश से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**निर्मला भूरिया**, मंत्री, महिला-बाल विकास



# मोहन सरकार ने अपने बजट में महिला वर्ग के साथ युवाओं का भी रखा ख्याल, गो पालकों के लिए भी दीं लाभकारी योजनाएं

*हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल।* मोहन सरकार का बजट विकसित मध्यप्रदेश को लेकर प्रस्तुत किया गया है। बजट में किसानों, महिला वर्ग के साथ युवाओं का खास ख्याल रखा है, जहां महिलाओं को लाड़ली बहना योजना के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की बात कही गई है और उन्हें अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना और प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना से जोड़ने का ऐलान किया है। तो वहीं युवाओं के लिए सबसे बड़ा ऐलान निजी क्षेत्र में 3 लाख रोजगार का किया गया है। इसके अलावा गाय और गोपालक का ध्यान रखा है। सरकार दूध उत्पादक किसानों को प्रति लीटर 5 रुपए बोनस देगी। गोशालाओं में गायों के आहार के लिए सहायता प्रति गाय 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए प्रतिदिन की है।

## बजट इनकी नजर में...

### इस बार बजट में 'विकास के साथ विरासत' और 'ज्ञान का सम्मान'



मोहन सरकार का नया बजट विकास के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के साथ विरासत को सहेजने वाला है। बिना कोई नया कर लगाए प्रदेश को अग्रणी बनाने का संकल्प इस बजट की विशेषता है। कुल 4.21 लाख करोड़ के बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो मंत्रों की स्पष्ट झलक है। एक 'विकास के साथ विरासत' और दूसरा 'ज्ञान का सम्मान'। बजट में 39 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने, प्रत्येक जिले की पहचान, महानगरों के बीच विशिष्ठ कॉरीडोर बनाने के साथ पूरे मप्र के मंजरे टोलों को भी परिवहन संपर्क बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

**रमेश शर्मा**, वरिष्ठ पत्रकार

### स्थिर सरकार का स्थिर बजट सभी क्षेत्रों में रखा संतुलन



इस बजट में सभी क्षेत्रों का संतुलन बनाया गया है। किसान, आदिवासी, गर्व और रोजगार की चिंता झलक बजट का आकर्षण है। शिक्षा का विस्तार, तकनीक और कौशल से युक्त युवा, जैविक खेती के साथ श्रीअन्न पैदा करता किसान, महिलाओं को मिल रही नकद सहायता को स्थायित्व प्रदान करने की योजना ने समुचित विचार को सामने रखा है। केंद्र से प्राप्त होने वाले अनुदान और करों की हिस्सेदारी की केंद्रीय बजट से जानकारी मिल ही चुकी है इसलिए बजट स्थिर है। जिसे स्थिर सरकार का स्थिर बजट कहा गया है।

**सुरेश शर्मा**, वरिष्ठ पत्रकार

### 2047 के दृष्टिकोण का बजट प्रदेश की समृद्धि बढ़ाने वाला



मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को राज्य विधानसभा में 4.21 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया, जो पिछले साल के 3.75 लाख करोड़ रुपये से 48,954 करोड़ रुपये अधिक है। बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसका लक्ष्य उसी वर्ष तक विकसित मध्य प्रदेश के समानांतर लक्ष्य को प्राप्त करना है। वित्त मंत्री देवड़ा ने राज्य भर में समृद्धि और खुशी बढ़ाने के लिए बजट के 'ज्ञानमंत्र-गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया है।

**शशिकांत त्रिवेदी**, वरिष्ठ पत्रकार

### ज्ञान पर आधारित है इस बार का प्रदेश सरकार का बजट



इस बार मप्र का बजट 4 लाख करोड़ रुपए की लागत का है। यह ज्ञान यानि गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर विशेष रूप से आधारित है। यह चहुंमुखी विकासोन्मुखी बजट है। ऐसा पहली बार हुआ है कि शून्य पर आधारित यह बजट है। बजट से इस बार 2000 लाइनें कम की गई हैं। इससे 15 हजार करोड़ रुपए बचे हैं। पहली बार एसएनए-एसपीएआरएसएच (एसएनए-स्पर्श) प्लानिंग लागू की गई है, जिससे वित्तीय निगरानी आसानी से हो सकेगी, जिससे पैसे के मिसयूज पर अंकुश लग सकेगा।

**दिनेश जोशी**, वरिष्ठ पत्रकार

### स्टेडियम की पहल ऐतिहासिक



बजट में खेलो इंडिया एमपी के अंतर्गत 180 करोड़, खेल अकादमियों की स्थापना के अंतर्गत 170 करोड़ तथा स्टेडियम एवं खेल अधोसंरचना निर्माण के अंतर्गत 159 करोड़ का प्रावधान किया गया है। देश में पहली बार किसी हर विस में खेल स्टेडियम बनाए जाने की ऐतिहासिक पहल की गई है, जिससे युवाओं को खेल और शारीरिक विकास के बेहतरीन अवसर मिलेंगे।

**विश्वास सारंग**, मंत्री,खेल एवं युवा कल्याण

### अर्थव्यवस्था मजबूत होगी



यह बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2047 तक 2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को मजबूत करेगा। लोक निर्माण विभाग के लिए इस वर्ष के बजट में 13,643 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 3,468 करोड़ रुपए या लगभग 34% अधिक है।

**राकेश सिंह**, मंत्री, लोक निर्माण

### प्रदेश के सर्वांगीण विकास का बजट



आज प्रस्तुत बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास का बजट है। बजट में सभी वर्गों के कल्याण के लिए समुचति प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा है कि बजट में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के लिए गत वर्ष की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत अधिक राशि का प्रावधान किया गया है। इससे विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी।

**गोविन्द सिंह राजपूत**, मंत्री, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

### युवाओं को नए अवसरों की सौगात



इस बजट में मप्र के विकास के रोडमैप के लिए कुल 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपये के प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को सार्थक करने की दिशा में यह बढ़ते हुए कदम हैं। इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे के साथ-साथ युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह बजट युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने वाला है।

**वैभव पवार**, प्रदेश अध्यक्ष, भाजयुमो

### सर्वहारा वर्ग के कल्याण का बजट



विधानसभा में वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत बजट प्रदेश के विकास और सर्वहारा वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित है। इस बजट में गरीब ,युवाओं, अन्नदाता और नारी सहित सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। ऊर्जा विभाग के लिए इस वर्ष 37 हजार 734 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो 10 हजार 343 करोड़ रुपए अधिक है। इससे बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने में सहूलियत होगी।

**प्रद्युम्न सिंह तोमर**, ऊर्जा मंत्री

### सभी वर्गों का समग्र कल्याण



यह बजट गरीब कल्याण, युवा शक्ति, अन्नदाता किसान भाई और नारी शक्ति पर केंद्रित है। बजट में समाज के सभी वर्गों के समग्र कल्याण के लिए प्रावधान किए गए है। रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, जल जैसी सभी मूलभूत सुविधाओं के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए गए है। समावेशी और जनहितकारी बजट के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उप मुख्यमंत्री देवड़ा का आभार है।

**नागर सिंह चौहान**, मंत्री, अनुसूचित जाति कल्याण

## प्रदेश को नई दिशा देता बजट

# जनता को राहत...कोई भी नया कर नहीं पिछले बजट से यह 15 प्रतिशत अधिक

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मोहन सरकार का बजट का लक्ष्य महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीब वर्ग, आम जनता को नई शक्ति, नई दिशा व विश्वास देना है। यह बजट समावेशी बजट है। नई आशा और विश्वास बढ़ाने का, अधोसंरचना के विकास का बजट, इंफ्राट्रक्चर के लिए अच्छा बजट और आधी आबादी का कल्याण हमारी प्राथमिकता है। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। ये पिछले बजट से 15% अधिक है।

**रोजगार** तीन लाख रोजगार देने की कही गई है बात

**शिक्षा** सकारात्मक एवं नवाचारी कदमों से परिपूर्ण

**उद्योग** 39 नए औद्योगिक पार्क का निर्माण किया जाएगा

### बजट से संपूर्ण प्रदेश के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त



वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के बजट में एमएसएमई विभाग के लिए 1075 करोड़ 80 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है जो कि स्वागत योग्य है। इस बजट से प्रदेश में निवेश और औद्योगिकीकरण को नई गति एवं दिशा प्राप्त होगी। प्रदेश में रोजगार की नई संभावना में वृद्धि होगी और संपूर्ण प्रदेश के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। सरकार ने 'ईज ऑफ लिविंग' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने के लिए मानकों के सरलीकरण, जनविश्वास बिल, राजस्व महाभियान और पीएम जनमन कार्यक्रम जैसे प्रभावी उपायों को अपनाया है, जिससे सुशासन को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष घोषित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में द्वितीयक क्षेत्र में 2.73 लाख करोड़ रुपए के सकल मूल्य वर्धन तक पहुंच गया। राज्य में औद्योगिक क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास कार्यो के लिये वर्ष 2024-25 में 145.13 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई तथा दिसंबर 2024 तक 4.17 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए यह बहुत ही अच्छा सूचक है।

**दीपक शर्मा** अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ मप्र चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज

### राज्य के भविष्य की नींव रख रहा 2025 का बजट



मध्य प्रदेश बजट 2025-26 एक रणनीतिक दृष्टि को दर्शाता है, जहां युवा सशक्तिकरण, औद्योगिक विस्तार और बुनियादी ढांचे का विकास आपस में जुड़े हुए हैं। शिक्षा, रोजगार 22 नए आईटीआई की घोषणा, एक डिजिटल विश्वविद्यालय की उद्योग और रोजगार को बढ़ावा देने की राज्य की योजना के पूरक हैं। स्मार्ट शहरों और इंडस्ट्री कॉरिडोर के विकास से व्यापार करने में आसानी होती है, जिससे निवेशक और बहुराष्ट्रीय कंपनियां आकर्षित होती हैं। जहां वह भारत में एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्वयं को स्थापित कर सकेगा।

**प्रो.हिमांशु राय**, निदेशक, आईआईएम इंदौर, मप्र



### यूनिवर्सिटी और उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा



प्रदेश सरकार के पेश बजट में शिक्षा पर भी जोर दिया गया है। इसके तहत 22 आईटीआई संस्थान और डिजिटल यूनिवर्सिटी खोली जाएंगी। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय खोला जाएगा। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। वहीं, तीन लाख नौकरियां भी मिलने के आसार हैं। इस बजट में किसी नए कर का प्रावधान नहीं किया गया है, इतना ही नहीं पुराने कर में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। सरकार ने जिस मंशा से बजट तैयार किया है, उम्मीद है कि वह मंशा पूरी होगी। इसके अलावा, स्मार्ट शहरों और इंडस्ट्री कॉरिडोर के विकास से व्यापार करने में आसानी होती है, जिससे निवेशक और बहुराष्ट्रीय कंपनियांआकर्षित होती हैं। बेहतर कनेक्टिविटी से उद्योग कुशलता से काम कर सकते हैं, जिससे रोजगार और आथिज़्क विकास को एक साथ बढ़ावा मिलता है।

**ओपी रावत**, पूर्व चुनाव आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग

## विकसित प्रदेश के संकल्प और शिक्षा के साथ रोजगार के नए अवसर निर्मित होंगे

### धन आवंटन से मिलेगी एमएसएमई को नई गति



चूंकि एमएसएमई क्षेत्र अर्थव्यवस्था के विकास में प्रमुख भूमिका निभाता है, इसलिए बड़ी मात्रा में धन आवंटन से विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को नई गति मिलेगी और 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने में बहुत मदद मिलेगी। इस बजट में ऐतिहासिक आवंटन है।

**पुलकित शर्मा**
चेयरमैन, सीआईआई भोपाल जोन

### विकसित राजधानी बनेगी



भोपाल मेट्रो के लिए राशि के आवंटन से भोपाल विकसित राजधानी का संकल्प पूर्ण होगा। सीएम केअर योजना एवं हर विस में स्टेडियम आदि योजनाएं स्वागत योग्य हैं। 23 नए आईटीआई 11 नए आयुर्वेदिक संस्थानों से शिक्षा के साथ रोजगार के अवसर प्रदेश मे निर्मित होंगे।

**तेजकुलपाल सिंह पाली**, अध्यक्ष, भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज

### विकास पर जोर



उद्योग एवं रोजगार वर्ष को ध्यान में रखकर के अधोसंरचना विकास के लिए अतिरिक्त प्रावधान निवेशकों को आकर्षित करने जरूरी था। बजट में जो प्रमुख चुनौती आय का साधन बढ़ाना तथा पूर्व में लिए गए ऋण के भुगतान का प्रबंध करना तथा फिजिकल डेफिसिट को नियंत्रण में रखना है।

**आरजी द्विवेदी**, एडवाइजर, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भोपाल

### संकल्पों को पंख



मुख्यमंत्री ने पहले ही 'उद्योग वर्ष' घोषित किया है, औद्योगिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा। हाल ही में संपन्न जीआईएस में प्राप्त 30 लाख करोड़ से अधिक निवेश प्रस्तावों को धरातल पर लाने इस बजट में महत्ती प्रावधान किए गए हैं। 39 नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास की योजना है, जिससे 3 लाख रोजगार अवसर सृजित होने की उम्मीद है।

**गौतम कोठारी**,अध्यक्ष, पीथमपुर

### शहरी विकास पर ध्यान



शहरी विकास के लिए 8,075 करोड़ का बजट पिछली वर्ष की तुलना में 2,000 करोड़ अधिक है। पर्यटन और धरोहर बजट में 2028 के सिंहस्थ महापर्व के लिए 2,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। भोपाल का पोस्ट-इंडस्ट्रियल डिजास्टर रिडेवलपमेंट फिर से बजट में जगह नहीं बना पाया।

**मनोज मीक**, अध्यक्ष, क्रेडाई भोपाल

### औद्योगिक विकास होगा



औद्योगिक विकास के लिये बजट में किए गए प्रावधान की विशेषता यह है कि इसमें तकनीक और एआई दोनों को जोड़ा है। वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ की तैयारी भी सरकार ने अभी से आरंभ कर दी। यह बजट औद्योगिकरण और आधुनिक विकास और पारंपरिक स्थलों को संवारने से विरासत की सुरक्षा की जा सकेगी।

**अनुराग सक्सेना**, उद्योगपति, बगरौदा

### वन पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान



वर्ष 2025-26 का बजट सर्व-समावेशी है। यह बजट प्रधानमंत्री मोदी के समग्र विकास के गरीब, युवा, अन्न्दाता और नारी के उत्थान के दर्शन पर आधारित है। बजट में वन और पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।

**दिलीप अहिरवार**, राज्य मंत्री,वन एवं पर्यावरण

### किसान कल्याण पर फोकस



राज्य सरकार ने किसानों के कल्याण को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया गया है। बजट में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 5220 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। अटल कृषि ज्योति योजना में 13909 करोड़ रुपए , 5 हॉर्स पावर के कृषि पंपों, थ्रेसरों तथा एक बत्ती कनेक्शन को निशुल्क विद्युत प्रदाय की प्रतिपूर्ति के तहत 5299 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

**एदल सिंह कंषाना**, मंत्री किसान कल्याण एवं कृषि

## बजट इनकी नजर में...

### सशक्त व समावेशी अर्थव्यवस्था का ब्लू प्रिंट के साथ यह बजट विकसित मप्र 2047 का विजन डॉक्यूमेंट



**विष्णुदत्त शर्मा**
अध्यक्ष,मध्यप्रदेश भाजपा

चार लाख, 21 हजार 32 करोड़ रुपये का यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है तथा अब तक का सबसे बड़ा बजट है। मध्यप्रदेश सरकार का यह बजट सशक्त व समावेशी अर्थव्यवस्था का ब्लू प्रिंट है एवं विकसित मध्यप्रदेश 2047 का विजन डाक्यूमेंट भी है। इस बजट में न तो कोई नया कर लगाया गया है और किसी लोक कल्याणकारी योजनाओं में कटौती भी नहीं की गई है। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के सर्वांगीण और समन्वित विकास की रूपरेखा इस बजट के माध्यम से प्रस्तुत की है। यह बजट 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का विजन डाक्युमेंट है। मप्र के विकास को सुनिश्चित करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की भावना के अनुरूप विकसित और आत्मनिर्भर मप्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन चार जातियों गरीब, युवा, अन्नदाता और महिलाओं की बात करते हैं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने उन सभी जातियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रावधान इस बजट में किए हैं। हर गरीब के जीवन को बदलने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के अनुरूप सरकार के प्रयासों की झलक भी इस बजट में दिखाई देती है। प्रदेश सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तो अनेक कदम उठाए ही हैं, प्रदेश के औद्योगिक विकास के प्रयासों को गति देने का काम भी इस बजट के माध्यम से किया गया है। जीआईएस में आए निवेश प्रस्तावों के फलीभूत होने पर लाखों की संख्या में नवीन रोजगार सृजित होंगे। लोगों को गरीबी से मुक्ति दिलाने के लिए जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया जा रहा है।

### यह बजट जुमलों का पुलिंदा जनता के साथ धोखा

यह बजट सिर्फ आंकड़ों की बाजीगरी और जुमलों का पुलिंदा है। इसमें न जनता की भलाई के ठोस प्रावधान हैं, न ही बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याओं का कोई समाधान है। बजट में गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए कोई योजनाएं नहीं लाई गई हैं। गोपालक किसानों, एमएसएमई उद्योगों, स्टार्टअप्स के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। मुख्यमंत्री सिर्फ घोषणाएं कर रहे हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि गरीबों को राहत नहीं, किसानों को उनकी फसलों के दाम नहीं, युवाओं को रोजगार नहीं और महिलाएं असुरक्षित हैं। यह बजट केवल चुनावी एजेंडे के तहत दिखावटी योजनाओं से भरा हुआ है।



**जीतू पटवारी**
अध्यक्ष, मप्र कांग्रेस









सिंहस्थ-2028 के लिए 2 हजार 5 करोड़, गीता भवन और वृंदावन ग्राम योजना के लिए 100-100 करोड़ रुपए

# विकास और जनकल्याण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है प्रदेश

- राज्य सरकार ने प्रस्तुत किया 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का बजट
- वर्ष 2003-04 की तुलना में 21 गुना बड़ा है वर्ष 2025-26 का बजट
- बजट में कोई टैक्स नहीं लगाया गया है और न ही की गई है कोई कटौती
- वर्ष-2029 तक बजट के आकार एवं प्रदेश की जीएसडीपी को दो गुना करने का है लक्ष्य
- जेण्डर बजट, बाल बजट और कृषि संबद्ध क्षेत्र में, विगत 6 वर्षों में हुई दोगुना से अधिक की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गांव, गरीब सहित सभी वर्गों के लिए व्यवस्थित योजना से मप्र विकास और जनकल्याण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत<\@>2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार विकसित मप्र के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। राज्य का बजट 2025-26 इसी संकल्प की प्राप्ति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। राज्य सरकार ने पहली बार 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया। यह बजट प्रावधान पिछले वर्ष 2024-25 की अपेक्षाकृत 15 प्रतिशत अधिक है। इतने बड़े बजट के बाद भी कोई टैक्स नहीं लगाया गया है और न ही कोई कटौती की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव विधानसभा में प्रस्तुत प्रदेश के वर्ष 2025-26 के बजट के संबंध में विधान सभा परिसर में मीडिया से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई सरकार बनते ही अगले 5 साल में बजट को दोगुना करने का लक्ष्य तय कर लिया गया था। वर्ष 2025-26 का बजट इसी दिशा में अनुकरणीय प्रयास है। इस बजट में राज्य के गरीब, युवा, अन्नदाता किसान और नारी (ज्ञान) सहित सभी वर्गों की बेहतरी के संकल्प को पूरा किया गया है। सभी क्षेत्रों में विकास के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की जा रही है। वर्ष- 1956 में मप्र का गठन हुआ, लेकिन वर्ष 2003-04 तक मात्र 20 हजार करोड़ रुपए का बजट था, अब हम इसे 21 गुना बढ़ाते हुए 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए तक पहुंचे हैं। यह दर्शाता है कि मप्र को अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। इधर, मप्र बजट का भाषण सुनने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी पहुंचे थे।

## सर्व-व्यापक, सर्व-स्पर्शी, सर्व-समावेशी बजट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वित्त एवं उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का सर्व-व्यापक, सर्व-स्पर्शी, सर्व-समावेशी बजट प्रस्तुत कने के लिए अभिनंदन करते हुए कहा कि वर्ष 2025 का यह बजट मप्र की आशाओं, आकांक्षाओं का बजट है। राज्य सरकार अपने सभी संकल्पों को पूरा करने की ओर निरंतर आगे बढ़ रही है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वर्ष<\@>2047 तक 2 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 250 लाख करोड़) बनाना है। यह केवल संख्यात्मक दस्तावेज नहीं, अपितु प्रदेश की जनता की जिंदगी बदलने वाला बजट है। गरीबों को सशक्त बनाएगा और प्रदेश के युवाओं के लिए बेहतर भविष्य का सृजन करेगा। बजट में महिलाओं, गरीब, किसान, अनुसूचित जाति और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए विशेष कदम उठाए गये हैं। मुख्यमंत्री ने लोककल्याणकारी बजट के लिए प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### मुख्यमंत्री ने बजट में प्रमुख बिंदुओं के संबंध में जानकारी दी

यह बजट अनुमानित राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 4 प्रतिशत अनुमानित रखते हुए वर्ष 2029-30 तक बजट के आकार एव प्रदेश की जीएसडीपी को दो गुना करने के लक्ष्य पर केन्द्रित है। कुल विनियोग की राशि 4,21,032 करोड़ रुपए है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है। अनुमानित राजस्व प्राप्तियां 2,90,879 करोड़ रुपए है, जिसमें राज्य के स्वयं के कर की राशि 1,09,157 करोड़ रुपए, केन्द्रीय करों में प्रदेश का हिस्सा 1,11,662 करोड़ , करेत्तर राजस्व 21,399 करोड़ रुपए और केन्द्र से प्राप्त सहायता अनुदान 48,661 करोड़ रुपए शामिल है। वर्ष 2025-26 में वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान की तुलना में राज्य के कर राजस्व में 7 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित है। वर्ष 2025-26 में वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान की तुलना में पूंजीगत परिव्यय में लगभग 31 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित है।

### यह रहीं राज्य की सफलताएं

नीति आयोग से जारी राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक प्रतिवेदन में राज्य को व्यय की गुणवत्ता में प्रथम स्थान दिया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने भी अपनी रिपोर्ट में राज्य की इस उपलब्धि का उल्लेख किया है। वर्ष 2025-26 के बजट में विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले व्यय के प्रतिशत में सर्वाधिक 17 प्रतिशत अधोसंरचना क्षेत्र के लिए प्रावधान है। अधोसंरचना क्षेत्र में वर्ष 2025-26 में विगत वर्ष 2024-25 की तुलना में 31 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित है।

### राज्य की क्षेत्रवार उपलब्धियां

राज्य शासन महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है, 6 वर्षों में जेण्डर बजट का आकार दोगुना हुआ है। कृषि और संबद्ध क्षेत्र में, पिछले 6 वर्षों में दोगुना से अधिक की वृद्धि हुई है। पिछले 6 वर्षों में बाल-बजट का प्रावधान दोगुना से अधिक हुआ।

### नारी सशक्तिकरण के लिए इतनी राशि का प्रावधान

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 18,669 करोड़ रुपए का प्रावधान है। लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत 1,183 करोड़ रुपए का प्रावधान है। मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता के तहत 720 करोड़ रुपए का प्रावधान है। जल जीवन मिशन नेशनल रूरल ड्रिंकिंग वॉटर मिशन में 17,136 करोड़ रुपए का प्रावधान है।

### अन्नदाता (किसान) के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत इतनी राशि मिलेगी

अटल कृषि ज्योति योजना में 13,909 करोड़ रुपए का प्रावधान है। प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के तहत 447 करोड़ रुपए का प्रावधान है। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 5,220 करोड़ रुपए का प्रावधान है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 2,001 करोड़ रुपए का प्रावधान है। मुख्यमंत्री कृषक फसल उपार्जन सहायता योजना में 1,000 करोड़ रुपए का प्रावधान है। समर्थन मूल्य पर किसानों से फसल उपार्जन पर बोनस भुगतान में 1,000 करोड़ रुपए का प्रावधान है। मुख्यमंत्री कृषक उन्नति योजना में 850 करोड़ रुपए का प्रावधान है। गौ-संवर्धन एवं पशुओं का संवर्धन के अंतर्गत 505 करोड़ रुपए का प्रावधान है।

### गरीब कल्याण के लिए इतनी राशि का प्रावधान

अटल गृह ज्योति योजना में 7132 करोड़ रुपए का प्रावधान है। मध्यप्रदेश विद्युत मंडल से 5 एच.पी. के कृषि पम्पों तथा एक बत्ती कनेक्शन को निःशुल्क विद्युत प्रदाय के लिए प्रतिपूर्ति के अंतर्गत 5299 करोड़ रुपए का प्रावधान शामिल हैं। मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना में 700 करोड़ रुपए का प्रावधान है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) के तहत 1,277 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। पीएम जनमन योजना (आवास) के अंतर्गत 1,100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

### युवा कल्याण के लिए भी सरकार ने तय किया बजट

निवेश प्रोत्साहन योजना में 2,000 करोड़ रुपए का प्रावधान है। एमएसएमई प्रोत्साहन व्यवसाय निवेश संवर्धन/सुविधा प्रदाय योजना के तहत 1,250 करोड़ रुपए का प्रावधान है। व्यावसायिक प्रशिक्षण का सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार के लिए 902 करोड़ रुपए का प्रावधान है। मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना में 500 करोड़ रुपए का प्रावधान है। बजट में हर वर्ग का कल्याण समाहित है।

## अलग-अलग योजनाओं के लिए बजट में किया गया प्रावधान

बजट में अलग-अलग सेक्टर में अलग राशियों का प्रावधान किया गया है। इसके जरिए हर वर्ग को साधने की कोशिश की गई है। किस वर्ग को कितना क्या मिला, इसे कुछ इस तरह से देख सकते हैं

### बजट में गरीब, युवा, अन्नदाता किसान व नारी मंत्र

#### जी : गरीब

- प्रत्येक जिले में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन होगा। ये समिति जिले की विकास योजना का रोड मैप तैयार करेगी। इसमें सलाहकार शामिल किए जाएंगे।
- जनजाति छात्रों के लिए आकंक्षा योजना के लिए 20 करोड़ 52 लाख का प्रस्ताव।
- जनजातीय विकास के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रस्ताव
- बजट में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए चार हजार 66 करोड़ रुपये का प्रस्ताव
- गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के लिए मुख्यमंत्री समग्र परिवार योजना शुरू करने का एलान।
- प्रदेश की शालाओं के उन्नयन के लिए 228 करोड़ रुपये का प्रावधान

#### वाईः युवा

- कौशल विकास के लिए लोकमाता अहिल्याबाई कौशल कार्यक्रम शुरू होगा
- प्रदेश में नौ अंतरराष्ट्रीय हॉकी टर्फ बनाए जाएंगे
- 25 करोड़ की लागत से एक सर्वसुविधा युक्त स्टेडियम बनाया जाएगा
- बच्चों की शिक्षा के लिए 22 नए छात्रावास बनेंगे।
- जनजातीय इलाकों में सीएम राइज स्कूल के लिए 1017 करोड़ का प्रावधान
- अनुसूचित जनजातीय वर्ग के 50 स्टूडेंट्स को पढ़ाई के लिए सरकार विदेश भेजेगी
- युवा कल्याण के लिए 2025 -26 के लिए छात्रवृत्ति, खेल और विदेश में पढ़ाई का प्रावधान
- जनजातीय बहुल 11300 से अधिक गांवों का कायाकल्प होगा

#### ए : अन्नदाता

- किसान फसल बीमा योजना के लिए 2000 करोड़ का प्रावधान
- धान उपार्जन के लिए 850 करोड़ का प्रावधान
- किसानों को सौर ऊर्जा का लाभ देने 447 करोड़ की मदद प्रस्तावित
- प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना की योजना शुरू की गई

#### एन : नारी

- नारी सम्मान और नारी कल्याण के लिए सरकार की मदद
- लाडली बहनों के लिए 18 हजार करोड़ से ज्यादा की मदद
- प्रदेश की लाडली बहनों को अटल पेंशन योजना से जोड़ने की घोषणा
- लाडली बहना योजना के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना और अटल पेंशन योजना से भी जोड़ा जाएगा।



# कांग्रेस विधायकों ने सिर पर कर्ज की गठरी, बेड़ियां बांधकर किया प्रदर्शन

## सिंघार ने कहाः सरकार कर्ज लेकर पी रही घी, हर व्यक्ति पर 50 हजार का कर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश का बजट पेश होने से पहले बुधवार को विधानसभा में कांग्रेस विधायकों ने राज्य पर बढ़ते कर्ज के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। नेता विपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक विधानसभा परिसर में काले रंग की कर्ज की गठरी सिर पर और शरीरों पर बेड़ियां बांधकर पहुंचे। कांग्रेस विधायकों ने भाजपा सरकार पर जनता पर आर्थिक बोझ डालने का आरोप लगाया। गांधी प्रतिमा के समक्ष कांग्रेस विधायक काले कपड़े की गठरी सिर पर रखे हुए थे। वहीं शरीर को बेड़ियों से जकड़े हुए थे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा भारी कर्ज लिया जा रहा है और प्रदेश की जनता को कर्ज के बोझ तले दबा दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज हर व्यक्ति पर 50 हजार रुपए से ज्यादा का कर्ज हो गया है। मगर सरकार युवाओं की नौकरी, किसानों, दलित, ओबीसी, आदिवासी और महिलाओं के मुद्दे पर बात नहीं करना चाहती। उमंग सिंघार ने आगे कहा कि सरकार सिर्फ कर्ज लेकर घी पी रही है और आम आदमी का हाल ये है कि वो कर्ज की जंजीरों में जकड़कर रह गया है।



# भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. सुरेन्द्र नाथ पंचतत्व में विलीन

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र, महामंत्री हितानंद ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, भोपाल के पूर्व जिला अध्यक्ष, बीडीए के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व विधायक स्वर्गीय सुरेन्द्र नाथ सिंह बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने स्व. सुरेन्द्र नाथ सिंह के कोटरा सुल्तानाबाद स्थित निवास पहुंचकर अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता स्व. सुरेन्द्र नाथ सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। बुधवार को भोपाल के भदभदा विश्रामघाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्व. सिंह की अंतिम यात्रा एलआईजी-150 कोटरा सुल्तानाबाद स्थित उनके निवास से निकली। मुखाग्नि उनके बेटे आदित्य नाथ सिंह ने दी। अंतिम संस्कार में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद आलोक शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जोशी, भगवानदास सबनानी,दर्शन सिंह चौधरी, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, रामेश्वर शर्मा, उमाशंकर गुप्ता,अरविंद भदौरिया, आलोक संजर, रविन्द्र यति, वैभव पंवार,सुमित पचौरी सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर अंतिम विदाई दी।





मुख्यमंत्री डॉ. यादव, विधायक सबनानी ने कोटरा स्थित निवास पहुंचकर परिजनों को बंधाया ढांढस

## मंत्री पटेल ईएसआईसी क्षेत्रीय परिषद की 91 वीं बैठक में हुए शामिल

**भोपाल**। श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि सरकार श्रमिकों के कल्याण और उनके स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आगामी समय में श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

मंत्री पटेल बुधवार को कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की क्षेत्रीय परिषद की 91वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में बुधनी (नर्मदापुरम) तथा नेमावर में नई डिस्पेंसरी की स्थापना, जबलपुर में 100 बिस्तरों के आधुनिक अस्पताल की योजना, ईएसआई अस्पतालों में भर्ती रोगियों के बीमा संबंधी मुद्दे एवं अन्य आवश्यक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

विस जा रहे छात्रों को पुलिस ने रोका

## कटोरा लेकर नर्सिंग छात्रों ने मांगी छात्रवृत्ति के लिए भीख




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में नर्सिंग छात्रों की छात्रवृत्ति और परीक्षाओं में हो रही देरी के खिलाफ एनएसयूआई ने प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार के नेतृत्व में हाथ में कटोरा लेकर नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया। नर्सिंग छात्र-छात्राएं अपनी मांगों को लेकर विधानसभा तक कटोरा लेकर पैदल मार्च करने निकले थे, लेकिन पुलिस ने रेडक्रॉस अस्पताल के पास बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया। पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह पहुंचे और नर्सिंग छात्रों की समस्याएं सुनी।

### नर्सिंग शिक्षा की बदहाल स्थिति

जयवर्धन सिंह ने कहा कि प्रदेश में नर्सिंग शिक्षा की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है 2019-20 सत्र के बीएससी नर्सिंग छात्रों की अंतिम वर्ष की परीक्षा नहीं हो पाना, 2020-21 और 2021-22 सत्र के बीएससी, एमएससी और पोस्ट बीएससी नर्सिंग छात्रों की सेकंड ईयर की परीक्षाएं लंबित हैं, कई छात्रों के प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम अब तक जारी नहीं किए गए है। देरी से परीक्षा परिणाम जारी होने के कारण छात्र मानसिक तनाव में है और उनका करियर अधर में लटका है।

## कांग्रेस प्रदर्शन में मंच टूटने के मामले में चंद्रशेखर तिवारी पर केस

**भोपाल**। टीटी नगर थाना क्षेत्र में किसान कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान मंच टूटने के मामले में टीटीनगर पुलिस ने हिंदूवादी नेता और संस्कृति बचाओ मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी पर एफआईआर दर्ज की गई। मंच टूटने से 10 से अधिक कांग्रेसी घायल हो गए थे। चंद्रशेखर टेंट कारोबारी भी हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने जान-बूझकर मंच कमजोर तैयार किया था, जिससे वह टूट गया और कांग्रेसियों की जान को खतरा में डाल दिया था। थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया ने बताया कि इस संबंध में कांग्रेस नेता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने शिकायत की थी। इस आधार पर चंद्रशेखर तिवारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने का काम) के तहत केस दर्ज किया है। इस धारा के तहत अधिकतम तीन साल की जेल और 10 हजार जुर्माने का प्रावधान है। टीआई ने बताया कि इस संबंध में चंद्रशेखर से उनका जबाव मांगा है।

# फाल्गुनी नक्षत्र, धृति योग के बाद शूल योग व गजकेसरी संयोग में होगा होलिका दहन







हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजधानी में होलिका दहन को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शहर भर में करीबन 1600 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। इसके साथ ही गुरुवार से पांच दिवसीय रंगोत्सव की शुरुआत हो जाएगी। गुरुवार को होलिका दहन का पर्व मनाया जाएगा और शुक्रवार को धुलेंडी पर्व पर शहर में रंग, अबीर, गुलाल लगाकर लोग एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं देंगे। पांच दिवसीय रंगोत्सव 19 मार्च रंग पंचमी तक चलेगा। होलिका दहन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए इस बार गोकाष्ठ समितियों ने जगह-जगह स्टॉल लगाए हैं, जहां रियायती दरों पर गोकाष्ठ उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि होलिका दहन इस बार 13 मार्च को प्रदोष काल में किया जाएगा। इस दिन पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र, धृति योग के बाद शूल योग व गजकेसरी संयोग में होलिका दहन होगा। ऐसा संयोग 30 साल पहले 1995 में बना था, जो अब 2025 में फिर से बनने जा रहा है। इस विशेष योग में की गई मंत्र, यंत्र और तंत्र साधना अत्यंत प्रभावशाली मानी जाती है। तो वहीं इस बार होलिका दहन पर भद्रा का साया रहेगा। इसके चलते 13 मार्च को सुबह 10:35 बजे से रात 10:48 बजे तक भद्रा काल रहेगा, जिसके कारण शुभ मुहूर्त रात 10:48 बजे के बाद ही रहेगा। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि भद्रा काल में होलिका दहन करना वर्जित होता है, इसलिए दहन रात में किया जाएगा। पूर्णमा तिथि 13 मार्च को सुबह 10:35 बजे से शुरू होकर 14 मार्च दोपहर 12:23 बजे तक रहेगी। 14 मार्च को धुलेंडी मनाई जाएगी। इस दिन चंद्रग्रहण रहेगा, लेकिन यह केवल उपछाया ग्रहण होगा।

- होलिका दहन के साथ पांच दिवसीय रंगोत्सव की शुरुआत आज से
- आज जलेगी होलिका..
- शुभ मुहूर्त में होगा होलिका दहन

### यह समय होलिका दहन के लिए सही

**भोपाल।** पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 13 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा शुरू होगी। इस दिन भद्रा का साया दिन भर है। भद्रा सुबह 10 बजकर 35 मिनट पर शुरू होगा और देर रात 10 बजकर 48 मिनट पर समाप्त होगा। इसके लिए होलिका दहन करना सही रहेगा। श्रेष्ठ मुहूर्त 11 बजकर 26 मिनट से लेकर देर रात 12 बजकर 30 मिनट तक रहेगा।

### भद्रा क्यों मानी जाती है अशुभ?

#### कैसे करें पूजा

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि शुद्ध स्थान पर गोबर से लीपकर यहां लकड़ियां गोकाष्ठ जमा करें, गोबर के कंडे और मलरिया लगाएं। एक लाल रंग का पताका लगाएं, फिर गंध, धूप, दीप इत्यादि से भक्त प्रहलाद का पूजन करें, उसके बाद शुभ मुहूर्त में होलिका दहन करें। दहन के बाद अग्नि की सात परिक्रमा लगाएं। अन्न समृद्ध हो, इसके लिए गेहूं की बालियां सेंककर ग्रहण करें।

पंडित रामजीवन दुबे के अनुसार भद्रा सूर्य की पुत्री और शनिदेव की बहन मानी जाती हैं। यह क्रोधी स्वभाव की होती हैं और जब यह पृथ्वी लोक में होती हैं, तो अनिष्ट करती हैं। यह इस बार मृत्यु लोक में है, इसलिए भद्राकाल में शुभ कार्यों को वर्जित किया गया है। 13 मार्च को भद्रा मुख शाम 6:33 बजे से रात 10:48 बजे तक रहेगा, इसलिए इस दौरान होलिका दहन अशुभ होगा।

## होली के एक दिन पहले उतरी टीम 16 दुकानों से लिए 38 सैंपल



होली के एक दिन पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम शहर की मिठाई दुकानों की जांच करने उतरी। टीम ने अशोका गार्डन, मंगलवारा, इतवारा, अवधपुरी, दानिश नगर, बैरागढ़, कटारा हिल्स सहित अन्य जगहों की 16 दुकानों पर जांच की, जहां से मिठाई सहित अन्य खाद्य पदार्थो के 38 सैंपल लिए हैं। सैंपल को जांच के लिए लेबोरेटरी भेजा गया है।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि अशोका गार्डन स्थित बुंदेलखंड डेयरी से मिल्क केक और मैंदा, राजश्री मावा भंडार मंगलवारा से 3 मावा के सैंपल, महेन्द्र मावा भंडार से गावा, पनीर और घी के सैंपल, श्री कृष्णा मावा भंडार इतवारा से 2 भावा और घी, जोधपुर स्वीटस कटारा हिल्स से रसगुल्ला और नमकीन, राजस्थान स्वीट्स दानिश नगर से मावा और मलाई टिकिया, महाकाल किराना एण्ड जनरल स्टोर्स से नमकीन, बेसन और पापड़, बालाजी प्रसाद एंड स्वीटस से बेसन लड्डू, नमकीन, कानपुर स्वीटस अवधपुरी से बेसन लाडू और नमकीन, बीकानेर स्वीटस अवधपुरी से मिल्क केक, पेड़ा और नमकीन, खुशबू डेयरी बैरागढ़ से क्रीम, पनीर और मिल्क, चंचल स्वीटस से बादाम बर्फी, पेड़ा और नमकीन, चाहत स्वीटस से सलोनी, बेसन और पपड़ी, कृष्णा स्वीटस एंड बेकरी कटारा हिल्स से मावा, राजस्थान मिष्ठान भंडार बागमुगालिया से पेड़ा और नमकीन, राजस्थान मिष्ठान भंडार होशंगाबाद रोड से मावा और नमकीन के सैंपल लिए गए। सभी सैंपल को जांच के लिए लेबोरेटरी भेजा गया है। दुकानदारों को साफ-सफाई का भी ध्यान रखने की हिदायत दी गई है।

## खबर संक्षेप

### होली के रंग जरूरतमंद बुजुर्गों के संग

**भोपाल।** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल की ओर से 14 मार्च होली पर शाहजहांनाबाद स्थित आसरा वृद्धाश्रम में होली मनाई जाएगी। होली के रंग, बुजुर्गों के संग कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि बुजुर्गों के साथ समय व्यतीत कर होली मनाएंगे। उनको गुलाल लगाकर आशीर्वाद लेंगे। साथ में भोजन करेंगे।

### रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस 20 को

**भोपाल।** अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध छतरियां महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस 20 मार्च को उनकी शहीद स्थली बालपुर डिंडोरी में समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, मंत्री धर्मेंद्र लोधी समाज के सभी विधायक एवं पदाधिकारी को विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इस संबंध में बुधवार को समाज की बैठक का आयोजन किया। इस मौके पर पटेल ने कहा कि जब तक कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी माफी नहीं मांगेंगे लोधी समाज का उनके खिलाफ प्रदर्शन प्रदेश भर में जारी रहेगा।

### प्रो. कमल दीक्षित को पुण्यतिथि पर याद किया

**भोपाल।** एमसीयू भोपाल के पत्रकारिता विभाग के भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, कर्मवीर विद्यापीठ खंडवा के संस्थापक प्राचार्य, मूल्यानुगत मीडिया अभिक्रम समिति के संस्थापक, ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परिवार के सम्मानित सदस्य, आदर्श संपादक, मीडिया गुरु, आध्यात्मिक संचारक कैलाशवासी प्रो. कमल दीक्षित की चतुर्थ पुण्यतिथि पर पत्रकारिता विभाग परिवार द्वारा पुण्य स्मरण किया गया। पत्रकारिता विभाग के एचओडी डॉ संजीव गुप्ता, विभागीय सहयोगियों, पूर्व विद्यार्थियों ने माल्यार्पण पश्चात, पुष्पांजलि अर्पित की।

### आबकारी टीम ने छापा मारा, प्रकरण दर्ज किए

**भोपाल।** होली से पहले आबकारी विभाग की टीम ने होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों की तलाश शुरू कर दी है। टीम ने बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों में दबिश दी तो एक दर्जन से अधिक प्रतिष्ठानों में शराब परोसी जा रही थी। आबकारी कंट्रोलर एचएस गोयल ने बताया कि बुधवार देर रात टीम सहित अयोध्या नगर बायपास, रायसेन रोड क्षेत्र के रौनक ढाबा, राज दरबार, क्लाउड 11, पीबीआर कैफे,आचमन, खुशी सहित अन्य होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों पर दबिश दी। जहां लोगों को शराब परोसी जा रही थी। संचालकों के खिलाफ कुल 29 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

## कायस्थम का होली मिलन रंग बरसे कार्यक्रम 15 मार्च को

**भोपाल।** कायस्थ समाज की अग्रणी संस्था कायस्थम भोपाल, मध्य प्रदेश द्वारा शनिवार 15 मार्च को शाम 4 बजे से होली मिलन कार्यक्रम रंग बरसे आयोजित किया जाएगा। इस दौरान संस्था कायस्थम के सदस्य और अन्य चित्रांश बंधु एक-दूसरे को गुलाल लगाकर फूलों से होली खेलेंगे तथा एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं देंगे। कायस्थम के महासचिव अभय श्रीवास्तव ने बताया कि भोपाल हाट बाजार के पीछे 9 मसाला के उद्यान में शाम 4:00 बजे से 7:00 तक होली मिलन "रंग बरसे" का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# 47 स्थानों पर 1768 क्विंटल गोकाष्ठ की बिक्री, जन जागरुकता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

गोकाष्ठ संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति की ओर से राजधानी में बुधवार से 47 स्थानों पर गोकाष्ठ विक्रय काउंटर लगाकर बिक्री शुरू की गई। गोकाष्ठ समिति के समन्वयक मम्तेश शर्मा ने इन केंद्रों से 10 रु प्रतिकिलो की दर से गोकाष्ठ 25 एवं 30 किलो के कपड़े के बैग में उपलब्ध कराई गई। इन सेंटरों पर दिनभर में करीब 1768 क्विंटल गोकाष्ठ की बिक्री हुई।



### इन सेंटरों पर आज भी बिक्री की जाएगी

कालिका मंदिर भदभदा रोड, श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर, भोजपुर क्लब, नर्मदा इंडस्ट्रीज गोविंदपुरा, माता मंदिर प्लेटिनम प्लाजा के सामने, शुभम नर्सरी बावड़िया कला गुजराती कॉलोनी, राम मंदिर हमीदिया रोड, मानस भवन श्यामला हिल्स, मिलन स्वीट्स बरखेड़ा, शुभम नर्सरी -21मॉल के सामने, मानस उद्यान गुफा मंदिर, गिरधर स्टोर गोमती कॉलोनी नेहरू नगर, खंडेलवाल इंटरप्राइजेज करोंद चौराहा, मंदाकिनी ग्राउंड कोलार, शिव मंदिर मेहता मार्केट सुभाष नगर, रेलवे स्टेशन मंडीदीप, बस स्टैंड बैरसिया, साकेत नगर गुरुद्वारा ,महात्मा गांधी चौराहा भेल, पंजाबी बाग गुरुद्वारा रायसेन रोड, पिपलानी पेट्रोल पंप, अशोका गार्डन 80 फिट रोड, मंगलवारा थाने के पास, ग्राउंड मिनाल रेसीडेंसी जेके रोड, शुभम नर्सरी पटेल नगर, दीप इलेक्ट्रिकल गौतम नगर, फायर ब्रिगेड आफिस के पास बैरागढ़, नगर निगम आफिस के पास गांधी नगर, एन एम मार्बल क्लास रूम के सामने लाल घाटी, 10 नंबर मार्केट, गोविंदपुरा थाने के सामने सहित अन्य जगहों से लोग गोकाष्ठ खरीद सकेंगे।

### सहकारिता विभाग के अनुकंपा नियुक्ति आदेशों का किया गया वितरण

ई-पैक्स प्रशिक्षण सह संवेदीकरण कार्यक्रम पर कार्यशाला आयोजित

## सहकारिता के जरिए ही समृद्धि हो सकती है स्थापित : मंत्री सारंग

विशेष प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि सहकारिता का संकल्प नए आयाम स्थापित करेगा। सहकारिता के माध्यम से ही समृद्धि स्थापित होगी। जरूरत है मेहनत, लगन और पारदर्शिता की। उन्होंने कहा कि नवाचार से किए गए कार्य के जरिउ व्यक्ति नई ऊंचाईयों को पा सकता है। मंत्री सारंग बुधवार को अपेक्स बैंक परिसर स्थित समन्वय भवन में अपेक्स बैंक एवं नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में पैक्स कम्प्यूटराईजेशन योजनांतर्गत ई-पैक्स प्रशिक्षण सह संवेदीकरण कार्यक्रम पर राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने सहकारिता विभाग में अनुकम्पा नियुक्ति पाने वालों को नियुक्ति आदेश भी प्रदान किए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णबाल भी उपस्थित थे।




### दृढ़ता के साथ काम करने की भावना स्थापित करें

मंत्री सारंग ने कहा कि सहकारिता में ब्रांडिंग और दृढ़ता के साथ काम करने की भावना स्थापित हो। नित नए नवाचार के जरिए अपनी पहचान बनाएं। उन्होंने कहा पूरी दुनिया में उदाहरण है जिन्होंने काम किया लोग उन्हें ही याद रखते है। इसलिए स्वयं अपने व्यक्तित्व निर्माण के साथ उत्कृष्ट कार्य करें। सारंग ने कहा की सीखने की कोई उम्र नहीं होती। सीखने की चाहत सफल बनाती है। सहकारिता के माध्यम से ही अर्थ-व्यवस्था का उन्नयन किया जा सकता है। उन्होंने खुशी जाहिर की कि पैक्स कम्प्यूटराइजेशन में मध्यप्रदेश प्रथम स्थान पर रहा है।

#### सीपीपीपी मॉडल की सराहना

मंत्री सारंग ने बताया कि मध्यप्रदेश का नया सीपीपीपी (को-ऑपरेटिव पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप) मॉडल की ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में सराहना हुई। यही नहीं राज्य सरकार ने सहकारिता के क्षेत्र में 2500 करोड़ के एमओयू भी किए। उन्होंने सहकारिता विभाग में अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त करने वालों को भी जिम्मेदारी के साथ दिए गए काम को सम्पादित करने को कहा। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि पारदर्शिता, निपुणता और व्यावसायिकता के साथ काम करें। इस मौके पर उन्होंने एक मार्गदर्शिका का विमोचन भी किया। अपेक्स बैंक प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया।

### वैगनों वेल्डिंग का काम करने वाली बेटी का दिल्ली में सम्मान

**भोपाल।** भोपाल मंडल की इटारसी स्थित वैगन रिपेयर वर्कशॉप में पदस्थ तकनीशियन-कल्पना चौरे ने अपने कठिन परिश्रम, समर्पण और साहसिक कार्यशैली से राष्ट्रीय स्तर पर भोपाल मंडल का नाम रोशन किया है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रेलवे महिला कल्याण केंद्रीय संगठन द्वारा नई दिल्ली के नेशनल रेल म्यूजियम ऑडिटोरियम में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में कल्पना चौरे को रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं सीईओ सतीश कुमार ने सम्मानित किया। इस समारोह में पूरे देश से चुनी गईं सिर्फ 33 महिला रेल कर्मचारियों को सम्मानित किया गया था, जिनमें पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मंडलों भोपाल, कोटा और जबलपुर चुनी गईं इकलौती महिला कर्मचारी चौरे हैं। कल्पना चौरे एक प्रतिभाशाली और अत्यंत कर्मठ महिला हैं, जो विगत 5 सालों से गुड्स ट्रेनों के वैगनों की वेल्डिंग का चुनौतीपूर्ण कार्य पूरी दक्षता और आत्मविश्वास के साथ स्वतंत्र रूप से करती आ रही हैं। वैगन रिपेयर वर्कशॉप जैसे तकनीकी क्षेत्र में, जो कठिन शारीरिक श्रम और तकनीकी सूझबूझ के साथ काम करना होता है।

- देश की टॉप 33 महिला रेलकर्मियों में कल्पना चौरे भी शामिल

## शिवराज के बड़े पुत्र कार्तिकेय के रिसेप्शन में पहुंचे दिग्गज







**भोपाल।** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बड़े बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान की शादी का बुधवार को जंबूरी मैदान पर रिसेप्शन कार्यक्रम हुआ। समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत, सुरेश सोनी, भैयाजी जोशी, विमल गुप्ता, डॉ. अशोक पाण्डेय, भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पहुंचकर नवदंपती को आशीर्वाद दिया।

### आनंद धाम में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**भोपाल।** बुधवार को आनंद धाम में पं. खुशी लाल शर्मा आयुर्वेद संस्थान के डीन डॉ. उमेश शुक्ला, मेडिसिन विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. राजेश मेश्राम और आयुर्वेद डॉक्टरों ने स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर में 63 का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया गया।

## रमजान में नहीं जलता था दिन में चूल्हा, पहले रोजे की खुशी 61 साल बाद भी बरकरार

### सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक जनसम्पर्क ने साझा की यादें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल



दस साल की उम्र जब पहला रोजा रखने की ख्वाहिश बताई तो परिवार के लोगों ने थोड़ी ना नुकर के बाद सहमति दे दी। फिर क्या था में पहला रोजा 61 साल पहले शुरू हुआ था। हमारा घर पुराने शहर में जामुन वाली मस्जिद के पास था। घर का माहौल कुछ ऐसा था कि रमजान के दौरान दिन में चूल्हा नहीं जलता था, क्योंकि घर के सभी सदस्य रोजा रखते थे। यह यादें सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक जनसम्पर्क सैयद ताहिर अली ने हरिभूमि से शेयर कीं। उन्होंने बताया कि मुझे आज भी याद है कि मेरी रोजाकुशाई धूमधाम से हुई थी। घरवालों ने मुझे किसी दूल्हे की तरह सजाया था।

दिनभर मैं खुद जा-जाकर मोहल्ले के लोगों को बताता रहा कि आज मेरा पहला रोजा है। शाम को जब अफ्तार का वक्त आया, तो करीबी रिश्तेदारों और शहर के कई बड़े लोगों की मौजूदगी में एक खास आयोजन हुआ। अफ्तारी के बाद लजीज खाने की दावत थी, तोहफे थे, और सबसे बढ़कर, बड़ों की दुआएं थीं। वह एक ऐसा दिन था जो मेरी जिन्दगी में हमेशा के लिए अमिट छाप छोड़ गया। अली अब 70 साल के हो गए हैं, लेकिन रोजों को वह सब्र, एहसास और इबादत की खुशी मानते हैं। जिÞन्दगी अपनी रफ्तार से चलती रही, लेकिन रोजों का यह सिलसिला कभी नहीं टूटा। सरकारी नौकरी में आने के बाद भी रमजान की पाबंदियां कभी हल्की नहीं पड़ीं। जनसंपर्क विभाग की नौकरी में कई बार मीटिंग्स और व्यस्त कार्यक्रमों में शामिल होना पड़ता था, लेकिन मेरी खुशकिस्मती रही कि मेरे सहकर्मियों ने हमेशा मेरी आस्था का सम्मान किया। वर्तमान में उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भी मेरे रोजों का पूरा खयाल रखते हैं।

कई बार ऐसा हुआ कि अफ़्तार का वक्त आ जाता, तो वे खुद कहते, अब आपको जाना चाहिए, इफ्तार का वक्त हो गया है।

### निगम ने जगह को संवारकर उसे बैडमिंटन खेलने लायक बना दिया

## बैकलेन का कचरा हटाकर खेला बैडमिंटन, महापौर-पार्षदों ने लिया लुत्फ

- स्वच्छता को लेकर नगर निगम की पहल
- दो मकानों की बीच की जगह को बनाया सुंदर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल।

स्वच्छ सर्वेक्षण को देखते हुए नगर निगम ने दो मकानों के बीच की जगहों को सुंदर बनाने का काम शुरु कर दिया है। जिसके तहत वार्ड-51 के श्वेता कॉम्पलेक्स के बैकलेन में गंदगी पड़ी रहती थी। इस कारण पैदल निकलना भी मुश्किल था, लेकिन निगम ने इस जगह को संवारकर उसे बैडमिंटन खेलने लायक बना दिया। बुधवार को महापौर मालती राय समेत पार्षदों ने यहां पर बैडमिंटन खेला और जमकर मस्ती की।

वहीं, छोटे बच्चों ने कुर्सी दौड़ में भाग लेकर उत्साह और उमंग से मौज-मस्ती की। महापौर ने कुर्सी दौड़ और बैडमिंटन प्रतियोगिता में पुरस्कार भी बांटे। महापौर ने कहा कि शहर में बैकलेन की जगहों को नगर निगम साफ कर उन्हें सुंदर बना रहा है। जहां पर पहले लोग जाने से भी हिचकिचाते थे। वहीं पर अब रहवासी बैठकर आनंद ले रहे हैं। नगर निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण का कहना है कि स्वच्छता सर्वेक्षण को देखते हुए नगर निगम के साथ स्वच्छता एंबेसडर भी बढ़-चढ़कर काम कर रहे हैं।

### वार्ड-46 में भी पहुंची महापौर

शहर के वार्ड-46 रविशंकर नगर में भी बैकलेन की साफ-सफाई कर सौंदर्यीकरण का महापौर ने अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से बैकलेनों को और बेहतर बनाने के लिए चर्चा भी की। निगम की टीम ने सिंधी कॉलोनी में भी बैकलेन को सुंदर खेल मैदान के रूप में विकसित कर दिया है।

# 150 करोड़ का एक मैच, कंगाल पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी से नहीं हुई तनिक कमाई

एजेंसी ▶▶| दुबई

पाकिस्ता ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रावलपिंडी स्टेडियम के नवीकरण पर 150 करोड़ रुपए खर्च किए पर थे, परंतु वहां एक ही मैच हुआ और दो धुल गए। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट की 8 साल बाद वापसी करवाई, जिसकी मेजबानी पाकिस्तान को सौंपी गई थी।

पाकिस्तान 29 साल के बाद किसी आईसीसी इवेंट की मेजबानी कर रहा था, ऐसे में दावे किए गए कि मैदानों के नवीकरण के लिए 8 बिलियन पाकिस्तानी रुपयों का प्रोजेक्ट पास किया गया था। यह रकम भारतीय रुपयों में करीब 561 करोड़ रुपए के बराबर है। खैर टीम इंडिया खिताब जीत चुकी है, अब सभी खर्चों का आंकलन करके जो आंकड़े बाहर आए हैं, वे पाकिस्तान के लिए जरा भी अच्छे प्रतीत नहीं हो रहे हैं।

### पाकिस्तान को जबरदस्त घाटा

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आयोजन के लिए रावलपिंडी, कराची और लाहौर के मैदानों का नवीकरण किया गया था। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स अनुसार केवल रावलपिंडी के मैदान की बात करें तो इसे नया बनाने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 1,50 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। फ्लडलाइट्स को एलईडी लाइट्स में बदलने के लिए 393 मिलियन रुपए रुपये खर्च किए जाने थे। इसके अलावा हॉस्पिटेलिटी बॉक्स, टॉयलेट और मुख्य भवन के निर्माण हेतु 400 मिलियन की रकम आवंटित की गई थी। मैदान में एलईडी डिजिटल स्क्रीन को बदलने के 330 मिलियन रुपयों की राशि खर्च की जानी थी। निर्माण कार्य के दौरान मैदान में बैठने की व्यवस्था की जमकर आलोचना हुई थी। बता दें कि नई सीटों को लगाने के लिए 272 मिलियन रुपए एलॉट किए गए थे।



### तीनों स्टेडियम में हुई ओपनिंग सेरेमनी

आपको बताते चलें कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने तीनों स्टेडियम में अलग-अलग ओपनिंग सेरेमनी करवाई थी। नामी सिंगर से लेकर डांसर्स ने उद्घाटन समारोह में चार चांद लगाए थे। मगर उद्घाटन समारोह में कितना खर्चा हुआ, उसे लेकर कहीं भी स्पष्ट आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। पाकिस्तान में हुए मैचों की बात करें तो मैदान अधिकांश मौकों पर खाली दिखाई दे रहे थे, ऐसे में टिकटों की बिक्री से भी पीसीबी को हुए खर्चे की भरपाई शायद ही हो पाई होगी। हालांकि ब्रॉडकास्टिंग डील से बोर्ड ने जरूर मोटी कमाई की होगी। मगर शायद ही पीसीबी को उतने पैसे मिले होंगे, जिससे खर्च किए पैसों की बरपाई हो पाए।

### एक मैच पर खर्च 150 करोड़

रावलपिंडी स्टेडियम के नवीकरण पर 150 करोड़ रुपए तो खर्च हुए, लेकिन इस मैदान पर केवल एक ही मैच संपन्न हो पाया। ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश मैच बारिश की भेंट चढ़ गए थे। ऐसे में रावलपिंडी मैदान में सिर्फ बांग्लादेश और न्यूजीलैंड का मैच संपन्न हो पाया। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि क्या केवल एक मैच से पीसीबी 150 करोड़ की भरपाई कर पाया होगा।

### डब्ल्यूटीसी फाइनल : भारत के बिना लॉर्ड्स को होगा 45 करोड़ का नुकसान

**लंदन।** भारत के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई न कर पाने से लॉर्ड्स को जून में इस पांच दिवसीय मैच की मेजबानी करते समय लगभग चार मिलियन पाउंड (लगभग 45 करोड़ रुपए) का नुकसान होने की आशंका है। पिछले दो सत्र में उपविजेता रहने के बाद भारत फाइनल में जगह बनाने से चूक गया। खिताबी मुकाबले में अब ऑस्ट्रेलिया का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'भारत के क्वालीफाई करने में विफल रहने के कारण आगामी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए लॉर्ड्स को लगभग चार मिलियन पाउंड कम राजस्व प्राप्त होगा।'




## खबर संक्षेप



### सलमान 'इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग' के ब्रांड दूत बने

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को इस साल अक्टूबर में होने वाले इंडियन सुपरक्रॉस रेसिंग लीग' के दूसरे सत्र के लिए बुधवार को आधिकारिक ब्रांड दूत नियुक्त किया गया। पिछले साल अपने शुरुआती सत्र में भारत में मोटरस्पोर्ट्स के परिदृश्य को बदलने का दावा करने वाली इस लीग ने कहा कि इस बॉलीवुड सुपरस्टार की बड़ी छवि और व्यापक लोकप्रियता लीग के लिए बड़े पैमाने पर बदलाव लाएगी। यह साझेदारी आईएसआरएल जैसे मुख्यधारा के मनोरंजक खेल को नए युग में ले जाएगी।
सलमान ने लीग से जुड़ने पर कहा, 'मैं उस चीज का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं जिसे लेकर मैं बहुत भावुक रहता हूं। आईएसआरएल दीर्घकालिक योजना के साथ वास्तव में क्रांतिकारी पहल है। इस लीग में मनोरंजन का बहुत महत्व है और यह जुनून और कौशल के साथ ऐसे नायकों को बनाने की क्षमता रखता है जो अगली पीढ़ी को प्रेरित करेंगे। हम 'सुपरक्रॉस' को भारत में एक घरेलू नाम बनाने और अपने राइडर्स को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं।'

### बीएफआई ने अनुराग का नाम हटाया




**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने 28 मार्च को होने वाले चुनाव के निर्वाचक मंडल में शामिल करने के लिए अनुराग ठाकुर के नामांकन को बुधवार को खारिज कर दिया और कहा कि पूर्व खेल मंत्री हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के पात्र नहीं हैं। हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ ने चुनाव के लिए ठाकुर और उपाध्यक्ष राजेश भंडारी के नाम भेजे थे। बीएफआई ने 60 सदस्यीय निर्वाचक मंडल की सूची जारी की जिसे जांच के बाद अंतिम रूप दिया गया।

### रोहन-रुतविका का ऑल इंग्लैंड में जीत से आगाज




**बर्मिंघम।** भारत के रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाडे की जोड़ी ने बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में तीन गेम में जीत दर्ज करके ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप की मिश्रित युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में जगह बनाई। रोहन और रुतविका की दुनिया की 40वें नंबर की जोड़ी ने यी होंग वेइ और निकोल गोंजालेस चैन की चीनी ताइपे की जोड़ी को यहां एरेना बर्मिंघम में पहले दौर के मुकाबले में 21-10 17-21 24-22 से हराया। लक्ष्य सेन और मालविका बंसोड़ पहले की क्रमशः पुरुष और महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश कर चुके हैं।

## कोहली एक पायदान नीचे खिसककर पांचवें स्थान पर फिसले

# रोहित वनडे रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर तीन शुभमन गिल की बादशाहत कायम

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो पायदान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में बल्लेबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में 83 गेंदों पर 76 रन की पारी खेल टीम को चार विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

आठ टीमों के आईसीसी टूर्नामेंट में 218 रन बनाने वाले स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली एक पायदान नीचे खिसककर पांचवें स्थान पर आ गए, जबकि श्रेयस अय्यर आठवें स्थान पर है। रैंकिंग में शीर्ष 10 में चार भारतीय शामिल हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल (एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर), रचिन रवींद्र (14 स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर) और ग्लेन फिलिप्स (छह स्थान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर) की तिकड़ी भी रैंकिंग में बड़ा सुधार करने में सफल रही।



### उमरजई शीर्ष आलराउंडर

अफगानिस्तान के स्टार अजमतुल्लाह उमरजई ने एकदिवसीय हरफनमौला खिलाड़ियों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर अपनी बढ़त बनाए रखी है। उन्हें हालांकि न्यूजीलैंड के तीन खिलाड़ियों से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। सेंटनर एक पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए जबकि माइकल ब्रेसवेल सात पायदान के फायदे से सातवें स्थान पर हैं। रचिन रवींद्र आठ पायदान चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए।

### शुभमन बने आईसीसी के प्लेयर ऑफ द मंथ

दुबई। भारत के स्टार सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को फरवरी महीने के लिए आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला के मैचों में बल्ले से यादगार प्रदर्शन करने वाले गिल ने ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स को पछाड़ते हुए बुधवार को यह पुरस्कार जीता। गिल ने फरवरी में पांच वनडे मैचों में 101.50 की औसत और 94.19 के स्ट्राइक रेट से 406 रन बनाए। गिल के लिए यह तीसरा आईसीसी महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान है। उन्होंने इससे पहले 2023 में दो बार (जनवरी और सितंबर) में इसे जीता था।

### गेंदबाजों में सेंटनर नंबर-2

न्यूजीलैंड के कप्तान और बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनर ने वनडे गेंदबाजों की सूची में बड़ा सुधार किया है। फाइनल में दो विकेट के साथ चैंपियंस ट्रॉफी में कुल नौ विकेट लेने वाले सेंटनर छह स्थान के सुधार के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गए। इस सूची में श्रीलंका के ऑफ स्पिनर महीश तीक्षणा शीर्ष पर हैं।

### कुलदीप और जडेजा को फायदा

कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा की स्पिन जोड़ी चैंपियंस ट्रॉफी में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद तीन-तीन पायदान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10 में पहुंच गई। बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप (तीसरे स्थान पर) ने टूर्नामेंट में 7 विकेट चटकाकर अपने प्रदर्शन में बड़ा सुधार किया है। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के अजेय प्रदर्शन के दौरान पांच विकेट चटकाने वाले बाएं हाथ के स्पिनर जडेजा तीन पायदान ऊपर चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## भारतीय कुश्ती महासंघ

# एशियाई कुश्ती के लिए 15 मार्च को ट्रायल्स



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ ने राष्ट्रीय खेल महासंघ के रूप में अपनी स्थिति बहाल होने के बाद बुधवार को घोषणा की कि आगामी एशियाई चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल 15 मार्च को दिल्ली के इंदिरा गांधी खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा। यह डब्लूएफआई के नए प्रशासन की देखरेख में पहला चयन ट्रायल होगा। डब्लूएफआई के नए पदाधिकारियों को चुनने के लिए 21 दिसंबर 2023 को चुनाव होने के तीन दिन बाद इसे निलंबित कर दिया गया था। एशियाई चैंपियनशिप 25 से 30 मार्च के बीच जॉर्डन के अम्मान में आयोजित की जाएगी।

### पीएसए प्रतियोगिता की भारत में वापसी



**मुंबई।** रमित टंडन और अनाहत सिंह जैसे भारत के शीर्ष स्क्वाश खिलाड़ी 24 से 28 मार्च तक यहां होने वाली पीएसए प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इंडिया ओपन की कुल इनामी राशि 40 हजार डॉलर है और इसका आयोजन बॉम्बे जिमखाना के इंडोर कोर्ट में होगा। प्रतियोगिता में मिस्र, कनाडा, मलेशिया और जापान जैसे देशों के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। टंडन और अनाहत के अलावा वेलावन सेंथिलकुमार, वीर चोटरानी और आकांक्षा सालुंखे जैसे शीर्ष भारतीय खिलाड़ी भी टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा पेश करेंगे। टाइटिल प्रायोजक जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने कहा कि इस प्रतियोगिता के साथ देश में 2018 के बाद शीर्ष स्क्वाश टूर्नामेंट की वापसी होगी।

## चैंपियंस लीग

# पीएसजी, बार्सिलोना, म्यूनिख और इंटर ने दर्ज की बड़ी जीत



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

जियानलुइगी डोनारुम्मा के शानदार प्रदर्शन की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन ने लिवरपूल को पेनल्टी शूटआउट में हराकर बार्सिलोना, बायर्न म्यूनिख और इंटर मिलान के साथ चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

पीएसजी ने दूसरे चरण के मैच में लिवरपूल को 1-0 से हराकर कुल स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। पीएसजी की तरफ से यह महत्वपूर्ण गोल ओस्मान डेम्बेले ने 12वें मिनट में किया। पेनल्टी शूटआउट में डोनारुम्मा ने डार्विन नुनेज़ और कर्टिस जोन्स के पेनल्टी शॉट्स को रोककर अपनी टीम को 4-1 से जीत दिला दी। पीएसजी का अगला मुकाबला एस्टन विला या क्लब ब्रुगे से होगा। बार्सिलोना ने अपने घरेलू मैदान पर रफिन्हा के दो और लैमिन यमल के एक गोल की मदद से बेनफिका को 3-1 हराया। बार्सिलोना ने इस तरह से 4-1 के कुल स्कोर से जीत हासिल की। वह क्वार्टर फाइनल में बोरूसिया डॉर्टमुंड या लिली से खेलेगा।

### फिगो, पुयोल और मोरिएंटेस मुंबई में 'लीजेंड्स फेसऑफ़' में भाग लेंगे

**मुंबई।** लुई फिगो, कार्ल्स पुयोल, फर्नांडो मोरिएंटेस और रिकार्डो क्वारेस्मा सहित रियल मैड्रिड और एफसी बार्सिलोना के दिग्गज फुटबॉलर छह अप्रैल को यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में होने वाले 'लीजेंड्स फेसऑफ' मैच में भाग लेंगे। यह पहला अवसर होगा जबकि भारत रियल मैड्रिड लीजेंड्स और बार्सिलोना लीजेंड्स के बीच होने वाले फुटबॉल मैच की मेजबानी करेगा। बैलन डीओर विजेता (2000) और पुर्तगाली फुटबॉल इतिहास के महान खिलाड़ियों में से एक फिगो ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'भारत, मैं जानता हूं कि आप फुटबॉल से प्यार करते हैं और मैं मुंबई में खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। आओ इस मैच को अविस्मरणीय बनाएं।' फिगो एफसी बार्सिलोना और रियल मैड्रिड दोनों की तरफ से खेले हैं।

### कम भागीदारी के कारण नहीं दिख रहा उत्साह



**नई दिल्ली।** विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में बुधवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में लगातार दूसरे दिन भी खराब भागीदारी देखी गई जिसमें कुछ स्पर्धाओं में पर्याप्त प्रतिभागी भी नहीं दिखे। भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल, चक्का फेंक खिलाड़ी योगेश कथुनिया और ऊंची कूद खिलाड़ी प्रवीण कुमार सहित कई प्रमुख भारतीय पैरा खिलाड़ियों के नाम वापस लेने से पहले ही प्रतियोगिता प्रभावित हुई थी। दूसरे दिन कई कम प्रसिद्ध भारतीय पैरा एथलीटों ने भी नाम वापस ले लिया जिससे आयोजकों को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा।

**भारती और समीर ने जीते एक-एक स्वर्ण पदक**

# स्नो बोर्डर्स ने भारत का खाता खोला, जीते दो स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने दो स्वर्ण और इतने ही रजत पदक सहित कुल चार पदक जीत कर इटली के तूरिन में खेले जा रहे स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। भारतीय खिलाड़ी मंगलवार को बर्डोनेचिया में आयोजित दिन की एकमात्र पदक प्रतियोगिता स्नोबोर्डिंग में पोडियम पर पहुंचने में सफल रहे।

भारती और समीर ने जहां एक-एक स्वर्ण पदक जीता, वहीं हेम चंद और हर्षिता ठाकुर ने नोविस जाइंट स्लैलम फाइनल के अपने-अपने डिवीजन में रजत पदक जीते। इन खेलों में भारत का 49 सदस्यीय दल भाग ले रहा है जिसमें 30 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के 19 सदस्य शामिल हैं। इन खेलों के आयोजन का उद्देश्य खेल जगत में समावेशिता और प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देना है। इन खेलों में 102 देश के लगभग 1500 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जो आठ खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे।



## 2027 तक भारतीय टीम का नेतृत्व करना जारी रखने की संभावना

# संन्यास नहीं, वर्ल्ड कप पर होगी रोहित की नजर: पोंटिंग

एजेंसी ▶▶| दुबई

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग का मानना है कि रोहित शर्मा अब भी दमदार खिलाड़ी हैं तथा वह 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले वनडे विश्व कप तक भारतीय टीम का नेतृत्व करना जारी रख सकते हैं।

रोहित की कप्तानी में भारत ने वनडे विश्व कप को छोड़कर आईसीसी के बाकी टूर्नामेंट जीते हैं। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम 2023 में घरेलू धरती पर खेले गए वनडे विश्व कप को जीतने के करीब पहुंची थी लेकिन फाइनल में उसे आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा कि रोहित अपने भविष्य के लक्ष्यों को लेकर काफी हद तक स्पष्ट हैं।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा, 'जब आप अपने करियर के इस पड़ाव के करीब पहुंचते हैं तो हर कोई आपके संन्यास लेने का इंतजार कर रहा होता है। मैं नहीं जानता कि ऐसा क्यों होता है। वह भी तब जबकि आप अच्छा खेल रहे हो जैसा कि उन्होंने अच्छी पारी खेली थी। मुझे लगता है कि वह उन सवालों को हमेशा के लिए खत्म करने की कोशिश कर रहे थे और कह रहे थे, नहीं, मैं अब भी काफी अच्छा खेल रहा हूं। मुझे इस टीम में खेलना पसंद है। मुझे इस टीम का नेतृत्व करना पसंद है। मेरे लिए इसका मतलब यह है कि उनके मन में 2027 में होने वाले अगले वनडे विश्व कप में खेलना लक्ष्य होना चाहिए।'




### अफवाह पर लगाई थी रोक

*रोहित ने चैंपियंस ट्रॉफी जीत के बाद संवाददाता सम्मेलन में संन्यास लेने की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया था। रोहित ने कहा था, 'एक और बात, मैं इस प्रारूप से संन्यास नहीं लेने जा रहा हूं, बस यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि कोई और अफवाह न फैले।' पोंटिंग ने कहा कि रोहित के दिमाग में अपने करियर को जारी रखने के पीछे वनडे विश्व कप जीतने की चाहत हो सकती है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि उनके दिमाग में यह बात होगी कि भारत उनकी कप्तानी में पिछले वनडे विश्व कप के फाइनल में हार गया था। वह वनडे विश्व कप जीतने के लिए एक और कोशिश करना चाहते होंगे। जिस तरह से उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में शानदार पारी खेली उससे आप यह नहीं कह सकते हैं कि वह चुक गए हैं।'*



# 'मेट्रो इन दिनों' 4 जुलाई को होगी रिलीज

**मुंबई।** बर्फी और लूडो जैसी फिल्में बनाने वाले अनुराग बसु ऐसे निर्देशक हैं जिनकी फिल्मों का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं। दर्शक पिछले कुछ वक्त से अनुराग बसु की आगामी फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। पहले फिल्म को 29 नवंबर 2024 को ही रिलीज होना था, लेकिन फिल्म अब तक सिनेमाघरों में नहीं दिखी। फिल्म की स्टार कास्ट की एक संयुक्त फोटो साझा करते हुए लिखा, 'जब प्यार, किस्मत और शहरी जीवन आपस में टकराते हैं तो जादू होना तय है। 'मेट्रो इन दिनों' आपके पसंदीदा शहरों से दिल की कहानियां लेकर आ रही है। इसे अपने नजदीकी सिनेमाघरों में 4 जुलाई से देखें।'

लाइफ Style

# नोरा

## महल में टहलते हुए दिखाई अदाएं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नोरा फतेही अपने डांस नंबर्स के लिए जानी जाती हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। सोशल मीडिया के जरिए वह अपनी लाइफ से जुड़ी अपडेट अपने फैंस को देती हैं। हाल ही में नोरा फतेही ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम परअपनी खूबसूरत वीडियो शेयर की है।

वीडियो काफी वायरल हो रहा है। वीडियो को फैंस खूब लाइक कर रहे हैं और इस पर कमेंट भी कर रहे हैं। नोरा ने अपनी प्रोफाइल से जो वीडियो शेयर किया है उसमें वह मरून गाउन पहने नजर आ रही हैं। खास बात यह है कि गाउ ऑफ शोल्डर है। गाउन पहन कर नोरा फतेही एक महल में टहल रही हैं। गाउन में अपने जलवे दिखा रही हैं और अलग-अलग पोज दे रही हैं। वीडियो में नोरा काफी खूबसूरत लग रही हैं। नोरा फतेही की वीडियो पर कई यूजर बेहतरीन कमेंट कर रहे हैं। ज्यादातर यूजर कमेंट बॉक्स में दिल और फायर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'आय हाय ये अदा'। एक और यूजर ने लिखा है 'नोरा का औरा है।' एक दूसरे यूजर ने कमेंट किया है 'ओ माई गॉड ये तो परी लग रही है।' हाल ही में एक इंटरव्यू में नोरा फतेही ने बताया कि फिल्मों में हिट सॉन्ग करने का फायदा उनको नहीं हुआ। उन्होंने बताया हिट सॉन्ग 'दिलबर' जब रिलीज हुआ तो उन्होंने पाया कि इससे फिल्म का कलेक्शन बढ़ा, सोशल मीडिया के जरिए भी मेकर्स को पैसे मिले। लेकिन इन चीजों से उनको फाइनेंशियली कोई फायदा नहीं हुआ। नोरा ने जो पैसे कमाए वह डांस शो करके, इवेंट्स करके ही कमाए।



## हॉलीवुड मसाला



# ओटीटी पर धूम मचाने को तैयार

**मुंबई।** अगर आपने सिनेमाघरों में मुफासाः द लायन किंग नहीं देखी है तो आपके लिए एक रोमांचक खबर है। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। अब आप अपने घर में आराम से मुफासा की यात्रा का अनुभव कर सकते हैं। यह फिल्म बुधवार, 26 मार्च, को रिलीज होने वाली है। 'मुफासाः द लायन किंग' जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'मुफासा की कहानी का अनुभव करने का समय आ गया है।

# मार्वल में वापसी नहीं करेंगी स्कारलेट ...



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री स्कारलेट जॉनसन चाहती हैं कि मार्वल के प्रशंसक इस फैक्ट को स्वीकार करें कि उनका सुपरहीरो किरदार 'ब्लैक विडो' मर चुका है। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में क्रॉसओवर और बदलते समय के साथ प्रशंसकों के पसंदीदा किरदार के मरकर भी दोबारा वापस आने की संभावना हमेशा बनी रहती है, लेकिन स्कारलेट जॉनसन ने कहा कि नताशा रोमानोफ के साथ ऐसा नहीं होगा। नताशा रोमनॉफ उनके 'एवेंजर्स' किरदार का असली नाम है। नताशा को 2019 की 'एवेंजर्सः एंडगेम' में मार दिया गया था और अभिनेत्री ने 2021 की प्रीक्वल फिल्म 'ब्लैक विडो' में मुख्य भूमिका निभाई, जो एमसीयू में उनकी आखिरी उपस्थिति थी। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों को सुपरहीरो को जाने देना चाहिए। नताशा मर चुकी है। वह मर चुकी है। वह मर चुकी है। ठीक है? प्रशंसक बस इस पर विश्वास नहीं करना चाहते।



# दीपिका का ये रूप 'इंटर्न' का फर्स्ट लुक...

**मुंबई।** दीपिका अपनी महत्वाकांक्षी फिल्म 'इंटर्न' की हिंदी रीमेक के बारे में चौंकाने वाली जानकारी दे सकती हैं। फिल्म 'इंटर्न' इसी नाम की हॉलीवुड फिल्म की आधिकारिक हिंदी रीमेक है। एनी हैथवे और रॉबर्ट डि नीरो अभिनीत फिल्म 'इंटर्न' की रीमेक पहले ऋषि कपूर के साथ बननी थी, फिर उनके निधन के बाद इसमें अमिताभ बच्चन की एंट्री हुई। फिल्म 'इंटर्न' की हिंदी रीमेक के लिए निर्देशक अमित रविंद्रनाथ शर्मा को साइन किया गया था। लेकिन, अब वह इसके निर्देशक नहीं हैं। डेंजिल डायस बताते हैं कि फिल्म के निर्देशक और अन्य मसलों पर कंपनी लगातार काम कर रही है और उनकी कंपनी इस फिल्म को लेकर लगातार दीपिका के संपर्क में है और इसे जल्द से जल्द शुरू करने की कोशिश में हैं।



# पुरुष भावनाएं जाहिर नहीं कर पाते...

**मुंबई।** पिछले कुछ समय से अभिषेक बच्चन अलग तरह की कहानियां और फिल्में चुन रहे हैं। जल्द ही उनकी एक फिल्म 'बी हैप्पी' ओटीटी पर रिलीज होगी। इस फिल्म को लेकर अभिषेक बच्चन काफी उत्साहित हैं। फिल्म में पिता और बेटी के रिश्तों पर बात की गई है। एक पिता अपनी बेटी के लिए क्या नहीं कर सकता है, यही फिल्म की कहानी है। अभिषेक बच्चन बताते हैं कि बच्चों की जिंदगी में पिता का क्या महत्व होता है। साथ ही वह कहते हैं, 'पुरुष आसानी से अपनी भावनाएं जाहिर नहीं कर पाते हैं, यह एक बहुत बड़ी समस्या है।'







## टीवी मसाला



# बिग बी की पसंदीदा चाट शॉप पर अर्चना पूरन सिंह बनीं माधुरी...

**नई दिल्ली।** अर्चना पूरन सिंह मुंबई में सिलेब्रिटीज की पसंदीदा चाट की दुकान पर पहुंचीं। वहां उन्होंने अपने बेटों और पति के साथ चाट खाई साथ ही दुकान पर काफी हंसी-मजाक किया। दुकानदार ने नाम पूछा तो खुद को माधुरी दीक्षित बता दिया। अर्चना पूरन सिंह कपिल के शो में दर्शकों को हंसाती रही हैं। वह यूट्यूब पर अपना व्लॉग भी बनाती हैं। रीसेंट व्लॉग में वह अपने पति और दोनों बेटों के साथ मुंबई की तीन फेमस जगहों पर चाट खाने गईं। वह सबसे पहले अमिताभ बच्चन की पसंदीदा दुकान पर पहुंचीं जहां इंडस्ट्री के कई लोगों की पसंद का पता चला। अर्चना ने मजाक में खुद को माधुरी दीक्षित बताया। दुकान के मालिक से अर्चना बात करने लगीं तो उन्होंने बताया कि इस दुकान से बच्चन फैमिली क्या खाना पसंद करती है। वह बोले, 'गोविंदा की पूरी फैमिली आती है। अमिताभ जी पार्सल मंगवाते हैं, मसाला पूरी खाते हैं वो। जया बच्चनजी सेव पूरी खाती हैं, अभिषेक रगड़ा पेटीस खाता है और ऐश्वर्या दही पूरी खाती है।' उन्होंने बताया कि अक्षय कुमार भी उनकी चाट खाते हैं। अर्चना जब जाने लगती हैं तो शॉप के ओनर ने उनका नाम पूछा। इस पर अर्चना बोलीं, 'मेरा नाम है माधुरी दीक्षित। अब आप जाकर बोलना कि माधुरी दीक्षित अपने बेटों के साथ आई थी। इस पर ओनर बोलते हैं, 'माधुरी दीक्षित को तो मैं सेवपूरी खिलाकर आया हूं।' अर्चना जब अपनी असली पहचान बताती हैं तो ओनर कपिल शर्मा का नाम लेते हैं। इस पर अर्चना कहती हैं, अगर आप कपिल शर्मा का नाम ले रहे हैं तो आपको पता है कि मैं कौन हूं।

## 'महासंगम' में एक ही छत के नीचे दिखेंगे कई सितारे

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस इस होली पर 'होली महासंगम' प्रोग्राम पेश करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। ये खास आयोजन होली को मनाने के लिए आ रहा है। 'होली महासंगम' प्रोग्राम में कई तरह के खेल होंगे। इसे स्टार प्लस पर गौरव खन्ना होस्ट कर रहे हैं। खूब मस्ती, डांस के साथ यह 'होली महासंगम' दर्शकों के लिए बहुत रोमांचकारी होने वाला है। स्टार प्लस की पूरी टीम और मंच के प्रमुख चेहरे होली के दौरान एक साथ आएंगे। प्रोग्राम में दो टीमें रहेंगी, एक 'इस इश्क का रब्ब रखा' और दूसरी 'गुम है किसी के प्यार'। ये दोनों आपस में भिड़ेंगी। इस शो का प्रोमो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। प्रोमो में देखा जा सकता है कि मेघला और तेजस्विनी हैं। दोनों ने अपने चेहरे को कवर किया है और दोनों ने हाथों में बॉक्सिंग ग्लव्स पहने हैं। सचिन को पुश अप करते हुए देख जा सकता है।



# इसलिए सबसे ज्यादा खूबसूरत औरतों में शामिल हैं ऐश्वर्या...

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय दुनिया की सबसे खूबसूरत औरतों में से एक हैं। उन्होंने साल 1994 में मिस वर्ड का खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा था। यहां भी उन्होंने खूब कामयाबी हासिल की है। हाल ही में एक चेहरा पढ़ने वाले टूल ने ऐश्वर्या राय का चेहरा पढ़ा है। इस टूल के जरिए ये पता लगाने की कोशिश की गई है कि ऐश्वर्या राय इतनी खूबसूरत क्यों हैं। क्वोव्स स्टूडियो ने अपनी एक ताजी पोस्ट में ऐश्वर्या के बारे में लिखा है। एक वायस ओवर ने ऐश्वर्या के बारे में बताया है कि ऐश्वर्या के पास 'खूबसूरत चेहरा' है, इसे बहुत अच्छी तरह से पढ़ा गया है और ये जानने की कोशिश की गई है कि वो कौन सी चीजें हैं जो ऐश्वर्या को इतना खूबसूरत बनाती हैं। स्टडी ने बताया कि ऐश्वर्या की 'धनुषाकार भौहें', 'कम हेयरलाइन', 'भरे हुए होंठ' और 'बड़ी आंखें' हैं। उसकी साइड प्रोफाइल में एक 'सीधा, और सपाट माथा है। इसे जब ध्यान में रखा जाता है, तो वह 'चेहरे की खूबसूरती' को और बढ़ा देता है। चेहरे का औरत जैसा दिखना महिलाओं की सुंदरता की 'आधारशिला' है। ऐसे में ऐश्वर्या का चेहरा सबसे ज्यादा औरत जैसा दिखने वाले चेहरों में से एक है। यही वजह है कि उन्हें इतना सुंदर माना जाता है। इस पोस्ट पर यूजर कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा है कि 'वह अभी भी बहुत खूबसूरत हैं।' एक दूसरे फैने ने कहा कि 'ये मशहूर रहेंगी।' एक-दूसरे यूजर ने लिखा कि 'ये महिला वाकई बहुत लुभावनी है।' एक और यूजर ने लिखा है कि 'वह सबसे कामयाब मिस वर्ड हैं। वह लोरियाल का चेहरा हैं और कांस की रानी हैं। उनका करियर शानदार है। ये सिर्फ उनके चेहरी की वजह से नहीं है जो उन्हें खूबसूरत बनाता है, वह काबिल हैं। वह दयालू हैं जो समाज के लिए अच्छा काम करती हैं।'



# इस स्टार के नाम है कई सारे रिकॉर्ड गिनीज बुक में भी नाम दर्ज

**नई दिल्ली।** इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में कई स्टार्स ने अपने अभिनय की शुरुआत बतौर चाइल्ड स्टार ही कर दी थी। इसमें बॉलीवुड और साउथ सिनेमा दोनों ही स्टार्स शामिल हैं, लेकिन बतौर चाइल्ड स्टार फिल्मों में कदम रखने वाले कुछ ही स्टार्स को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। अब फोटो में यह दिख रहा यह बच्चा साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक में अपनी छाप छोड़ चुका है। यह बच्चा अपने 5 दशक के फिल्मी कॅरियर में अलग-अलग भाषाओं में 200 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुका है। इस एक्टर ने साल 1960 में बतौर चाइल्ड एक्टर साउथ सिनेमा में कदम रखा था और 70 साल का हो रहा ये एक्टर आज भी फिल्मों में लीड हीरो का रोल करता है, लेकिन दो शादी रचाने के बाद भी यह एक्टर आज अकेला है।



***कौन हैं ये साउथ सुपरस्टार?*** : फोटो में दिख रहा यह बच्चा कोई आम बच्चा नहीं, बल्कि साउथ सिनेमा के सुपरस्टार कमल हासन हैं। कमल हासन ने साल 1960 में तमिल फिल्म 'कलथुर कन्नम्मा' से बतौर चाइल्ड एक्टर अपने अभिनय की शुरुआत की थी। बतौर एक्टर कमल हासन ने तमिल फिल्म पोट्टमपुच्ची (1975) की थी और फिल्म एक दूजे के लिए (1981) से बॉलीवुड डेब्यू किया था, जो कि तेलुगू फिल्म मारो चरित्रा का हिंदी रीमेक है। कमल हासन को फिल्म चाची 420 के लिए भी जाना जाता है, जोकि विदेशी फिल्म मिसेज डाउटफायर का हिंदी रीमेक है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930